डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं. आरएनआई. BIHHIN. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com
बजट 2024
ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
श्रावण कृष्ण पक्ष 03, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 24 जुलाई 2024, वर्ष-30, अंक- 276, पृष्ठ-12

**15 हजार रुपये** तक का ईपीएफओ में पंजीकृत लोगों को सीधा हस्तांतरण।

“ 2 लाख करोड़ रुपये के केंद्रीय व्यय से 5 वर्षों में 4.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार, कौशल और अन्य अवसरों की सुविधा के लिए 5 योजनाओं और पहलों पैकेज **-निर्मला सीतारमण**, वित्त मंत्री

## डिजिटल इंडिया पर जोर, रोजगार सृजन और किसानों पर विशेष फोकस




**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लोकसभा में मोदी सरकार 3.0 का पहला केंद्रीय बजट 2024-25 लोकसभा में पेश किया। सफेद साड़ी पहने खास लूक में निर्मला सीतारमण ने लगातार 7 वीं बार बजट पेश करने का रिकॉर्ड भी बनाया। राजग के चुनाव प्रचार के दौरान किए गए वादों के अनुसार बजट में ढेरों सुधार व बदलाव देखने को मिले। सरकार ने डिजिटल इंडिया को और मजबूत करते हुए इसके तहत कई काम करने का फैसला किया है। कहा गया कि किसान से लेकर श्रमिकों तक को ऑनलाइन पोर्टल्स से कनेक्ट किया जाएगा। एक करोड़ युवाओं को टॉप-500 कंपनियों में 12 महीने इंटर्नशिप और हर महीने भत्ता देने की भी बात कही गई है। बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर, कृषि और एमएसएमई सेक्टर पर विशेष ध्यान दिया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में कुल व्यय 48,20,512 करोड़ रुपये अनुमानित है। इसमें से कुल पूंजीगत व्यय 11,11,111 करोड़ है। वर्ष 2023-24 की तुलना में इस वर्ष का पूंजीगत व्यय में 16.9 प्रतिशत की वृद्धि दिखाई गई है। वित्त वर्ष 2024-25 में कुल प्राप्तियां 32.07 लाख करोड़ रुपये अनुमानित हैं। शुद्ध कर प्राप्तियां 25.83 लाख करोड़ रुपये अनुमानित हैं। सकल बाजार उधारी 14.01 लाख करोड़ रुपये अनुमानित हैं। वित्त मंत्री ने एक घंटा 23 मिनट के बजट भाषण में वेतनभोगी वर्ग को थोड़ा राहत देने का ऐलान किया। नई कर व्यवस्था चुनने वाले करदाताओं के लिए अब 7.75 लाख रुपये तक की इनकम कर मुक्त हो गई है। वित्त मंत्री ने केंद्रीय बजट में बिहार के लिए 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक का प्रस्ताव रखा है। वहीं, आंध्र प्रदेश को 15 हजार करोड़ रुपये की मदद का ऐलान किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.9 फीसदी रहने का अनुमान है। बजट में बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के लिए बुनियादी ढांचे के विकास के लिए स्पेशल योजना लाने का वादा भी किया गया है। बजट में निवेशकों के सभी वर्गों पर लगने वाले एंजल टैक्स को समाप्त करने का प्रस्ताव दिया गया है। इससे देश के स्टार्टअप को फायदा मिलेगा और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कैंसर के इलाज की तीन दवाओं को मूल सीमा शुल्क से छूट दिए जाने का ऐलान किया। उन्होंने मोबाइल फोन उद्योग पर भी छूट देने का ऐलान करते हुए कहा कि मैं मोबाइल फोन और मोबाइल पीसीबीएस तथा मोबाइल चार्जर पर बीसीडी को घटाकर 15 फीसदी करने का प्रस्ताव करती हूं। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण की शुरूआत करने का भी ऐलान किया।

- 48,20,512 करोड़ रुपये केंद्रीय बजट में कुल व्यय अनुमानित है
- 7.75 लाख तक की आय कर मुक्त, टैक्स स्लैब में भी परिवर्तन किया गया
- 60 हजार करोड़ बिहार के विभिन्न विकास योजनाओं के लिए आवंटित
- 15 हजार करोड़ आंध्र प्रदेश की विकास योजनाओं के लिए देने का ऐलान
- सकल घरेलू उत्पाद के 4.9 फीसदी तक रह सकता है राजकोषीय घाटा
- 25 हजार गांवों को सभी मौसमों के अनुकूल सड़कें उपलब्ध कराई जाएंगी
- 11,11,111 करोड़ रुपये कुल पूंजीगत व्यय का प्रस्ताव किया गया है
- 32.07 लाख करोड़ कुल प्राप्ति व शुद्ध कर प्राप्तियां 25.83 लाख करोड़ अनुमानित

### खरीफ फसलों का होगा डिजिटल सर्वेक्षण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री ने देश के 400 जिलों में डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) का उपयोग करते हुए खरीफ फसलों का डिजिटल सर्वेक्षण करने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि पांच राज्यों में जनसमर्थन आधारित किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएंगे। इसके साथ ही झींगा, मछली, ब्रूडस्टॉक के लिए केंद्रीयकृत प्रजनन केंद्रों का नेटवर्क स्थापित करने हेतु वित्तीय सहयोग उपलब्ध करने का भी ऐलान किया है। वहीं, ग्रामीण अर्थव्यवस्था की वृद्धि और रोजगार सृजन में तेजी लाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सहयोग नीति तैयार करने की घोषणा की। केंद्रीय वित्त मंत्री ने बजट में नौ प्राथमिकताएं निर्धारित की हैं।

### मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए खोला खजाने का पिटारा

**नई दिल्ली।** बजट में मिडिल क्लास लोगों को आर्थिक मोर्चे पर समृद्ध करने की दिशा में कई कदम उठाए गए हैं। इससे पहले फरवरी में पेश किए गए अंतरिम बजट में मिडिल क्लास लोगों के लिए आवास योजना भी शुरू करने की बात कही गई थी। इसके अलावा, मिडिल क्लास के लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए रूफ टॉप सोलर एनर्जी का भी ऐलान किया था। वित्त मंत्री ने कहा, निकट भविष्य में मिडिल क्लास के लोगों के लिए सरकार कई योजनाएं बनाएगी। किराए के मकान में रहने वाले लोगों को अपना घर उपलब्ध कराने के लिए सरकार की ओर आर्थिक सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। वित्त मंत्री ने अपनी पहली घोषणा के बारे में बताते हुए कहा, सभी औपचारिक क्षेत्रों में नए कर्मचारियों को एकमुश्त वेतन - ईपीएफओ में पंजीकृत लोगों को 15 हजार रुपये तक का सीधा हस्तांतरण।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

### एक नजर

#### राज्य के सर्वांगीण विकास में नवनियुक्त अभ्यर्थियों की भूमिका अहम : मुख्यमंत्री



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज फिर सकारात्मक ऊर्जा एवं उत्साह के साथ राज्य के विकास को गति देने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों में चयनित 183 नवनियुक्त अभ्यर्थियों को राज्य सरकार नियुक्ति पत्र दे रही है। उन्होंने कहा कि कुछ नियुक्तियां झारखंड लोक सेवा आयोग एवं कुछ नियुक्तियां झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा की गई हैं।सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार ने विभिन्न पदों पर पहले भी नियुक्ति पत्र प्रदान किया है और जो छूटे हुए अभ्यर्थी थे उन्हें आज नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि नवनियुक्त अभ्यर्थी राज्य के सर्वांगीण विकास में एक महत्वपूर्ण कड़ी बनेंगे। साथ ही राज्य को देश के अग्रणी राज्यों के समकक्ष पहुंचाने का प्रयास आप सभी प्रतिबद्ध होकर करेंगे। मुख्यमंत्री मंगलवार को झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में चयनित असिस्टेंट टाउन प्लानर, जूनियर इंजीनियर (मैकेनिकल) मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर, माइनिंग इंस्पेक्टर, जूनियर इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल), स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर, पाइपलाइन इंस्पेक्टर पद के 183 अभ्यर्थियों का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।कार्यक्षमता का बेहतर उदाहरण पेश करें नवनियुक्त अभ्यर्थीमुख्यमंत्री ने कहा कि आज टाउन प्लानर की नियुक्ति हुई है। उनका प्रयास होना चाहिए कि शहर का सर्वांगीण विकास कैसे हो।

### आज | कल




## न्यू टैक्स रिजीम में 7.75 लाख तक की आय टैक्स-फ्री

**नई दिल्ली।** सरकार ने नई टैक्स रिजीम में पर्सनल इनकम टैक्स की दरों में कटौती की है। अब, नई टैक्स रिजीम के तहत 7.75 लाख रुपये आमदनी वालों को कोई भी टैक्स नहीं देना होगा। सरकार ने नया टैक्स स्लैब पेश किया है। **न्यू टैक्स रिजीम :** न्यू टैक्स रिजीम में नौकरीपेशा लोगों की 7.75 लाख तक की आय टैक्स-फ्री हो सकती है। अगर आपकी सैलरी से आय 7.75 लाख रुपये है तो 75 हजार रुपये स्टैंडर्ड डिडक्शन का घटा दें तो सात लाख बनता है। इनमें से तीन लाख रुपये पर कोई टैक्स नहीं देना है। बाकी के चार लाख पर पांच फीसदी, यानि 20 हजार रुपये टैक्स बनेगा। न्यू टैक्स रिजीम में इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 87(ए) के तहत 20 हजार रुपये की माफी मिल जाती है। इस तरह 7.75 लाख की आय पर जीरो टैक्स बन जाएगा।

**नई कर प्रणाली में बदलाव**
**₹17,500 तक की होगी बचत**



नई कर प्रणाली

| पहले | अब | टैक्स की दर |
|---|---|---|
| ₹3 लाख तक | ₹3 लाख तक | शून्य |
| ₹3 से 6 लाख तक | ₹3 से 7 लाख तक | 5% |
| ₹6 से 9 लाख तक | ₹7 से 10 लाख तक | 10% |
| ₹9 से 12 लाख तक | ₹10 से 12 लाख तक | 15% |
| ₹12 से 15 लाख तक | ₹12 से 15 लाख तक | 20% |
| ₹15 लाख से ऊपर | ₹15 लाख से ऊपर | 30% |

स्टैंडर्ड डिडक्शन 50 हजार से बढ़ाकर 75 हजार रुपये हुआ।

**ओल्ड टैक्स रिजीम :** ओल्ड टैक्स रिजीम में छूट के विकल्प ज्यादा हैं, पर स्लैब चार ही हैं। इसमें ढाई लाख तक की इनकम ही टैक्स फ्री है। इनकम टैक्स एक्ट की धारा 87ए का फायदा लेकर ओल्ड टैक्स रिजीम में 5.50 लाख रुपये तक की इनकम ही टैक्स फ्री हो सकती है, क्योंकि इसमें इस सेक्शन के तहत 12500 रुपये ही माफ होते हैं।

### देश की आर्थिक वृद्धि को नया आयाम मिलेगा : आलोक



केंद्रीय बजट पर अपनी बात रखते हुए डाल्टनगंज-भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट का मैं हृदय से स्वागत करता हूं। प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के शुरूआत का उद्देश्य जनजातीय गांवों का समग्र विकास है। यह अभियान शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और आर्थिक विकास पर जोर देकर जनजातीय समुदायों के जीवन स्तर को सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इससे गांवों में समृद्धि और प्रगति आएगी।यह बजट कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे पर जोर देकर हर वर्ग के विकास को प्रोत्साहित करता है। इससे देश की आर्थिक वृद्धि को नया प्रोत्साहन मिलेगा। हम इसके सफल कार्यान्वयन के लिए प्रतिबद्ध हैं। केंद्रीय बजट 2024-25 में मोदी जी ने फिर से छात्रों के उज्जवल भविष्य की गारंटी दी है। शिक्षा और रोजगार के नए अवसरों के साथ, यह बजट युवाओं के सपनों को साकार करने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

### विकसित भारत की ओर ले जाने वाला बजट : आनंद शंकर



यह बजट युवाओं के विकास, स्टार्टअप इंडिया, किसानों का बेरोजगारी दूर करने वाला है। माननीय प्रधानमंत्री के तीसरे कार्यकाल का इस बजट से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी ' महिलाओं के उत्थान शिक्षा एवं विकास के लिए बजट में विशेष प्रावधान है जो भारत की आधी आबादी के लिए शुभ संकेत है। इंफ्रास्ट्रक्चर, सोलर और आईटी पर विशेष फोकस है जो देश की अर्थव्यवस्था को विकसित करने में सहयोगी होगा।

## देश के हर वर्ग को समृद्ध करने वाला बजट : पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा है कि यह हर वर्ग के लोगों को समृद्धि की राह पर ले जाने वाला बजट है। उन्होंने कहा, यह हमारे देश को प्रगति की अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर ले जाएगा। पीएम ने सीतारमण और उनकी टीम की प्रशंसा करते हुए कहा, यह दूरदर्शी बजट हमारे समाज के हर वर्ग का उत्थान और सशक्तिकरण करेगा, जिससे सभी के लिए उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा। पीएम मोदी ने कहा, इस बजट में एमएसएमई सेक्टर के लिए क्रेडिट देने की सुविधा बढ़ाने वाली नई योजना का ऐलान किया गया है। मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट इकोसिस्टम को हर जिले तक ले जाने के लिए बजट में अहम घोषणाएं की गई हैं। ये बजट हमारे स्टार्टअप्स के लिए, इनोवेशन इकोसिस्टम के लिए ढेर सारे नए अवसर लेकर आया है। प्रधानमंत्री ने कहा, चाहे स्पेस इकोनॉमी को बढ़ावा देने के लिए 1,000 करोड़ रुपये का फंड हो, या फिर एंजेल टैक्स हटाने का फैसला हो, ऐसे कई सारे कदम इस बजट में उठाए गए हैं। पीएम मोदी ने कहा, पिछले 10 वर्षों में लगभग 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। इस गति को आगे बढ़ाते हुए, यह बजट हमारे नव-मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं को और अधिक ऊर्जा देगा। हमारी युवा पीढ़ी को अभूतपूर्व अवसर मिलेंगे। शिक्षा और कौशल विकास एक नए स्तर पर पहुंचेंगे, जिससे हमारे देश की वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, यह बजट मध्यम वर्ग को पहले से कहीं अधिक सशक्त बनाएगा! पीएम ने कहा, हमें हर शहर, हर गांव, हर घर एंटरप्रेन्योर बनाना है। इसी उद्देश्य से बिना गारंटी के मुद्रा लोन की लिमिट को 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये किया गया है। इससे छोटे कारोबारियों, विशेष रूप से महिलाओं, दलित, पिछड़े और आदिवासी परिवारों में स्वरोजगार को बल मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा, सरकार ने पिछले 10 साल में ये सुनिश्चित किया है कि गरीब और मध्यम वर्ग को टैक्स से राहत मिलती रहे। इस बजट में भी इनकम टैक्स में कटौती और स्टैंडर्ड डिडक्शन में वृद्धि का बहुत बड़ा फैसला लिया गया है। टीडीएस के नियमों को भी सरल किया गया है। इन कदमों से हर टैक्सपेयर को अतिरिक्त बचत होने वाली है। पीएम ने कहा, इस बजट का एक बहुत बड़ा फोकस देश के किसान हैं। अन्न भंडारण के लिए दुनिया की सबसे बड़ी स्कीम के बाद अब हम सब्जी उत्पादन क्लस्टर बनाने जा रहे हैं। इससे छोटे किसानों को सब्जियों-फल, अन्य उपज के लिए नए बाजार मिलेंगे और बेहतर दाम मिलेंगे। मोदी ने कहा, देश में गरीबी समाप्त हो, गरीब का सशक्तिकरण हो, इस दिशा में भी आज के बजट में प्रमुख घोषणाएं की गई हैं। गरीबों के लिए 3 करोड़ नए घर बनाना तय हुआ है। जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान, सैचुरेशन अप्रोच के साथ 5 करोड़ आदिवासी परिवारों को मूलभूत सुविधाओं से जोड़ेगा। इसके अलावा ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 25 हजार नए ग्रामीण क्षेत्रों को ऑल वेदर रोड से जोड़ा जाएगा।

## इंडिया | कोऊ नृप होई हम हीं का हानि, चेरी छांड़ि कि होइब न रानी


सुनील बादल

हर साल की तरह इस बार का भी बजट संसद के विचारारार्थ प्रस्तुत किया गया जिसका शोर देश के साथ विदेशों में भी है पर रोज कमाने खाने वाले बहुत से आम लोग इससे या तो अनजान हैं या उदासीन हैं। उन्हें लगता है कि इस पूरी प्रक्रिया में उनकी भूमिका एक दर्शक जैसी है बजट में किसी वस्तु में टैक्स घटाने पर क्या उसकी बढ़ी हुई कीमत क्या सचमुच घटेगी? इसी प्रकार बहुत से लोगों का यह मानना है कि बजट के प्रावधान राजनीतिक कारणों से या बड़े व्यावसायिक घरानों के प्रभाव से किए जाते हैं। इस धारणा को दूर करने के लिए केंद्र और झारखंड की पूर्ववर्ती और वर्तमान सरकारों ने आम लोगों की राय के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में कैंप लगाकर लोगों से विमर्श भी किया था पर लोगों के मन में बैठा हुआ है -'कोऊ नृप होई हम हीं का हानि, चेरी छांड़ि कि होइब न रानी।' इस उदासीनता के पीछे आजादी के इतने वर्षों बाद भी सरकारों और समाज के अंतिम व्यक्ति के बीच संवाद या विश्वास की कमी है। लोग अभी भी भ्रष्ट सरकारी तंत्र से त्रस्त हैं जबकि केंद्र और राज्य सरकारों के स्तर से ऑनलाइन सेवाओं के माध्यम से पारदर्शिता बढ़ाने और भ्रष्टाचार पर रोक के अनेक प्रयास किए गए हैं। झारखंड में लगातार भ्रष्ट अधिकारी तक पकड़े जा रहे हैं पर भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहरी जमीं हैं कि उसने इसे सिस्टम का हिस्सा बना लिया है। इसीलिए इस बार के बजट में भी लाखों करोड़ों के प्रावधान से उनके लाभुकों से ज्यादा वे बिचौलिए और भ्रष्ट अधिकारी खुश हो रहे होंगे जो ऐसी अनेक योजनाओं का



लाभ लेने में आम आदमी देर कर परेशान करते हैं ताकि उन्हें रिश्वत दी जा सके। इस पर रोक के लिए आवेदनों के समयबद्ध निष्पादन को अनिवार्य किया जाना चाहिए और मॉनिटरिंग प्रणाली को मजबूत करना चाहिए अन्यथा वह गरीब असहाय आदमी लाल कार्ड बनवाने से लेकर हर छोटे बड़े लाभ के लिए इन बिचौलियों और प्रखंड स्तर के भ्रष्ट अधिकारियों के पीछे दौड़ता रहेगा। अभी स्थिति यह है कि किसी भी प्रखंड या जिले में कौन अधिकारी या कर्मचारी कब आएंगे या नहीं इसकी कोई पूर्व सूचना नहीं होती मंगल और शुक्रवार को भी प्रखंड दिवस पर यदि अधिकारी उपस्थित रहते भी हैं तो मीटिंग में बैठ जाते हैं जबकि दूसरी ओर बिचौलिया हिस्से की बता तय होते ही धड़ल्ले से सभी कर्मचारियों से काम करा देता है। इस भाग दौड़ में कोई गांव या शहर का दैनिक मजदूर या किसान कितने दिन टिक पाएगा तब उसे मजबूरी में बिचौलियों के पास जाना पड़ता है। सरकार को चाहिए इस भ्रष्ट तंत्र को विफल करने के लिए सभी सरकारी कर्मचारियों को पहचान पत्र अपने ड्रेस के सामने लगाना अनिवार्य किया जाए और शिकायत करने के लिए उच्चाधिकारियों के कार्यालय में रिकॉर्ड सहित शिकायत निवारण सेल बनाया जाए। अभी कहीं भी बायोमेट्रिक हजरिम व्यवस्था नहीं है जिस कारण कर्मचारियों और अधिकारियों की मनमानी बढ़ गई है। उच्च प्रशासनिक पदों से सेवानिवृत और वरिष्ठ नेता तक इसे राजनीतिक मजबूरी मानते हैं क्योंकि राजनीति में जड़ें जमाने के लिए ब्रांड की तरह अपने को स्थापित करने के लिए भारी भरकम राशि की जरूरत पड़ रही है और ईमानदार और सक्षम यदि राजनीति में आना भी चाहे तो अपने को प्रचारित करने से लेकर बूथ प्रबंधन तक में असफल हो जाता है क्योंकि जनता उसे प्रभावशाली नहीं मानती क्योंकि काम करने के लिए बौद्धिक और ईमानदार प्रयास से ज्यादा दबंगता चलती है। शातिर राजनेता जनता को भी जाति,धर्म जैसे भेदभाव और वर्गों में बांट कर रखते हैं ताकि उनके मुकाबले कोई खड़ा न हो सके।

## भारत को विश्व गुरु बनाने के उद्देश्य से यह बजट पेश किया : विधायक




वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट के संदर्भ में पांकी विधायक डॉ.शशि भूषण मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार ने 2047 तक भारत को विश्व गुरु बनाने के उद्देश्य से यह बजट पेश किया है। यह पूरी तरह संतुलित बजट है क्योंकि इसमें हर वर्ग का ख्याल समान रूप से रखा गया है। जनजातीय बहुल राज्यों यथा झारखंड के लिए 'प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान' जनजातीय जनजातीय समुदायों की सामाजिक आर्थिक स्थिति मजबूत करने के प्रति सराहनीय कदम है। इससे झारखंड जैसे आदिवासी बहुल राज्यों को काफी सहयोग मिलेगा और यहां के आदिवासी इसे खास तौर पर लाभान्वित होंगे। यह देश के गरीब किसान मजदूर को समृद्धि को ओर उन्मुख करेगा। मुद्रा लोन को 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख करना,सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत एक करोड़ घरों को 300 यूनिट फ्री बिजली देना, तमाम दर्शनीय स्थलों को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाना इस बजट ने सभी आम आदमी के जीवन के हर पहलुओं को ध्यान में रखते हुए बजट पेश किया गया है। वित्त मंत्री तथा केंद्र सरकार ने बजट के माध्यम से आम आदमी के जीवन के हर पहलुओं को ध्यान में रखकर विपक्ष को मुद्दा विहीन कर दिया है।




# रक्षा मंत्रालय के लिए बजट में 6,21,940 करोड़ रुपये का प्रावधान, राजनाथ सिंह ने जताया आभार

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लोकसभा में आम बजट पेश किया। इस आम बजट में कई बड़े ऐलान के साथ तमाम मंत्रालयों के लिए धन का आवंटन किया गया है। इसी कड़ी में राजनाथ सिंह ने रक्षा मंत्रालय को आवंटित बजट के लिए मोदी सरकार का आभार जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, जहां तक रक्षा मंत्रालय के आवंटन का सवाल है, मैं 6,21,940.85 करोड़ रुपये का उच्चतम आवंटन देने के लिए वित्त मंत्री को धन्यवाद देता हूं, जो वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत सरकार के कुल बजट का 12.9 प्रतिशत है। 1,72,000 करोड़ रुपये का पूंजीगत परिव्यय सशस्त्र बलों की क्षमताओं को और मजबूत करेगा। घरेलू पूंजीगत खरीद के लिए 1,05,518.43 करोड़ रुपये निर्धारित करने से आत्मनिर्भरता को और गति मिलेगी। उन्होंने आगे लिखा, मुझे खुशी है कि सीमा सड़कों को पूंजीगत मद के तहत पिछले बजट की तुलना में आवंटन में 30 प्रतिशत की वृद्धि दी गई है। बीआरओ को 6,500 करोड़ रुपये का यह आवंटन हमारे बॉर्डर इंफ्रास्ट्रक्चर को और गति देगा। रक्षा उद्योगों में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए, स्टार्टअप्स, एमएसएमई और इनोवेटर्स द्वारा दिए गए तकनीकी समाधानों को वित्तपोषित करने के लिए आईडीईएक्स योजना के लिए 518 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। उन्होंने आगे लिखा, वित्त वर्ष 2024-25 बजट पेश करने के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई। यह बजट एक समृद्ध और आत्मनिर्भर 'विकसित भारत' बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। समावेशी और तेज गति वाले विकास की दृष्टि से यह बजट भारत के आर्थिक परिवर्तन को गति देगा।

## जानिए किसे-कितनी राशि आवंटित की गई?

| मंत्रालय/विभाग | आवंटित राशि (करोड़ में) |
|---|---|
| वित्त मंत्रालय | 1858158.52 |
| रक्षा मंत्रालय | 621940.85 |
| सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय | 278000.00 |
| रेल मंत्रालय | 255393.00 |
| उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय | 223323.36 |
| गृह मंत्रालय | 219643.31 |
| ग्रामीण विकास मंत्रालय | 180233.43 |
| रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय | 168499.87 |
| संचार मंत्रालय | 137293.90 |
| कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय | 132469.86 |
| शिक्षा मंत्रालय | 120627.87 |
| जल शक्ति मंत्रालय | 98713.78 |
| स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय | 90958.63 |
| आवास और शहरी मामलों का मंत्रालय | 82576.57 |
| महिला एवं बाल विकास मंत्रालय | 26092.19 |
| परमाणु ऊर्जा विभाग | 24968.98 |
| श्रम और रोजगार मंत्रालय | 22531.47 |
| विदेश मंत्रालय | 22154.67 |
| सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय | 22137.95 |
| इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय | 21936.90 |
| ऊर्जा मंत्रालय | 20502.00 |
| नवीन और नवीकरणीय मंत्रालय ऊर्जा | 19100.00 |
| विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय | 16628.12 |
| पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय | 15930.26 |
| सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता | 14225.47 |
| अंतरिक्ष विभाग | 13042.75 |
| आदिवासी मामलों का मंत्रालय | 13000.00 |
| वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय | 11469.14 |
| भारी उद्योग मंत्रालय | 7242.00 |
| मत्स्य पालन, पशुपालन डेयरी मंत्रालय | 7137.68 |
| कानून और न्याय मंत्रालय | 6788.33 |
| पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय | 5900.00 |
| सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय | 5453.83 |
| कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय | 4520.00 |
| वस्त्र मंत्रालय | 4417.03 |
| सूचना और प्रसारण मंत्रालय | 4342.55 |
| आयुष मंत्रालय | 3712.49 |
| युवा मामले एवं खेल मंत्रालय | 3442.32 |
| पर्यावरण, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय जलवायु परिवर्तन | 3330.37 |
| खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय | 3290.00 |
| संस्कृति मंत्रालय | 3260.93 |
| अल्पसंख्यक मामलों का मंत्रालय | 3183.24 |
| पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय | 3064.80 |
| कॉर्पोरेट मामले मंत्रालय | 2667.06 |
| पर्यटन मंत्रालय | 2479.62 |
| कार्मिक, लोक शिकायत व पेंशन मंत्रालय | 2379.87 |
| बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्रालय | 2377.49 |
| नागरिक उड्डयन मंत्रालय | 2357.14 |
| खान मंत्रालय | 1941.06 |
| राष्ट्रपति, संसद, संघ लोक सेवा आयोग और उपराष्ट्रपति का सचिवालय | 1884.92 |
| पंचायती राज मंत्रालय | 1183.64 |
| सहकारिता मंत्रालय | 1183.39 |
| योजना मंत्रालय | 837.26 |
| इस्पात मंत्रालय | 325.66 |
| कोयला मंत्रालय | 192.55 |
| संसदीय मामलों का मंत्रालय | 64.00 |
| कुल योग | 48,20512.08 |

## अहम योजनाएं के लिए बजट

| योजनाएं | बजट (करोड़ में) |
|---|---|
| मनरेगा योजना | 86,000 |
| आयुष्मान भारत | 7,300 |
| पीएलआई योजना | 6,200 |
| सौर ऊर्जा (ग्रिड) | 10,000 |
| पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली | 6,250 |
| पीएम आवास (शहरी) | 30,171 |
| पीएम आवास (ग्रामीण) | 54,500 |
| पीएम विश्वकर्मा | 4824 |
| पीएम ग्राम सड़क | 19000 |
| मिशन वात्सल्य | 1472 |


## खेती में उत्पादकता, रोजगार, क्षमता विकास और विनिर्माण पर जोर

# केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताई विकसित भारत की नौ प्राथमिकताएं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को मोदी 3.0 सरकार का पहला बजट पेश किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में अपना विश्वास जताया है और उनके नेतृत्व में ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के लिए इसे फिर से चुना है। हम अपनी नीतियों में उनके समर्थन, विश्वास और भरोसे के लिए आभारी हैं। बजट भाषण के दौरान लोकसभा में वित्त मंत्री सीतारमण ने विकसित भारत के लिए मोदी सरकार की 9 प्राथमिकताएं भी बताईं। जिनमें कृषि क्षेत्र में उत्पादकता और लचीलापन, रोजगार एवं कौशल, समावेशी मानव संसाधन विकास एवं सामाजिक न्याय, विनिर्माण एवं सेवाएं, शहरी विकास , ऊर्जा संरक्षण, अवसंरचना, नवाचार अनुसंधान एवं विकास, नई पीढ़ी के सुधार शामिल हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जैसा कि अंतरिम बजट में उल्लेख किया गया है, हमें 4 अलग-अलग जातियों, गरीब, महिला, युवा और किसान पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। किसानों के लिए, हमने सभी प्रमुख फसलों के लिए उच्च न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की है, जो लागत से कम से कम 50% मार्जिन के वादे को पूरा करता है।

इससे वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर इस मुलाकात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण, वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ केंद्रीय बजट पेश करने से पहले राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने वित्त मंत्री को शुभकामनाएं दी। ज्ञात हो कि संसद का बजट सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के इस दूसरे संसद सत्र के 12 अगस्त तक चलने की संभावना है।




## वित्त मंत्री के बजट पर गदगद प्रधानमंत्री मोदी ने खूब थपथपाई मेज

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट संसद में पेश कर दिया। वर्ष 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने के पीएम मोदी के लक्ष्य को सामने रखते हुए सीतारमण ने लोकसभा में 84 मिनट तक अपना बजट भाषण पढ़ा। सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने से कुछ मिनट पहले सदन में पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत भाजपा सांसदों ने 'भारत माता की जय' और 'जय श्री राम' के नारे के साथ किया तो वहीं जवाब में विपक्षी सांसदों ने 'जय संविधान' का नारा लगाया। निर्मला सीतारमण के बजट भाषण के दौरान सत्ता पक्ष में आगे की पंक्ति में बैठे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी और जेपी नड्डा लगातार मेज थपथपाकर वित्त मंत्री के बजट भाषण की प्रशंसा करते दिखाई दिए। उनके साथ एनडीए सरकार के मंत्री और सांसद भी हर महत्वपूर्ण घोषणा पर मेज थपथपाते नजर आए। प्रधानमंत्री मोदी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के 84 मिनट के बजट भाषण के दौरान लगभग 78 बार मेज थपथपाकर बजट घोषणाओं का स्वागत किया। संसदीय परंपरा के अनुसार सदन के अंदर किसी बात का समर्थन करने के लिए तालियां नहीं बजाई जाती बल्कि मेज थपथपाकर ही समर्थन या तारीफ की जाती है। पिछले कुछ वर्षों की तुलना में देखा जाए तो इस बार के बजट भाषण के दौरान विपक्षी सांसदों की तरफ से कोई बहुत ज्यादा हंगामा नहीं किया गया।

## वित्त मंत्री के पिटारे से युवाओं के लिए निकला ये खास तोहफा

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सातवीं बार सदन में आम बजट पेश कर रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने रिकॉर्ड बना दिया है। इस केंद्रीय बजट में निर्मला सीतारमण ने 2024-25 में हर साल 25,000 छात्रों की मदद के लिए मॉडल कौशल ऋण योजना में संशोधन का प्रस्ताव किया है। इसके तहत घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख रुपये तक के ऋण के लिए ई-वाउचर हर साल 1 लाख छात्रों को सीधे ऋण राशि के 3% की वार्षिक ब्याज छूट के लिए दिए जाएंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, मुझे 2 लाख करोड़ रुपये के केंद्रीय परिव्यय के साथ 5 वर्षों में 4.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार, कौशल और अन्य अवसरों की सुविधा के लिए 5 योजनाओं और पहलों के प्रधानमंत्री पैकेज की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इस वर्ष हमने शिक्षा, रोजगार और कौशल के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इसके साथ ही देश के युवाओं के लिए इस बजट में वित्त मंत्री ने जो ऐलान किया है।

## सस्ता हुआ सोना और चांदी, ज्वेलरी शेयर चमके

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को बजट में सोने-चांदी पर आम लोगों को खुशखबरी दी। वित्त मंत्री ने सोने और चांदी पर लगने वाली कस्टम ड्यूटी को घटाकर 6 प्रतिशत कर दिया, जो कि पहले 15 प्रतिशत थी। सीतारमण ने संसद में अपने बजट भाषण में कहा कि सोने और कीमती धातु के आभूषणों में घरेलू वैल्यू एडिशन को बढ़ाने के लिए, मैं सोने और चांदी के सीमा शुल्क को घटाकर 6 प्रतिशत करने का प्रस्ताव करती हूं। सरकार की इस घोषणा के साथ एमसीएक्स पर 24 कैरेट सोने के 5 अगस्त, 2024 के कॉन्ट्रैक्ट का भाव 5.33 प्रतिशत गिरकर 68,840 रुपये हो गया। वहीं, चांदी के 5 सितंबर, 2024 के कॉन्ट्रैक्ट का भाव 4.62 प्रतिशत गिरकर 85,079 रुपये प्रति किलो हो गया। वहीं, दूसरी तरफ ज्वेलरी शेयरों में तेजी देखी गई। दोपहर 2:30 बजे तक नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर टाइटन का शेयर 6.65 प्रतिशत, सेंको गोल्ड का शेयर 5.53 प्रतिशत, टीबीजेड का शेयर 11.71 प्रतिशत, पीसी ज्वेलर्स 5 प्रतिशत और राजेश एक्सपोर्ट्स का शेयर 6.79 प्रतिशत की तेजी के साथ कारोबार कर रहा था। बजट में टैक्स के मोर्चे पर भी आम आदमी को राहत दी गई है। नई टैक्स रिजीम में 3 से 7 लाख तक की आय पर 5 प्रतिशत टैक्स कर दिया गया है।




## पीएम व वित्त मंत्री का अभिनंदन : प्रफुल



**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत 18वीं लोकसभा का बजट 2024-25 में विशेष रूप से अन्नदाताओं, महिलाओं की समृद्धि, युवाओं के रोजगार, कौशल प्रशिक्षण, एमएसएमई और मध्यम वर्ग पर ध्यान केंद्रित करने वाला बजट है। यह कृषि क्षेत्र में उत्पादकता और लचीलापन, रोजगार एवं कौशल, समावेशी मानव संसाधन विकास एवं सामाजिक न्याय, विनिर्माण एवं सेवाएं, शहरी विकास, ऊर्जा संरक्षण, अवसंरचना, नवाचार, अनुसंधान एवं विकास और नई पीढ़ी के सुधार, चतुर्दिक समृद्धि एवं सशक्त विकास को समर्पित बजट है।

## आम बजट स्वागत योग्य : कमलेश सिंह



**मेदिनीनगर।** आम बजट 2024 पर एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक कमलेश कुमार सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट का वह स्वागत करते है। उन्होंने कहा कि यह विकसित भारत का बजट है। इसमें युवा, गरीब, महिला, किसान के सशक्तिकरण के लिए सर्मपित है। बजट विकसित भारत के भविष्य निर्माण का बेहतरीन बजट है।आदिवासियों की आर्थिक- सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की शुरूआत करने की घोषणा की गई है। बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, पूर्वोत्तर व पूर्वी भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देंगी।

## बजट बहुत प्रशंसनीय है : किशोर पांडेय



**मेदिनीनगर।** आम बजट 2024 अभिभावक संघ के अध्यक्ष सह सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता किशोर कुमार पांडेय ने आम बजट को स्वागत किया है और प्रशंसनीय बताया है। श्री पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट का वह स्वागत व प्रशंसा करते हैं। श्री पाण्डेय ने कहा कि यह विकसित भारत का बजट है। इसमें युवा, गरीब, महिला, किसान के सशक्तिकरण के लिए सर्मपित है। बजट विकसित भारत के सुनहरा भविष्य निर्माण के साथ सभी क्षेत्र को छूने वाला बजट है। विश्व गुरु बनने वाला भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देंगी। बेरोजगार युवा के लिए कौशल और रोजगार सृजन की दिशा में बहुत प्रभावी बजट है।

# सभी वर्ग-समुदायों को उनका हक-अधिकार दे रही राज्य सरकार : हेमंत सोरेन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंगलवार को पी पीएमएवाई (शहरी) योजना अंतर्गत राज्य संपोषित रांची के साईं सिटी के नजदीक स्थित नवनिर्मित मुड़मा कुष्ठाश्रम परियोजना का विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज शुभारंभ हो रहे इस परियोजना का लाभ विशेष परिवारों को मिल रहा है। ये आशियाना एक विशेष समूह के लिए बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं चाहूंगा कि इस परिसर को "निर्मल आवास" के नाम से जाना जाए। आज यहां उपस्थित सभी लोग इस परियोजना के विषय में पहले से अवगत हैं। हमारी सरकार का सदैव प्रयास रहा है कि हर जरूरतमंद व्यक्ति चाहे वे किसी भी वर्ग-समुदाय के हों, जिस स्थिति या परिस्थिति में रह रहे हों उन तक सरकार की आवाज पहुंचे। सरकार द्वारा संचालित जनकल्याण की योजनाएं पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार लगातार आमजनों की बात सुनती है, समझती है और उनके विकास के लिए कार्य भी करती है। राज्य सरकार आगे भी जनहित के कार्य प्रतिबद्धता के साथ करती रहेगी।



## आज ऐतिहासिक दिन, सैकड़ों परिवारों को मिला आशियाना

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज ऐतिहासिक दिन है। राज्य सरकार ने एक बेहतर प्रयास किया है। सैकड़ों लोग आज अपने घर के मालिक बन रहे हैं। वे आज से इस नवनिर्मित आवासों के अंदर पूरे परिवार के साथ रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप जैसे विशेष समूह के परिवारों के लिए अलग-अलग जिलों में भी इस तरह की कल्याणकारी योजनाएं प्रारंभ की जा रहीं हैं। इस आशा के साथ कि आने वाले समय में आप जैसे लोग जो अपने जीवनयापन के लिए संघर्ष कर रहें हैं उनके दुःखों को हमारी सरकार कम किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार गरीब, जरूरतमंदों के प्रति जवाबदेह और संवेदनशील है। विपरीत चुनौतियों के बावजूद जनकल्याण के कार्य निरंतर हो रहे हैं और आने वाले दिनों में भी होते रहेंगे। सभी वर्ग-समुदायों को उनका हक अधिकार राज्य सरकार देने का कार्य कर रही है।

# कृषि गोष्ठी में किसानों को दी खरीफ फसल के नई तकनीक की जानकारी




**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना के तहत मोकहर कला ग्राम सह पंचायत मुख्यालय में किसानों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें खरीफ फसल वर्ष 2024-25 के लिए की जाने वाली खेती के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कृषि अनुसंधान केन्द्र चियांकी (मेदिनीनगर) के कृषि वैज्ञानिक अभिषेक पटेल ने कहा कि इस क्षेत्र के किसान अच्छी खेती और उपज के प्रति कम संसाधन के बावजूद के काफी मेहनती और सजग है। उन्हें वर्षापात का लगातार आघात भी झेलना पड़ रहा है। हालांकि इस प्रखंड का यह पंचायत पहाड़ी, जंगलों से सटे रहने के साथ ही ऊपरवार इलाका आता है। जहां सिंचाई की समुचित साधन नहीं रहने के बाद भी अपने बलबूते किसान कमर कसकर खेती करने का प्रयास करते रहे हैं। उन्होंने किसानों को सुचारू रूप से खेती के लिए कई नई तकनीक की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इससे किसानों को आत्म निर्भरता पर बल मिल सकेगा। गोष्ठी में मुखिया नाजमा खातून, पंचायत समिति सदस्य हुस्न आरा, समाजसेवी प्रेमतोष कुमार सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्योति रंजन, सहायक तकनिकी प्रबंधक परवीन जहां, जनसेवक अमरेश कुमार ठाकुर व जयप्रकाश राम सहित सैकड़ों किसान शामिल थे।

# मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत जायजा लेने ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचे डीडीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न प्रखंडों में शिविर लगाकर युवाओं से आवेदन प्राप्त किये जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को जिले के विश्रामपुर, पांडु, पांकी, तरहसी, उंटारीरोड, नौडीहाबाजार, नवाबाजार, हैदरनगर, व मोहम्मदगंज में शिविर लगाया गया। इस दौरान पांकी में लगाये गये शिविर का उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने जायजा लिया। उन्होंने बीडीओ अरुण मुंडा को सभी योग्य युवाओं के बीच रोजगार का मार्ग प्रस्तुत करने की दिशा में प्राप्त हुए आवेदनों का ऑन स्पॉट ऑनलाइन एंट्री करने को लेकर निर्देशित किया। इसी तरह तरहसी ब्लॉक में लगाये गये शिविर का जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु ने निरीक्षण किया। वहीं विश्रामपुर प्रखंड के जिला सहकारिता पदाधिकारी उमेश सिंहा ने अवलोकन किया। बुधवार को मेदिनीनगर, पड़वा, पाटन में शिविर का आयोजन किया जायेगा। सभी स्थानों पर संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी व विभिन्न भूमि सुधार उपसहार्ता निरीक्षण करेंगे।

### इन दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचने की एडवाइजरी जारी

प्रखंड में आयोजित हो रहे विशेष शिविर को लेकर जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि शिविर में जो कोई भी योजना के तहत लाभ लेना चाहते हैं। वे अपने साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड, जाति, आवासीय,व आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति, सरकारी नौकरी में नहीं होने का शपथ पत्र लेकर पहुंचे ताकि ऑन स्पॉट एंट्री कराया जा सके। उन्होंने कहा कि अगर कोई वाहन लेने को लेकर इच्छुक है तो वे वाहन का अद्यतन कोटेशन के साथ आएं।

बीडीओ अरुण मुंडा को सभी योग्य युवाओं के बीच रोजगार का मार्ग प्रस्तुत करने की दिशा में प्राप्त हुए आवेदनों का ऑन स्पॉट ऑनलाइन एंट्री करने को लेकर निर्देशित किया।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना को ले मेगा कैंप का किया गया आयोजन

नावाबाजार (पलामू)। नावाबाजार प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत मेगा कैंप शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय प्रकाश मरांडी ने किया। मेगा कैंप शिविर में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत आवेदन संग्रह किया गया। जहां सैकड़ों लाभार्थी अपना आवेदन किए। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 5 लाख से 25 लाख तक ऋण दिया जाना है। मौके पर पलामू जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जेसीपीएल के पदाधिकारी पंचायत सचिव शिवकुमार यादव, सहित दर्जनों प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

### मोहम्मदगंज : डीईओ ने किया स्कूल व बीआरसी का औचक निरीक्षण

# गंदगी पर भड़के, पुस्तक वितरण नहीं होने पर दिए निर्देश

- शिक्षा व्यस्था में सुधार लाने की हिदायत दी
- अनुपस्थित कर्मचारियों की हाजिरी काटी, शोकॉज किया




**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत प्रखंड सभागार में मंगलवार को आयोजित मेगा कैंप में बतौर नोडल पदाधिकारी पहुंचे जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगार्नंद झा ने स्थानीय स्तरोन्नत उच्च विद्यालय व विद्यालय परिसर में स्थित बीआरसी का औचक निरीक्षण किया। बीआरसी के औचक निरीक्षण में साफ-सफाई नहीं रहने, पाठ्य पुस्तकों के वितरण न होने व कर्मियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने अनुपस्थित कर्मियों के एक दिन की हजारी काटते हुए शोकॉज नोटिस जारी करने की बात कही। उन्होंने 10+2 उच्च विद्यालय के प्रभारी जिसमें एमडीएम पंजी को अपूर्ण पाया। उन्होंने विद्यालय में साफ-सफाई नहीं रहने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने शिक्षक-शिक्षिकाओं से छात्र हित में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देते हुए शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने की हिदायत दी। विद्यालय में छात्र-छात्राओं की कम उपस्थिति पर प्रधानाध्यापक को तत्काल उपस्थिति बढ़ाने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय मुख्य बाजार के बीच स्थित है। बावजूद इसके व्यवस्थित परिसर में भी साफ-सफाई नहीं है। पर्यावरण संतुलन के लिए वृक्षारोपण नहीं होने से विद्यालय आकर्षक नहीं दिख रहा है। उन्होंने प्रधानाध्यापक को इस पर अमल करने का निर्देश दिया। पुनः निरीक्षण करने की बात कही।

### बच्चों के नामांकन व पठन पाठन की स्थिति की जानकारी ली

प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह से विद्यालय में मौजूद संसाधनों, वर्ग 11वीं में बच्चों के नामांकन व पठन पाठन की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने वर्ग 1 से 8 वीं तक के प्रभारी प्रधानाध्यापक अनिल कुमार सिंह से एमडीएम, शिक्षकोपस्थिति व अन्य संधारित पंजियों की मांग कर उनकी जांच की।

## न्यूज बॉक्स

### नाबालिग लड़की को हुसैनाबाद पुलिस ने किया बरामद

**हुसैनाबाद।** बीते सोमवार की देर शाम हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव से फरार हुई 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को हुसैनाबाद पुलिस ने बरामद कर लिया। इस मामले में लड़की की मां ने शादी की नीयत से बिहार के गया जिला के झंगट गांव निवासी अमन कुमार के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिकी में बताया की बीते 17 जुलाई को कपड़ा और कुछ कागजात लेकर चुपके से घर से निकल गई थीं, देर शाम तक घर नहीं लौटने पर अपने स्तर से काफी खोजबीन की। लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। बाद में मुझे पता चला की वह किसी लड़के के साथ मोबाइल पर बात करती थी, तब पता चला की एक लड़का जिसका नाम अमन कुमार है मुझे पूर्ण विश्वास है की मेरी लड़की को उसने ही बहला फुसलाकर भगा ले गया है। लड़की के मां के लिखित आवेदन पर हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय यादव ने इस मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुये वरीय पुलिस पदाधिकरी के निर्देश पर एक टीम गठित कर मोबाइल लोकेशन के अधार पर लड़की को गया जिला के डुमरिया से बरामद कर थाना ले आई। पूछताछ के बाद उसे मंगलवार को मेडिकल जांच हेतु एमएचसीएच मेदिनीनगर भेज दिया। इस टीम में हुसैनाबाद थाना के एसआई अनंत कुमार सिंह व पुलिस के कई जवान शामिल थे। थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि हुसैनाबाद थाना कांड संख्या-168/2024 धारा 137 (2),196 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी शीघ्र की जाएगी।

### नगर पंचायत कर्मियों ने विधायक प्रतिनिधि को सौंपा ज्ञापन



**हुसैनाबाद।** निकाय में कार्यरत दैनिक, मानदेय कर्मी का सेवा नियमित करने की मांग के समर्थन में हुसैनाबाद में कार्यरत कर्मियों ने हुसैनाबाद विधायक के नाम मांग पत्र सौंपा। विधायक कमलेश कुमार सिंह की अनुपस्थिति में मांगपत्र विधायक के आवासीय कार्यालय में मौजूद हंसराज सिंह को मांग पत्र समर्पित किया। हंसराज सिंह ने कर्मियों से विधायक की बात वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम कराया। विधायक ने उन्हें आश्वासन दिया की उनकी मांगें जायज हैं। वह इसके लिए विधानसभा में आवाज बुलंद करने का काम करेगें। कर्मचारियों की मांगों में निकाय कर्मी का वेतन भुगतान के लिए सरकार अपने स्तर से शत-प्रतिशत आवंटन निर्गत करें। निकाय में सेवा निवृत्त होने वाले कर्मियों का तमाम तरह का सेवानिवृत्ति लाभ, सेवा निवृत्ति का भुगतान सरकार अपने कोष से करें। निकाय, निगम में उच्चतर पदों पर निकाय कर्मियों से ही पदोन्नित प्रदान किया जाए। आउटसोर्सिंग का मजदूरी का भुगतान सरकार अपने स्तर से कर भ्रष्टाचार समाप्त करें। जीवन बीमा का लाभ निकायकर्मियों को सरकार द्वारा किये जाने आदि मांगे शामिल है। उन्होंने आंदोलनात्मक कार्यकम की जानकारी देते हुए बताया कि 23 जुलाई से 27 जुलाई 2024 तक अपने-अपने निकाय मुख्यालयों में मशाल जुलुस निकाल कर विरोध किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सता दल के विधायकों के आवास के समक्ष 06 अगस्त 2024 को मांगों के समर्थन में धरना दिया जायेगा। जबकि 12 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास के समक्ष राज्यस्तरीय प्रदर्शन होगा। मांगें पूरी नहीं होने पर अनश्चितकालीन हड़ताल किया जायेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में झारखंड लोकल बॉडी इंपलाई फेडरेशन के हुसैनाबाद अध्यक्ष उमेंद्र ठाकुर के अलावा प्रदीप कुमार पासवान, अवधेश कुमार, रवि कुमार व मंटू पटेल आदि लोग शामिल थे।

# पेड़ ऑक्सीजन देते हैं, इसे सभी को लगाने की जरूरत है : कमलेश सिंह

**सगालीम।** गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर विवेकानंद विद्या मन्दिर कुन्दरी में 111 पौधे का रोपण एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कुन्दरी में हो रहे संचालित विवेकानंद विद्या मंदिर स्कूल अपनी अनूठी पहचान बनाती जा रही है। जहां एक ओर आधुनिकता की धमक में युवा पीढ़ी खोती जा रही है। वहीं दूसरी ओर स्वामी विवेकानंद के प्रेरणा से संचालित विवेकानंद विद्या मंदिर कुन्दरी भारतीय संस्कृति और परंपरा को जीवंत करने का प्रयास कर रही है। विद्यालय में 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरुओं के पूजन के साथ सभी छात्रों को इसके महत्व और दृष्टिकोण से अवगत कराया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शुभम कुमार ने उपस्थित छात्रों और अभिभावकों को बताया कि लगभग 3000 ई. पूर्व पहले आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा के दिन महाभारत के रचयिता वेद व्यास का जन्म हुआ था। वेद व्यास के सम्मान में हर वर्ष आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा का दिन माना जाता है। मान्यता है कि इसी दिन वेद व्यास ने भागवत पुराण का ज्ञान भी दिया था। गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा नाम से भी जाना जाता है। गुरु पूर्णिमा के दिन अपने गुरुजनों के सम्मान और उन्हें गुरु दक्षिणा देने का बहुत महत्व है। माना जाता है कि इस दिन अपने गुरु और गुरु तुल्य वरिष्ठजनों को मान-सम्मान देते हुए उनका आभार जरूर व्यक्त करना चाहिए। साथ ही जीवन में मार्गदर्शन करने के लिए उन्हें गुरु दक्षिणा देने का भी महत्व है। गुरु पूर्णिमा के दिन व्रत, दान-पुण्य और पूजा-पाठ का भी बहुत महत्व है। माना जाता है कि जो मनुष्य गुरु पूर्णिमा का व्रत रखता है और दान-पुण्य करता है। उसे जीवन में ज्ञान की प्राप्ति होती है और जीवन के बाद मोक्ष मिलता है। वहीं शुभम ने इसकी कहानी बताते हुए कहा कि आषाढ़ महीने की पूर्णिमा को महाभारत के रचयिता वेद व्यास का जन्म हुआ था। वेद व्यास के बचपन की बात है। वेद व्यास ने अपने माता-पिता से भगवान के दर्शन की इच्छा जाहिर की। लेकिन उनकी माता सत्यवती ने उनकी इच्छा पूरी करने से मना कर दिया। वेद व्यास हठ करने लगे, तो माता ने उन्हें वन जाने की आज्ञा दे दी। जाते समय माता ने वेद व्यास से कहा कि 'जब घर की याद आए, तो लौट आना' इसके बाद वेद व्यास जी तपस्या करने के लिए वन चले गए।

### डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स 2024 की संकुल स्तरीय प्रतियोगिता शुरू

# नैतिक मूल्यों को छात्रों में भरना एक प्रशंसनीय कार्य है: डीडीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डीएवी नेशनल स्पोर्ट 2024 के अंतर्गत संकुल स्तरीय प्रतियोगिता एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल डालटनगंज में आयोजित हुई। प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के कुल सात विद्यालयों डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला, सिमडेगा, लातेहार, भवनाथपुर, लोहरदगा, गढ़वा एवं डालटेनगंज की टीमें भाग लेंगे। यहां कुल 10 खेलो बसु,ताइक्वांडो, कराटे, बॉक्सिंग, जूडो, वेटलिफ्टिंग, रेसलिंग, शूटिंग, रोलर स्केटिंग, लॉन टेनिस की प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन वेद मन्त्रों के साथ दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से खेल ध्वजारोहण किया गया। इसके उपरांत विद्यालय के प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के डॉक्टर जीएन खान ने अपने स्वागत भाषण में अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति का आभार व्यक्त किया तथा स्वागत दिया। विशिष्ट अतिथि श्री दुगार्नंद झा जिला शिक्षा पदाधिकारी पलामू ने कहा कि आज बच्चों में पूर्णांक से भी अधिक अंक लाने की क्षमता तो है, किंतु वे संस्कारों और नैतिक मूल्यों से दूर हो गए हैं। 57 किलोग्राम भार वर्ग में विश्वजीत सिंह डीएवी गढ़वा विजेता एवं अंकित केसरी एमकेडीएवी. डालटनगंज उपजेता बने। पहली प्रतियोगिता 17 वर्ष आयु वर्ग 52 किलोग्राम भार वर्ग बालकों की बॉक्सिंग प्रतियोगिता थी। जिसमें ईशान मुखर्जी डीएवी गढ़वा विजयी एवं नित्या सिंह एमकेडीएवी. डालटनगंज उपजेता बने। 57 किलोग्राम भार वर्ग में विश्वजीत सिंह डीएवी गढ़वा विजेता एवं अंकित केसरी एमकेडीएवी उपजेता रहे। दूसरी प्रतियोगिता 14 वर्ष आयु वर्ग 33 से 35 किलोग्राम भार वर्ग बालिकाओं की थी, इसमें जेबा खान विजेता एवं प्रियांशु कुमारी उपजेता रही। ये दोनों ही एमकेडीएवी डालटेनगंज की छात्राएं थी। 38 से 40 किलोग्राम भार वर्ग में डीएवी गढ़वा विजेता एवं एमकेडीएवी डालटेनगंज उपजेता रहा। विद्यालय से बाहर चल रही प्रतियोगिताओं में डीएवी पब्लिक स्कूल लातेहार में 19 वर्ष आयु वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता में डीएवी सिमडेगा को हराकर एमकेडीएवी. डालटेनगंज विजेता बना। 14 वर्ष आयु वर्ग में डीएवी लोहरदगा विजेता एवं एमकेडीएवी डालटेनगंज उपजेता रहा। एमके डीएवी डालटेनगंज के 14 वर्ष आयु वर्ग वॉलीबॉल बालक वर्ग की टीम डीएवी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर में चल रही प्रतियोगिता में विजेता घोषित हुई हैं। 17 वर्ष बालक वर्ग में भी डालटेनगंज की टीम हैंडबॉल में विजयी रही। 17 वर्ष बालिका वर्ग हैंडबॉल में, 17 वर्ष आयु वर्ग वॉलीबॉल में, 14 वर्ष आयु वर्ग वॉलीबॉल में भी एमके डीएवी डालटेनगंज की टीम विजेता रही।

### विद्यालय, पारिवारिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों से छात्रों को समृद्ध कर रहा है

मुख्य अतिथि उपविकास आयुक्त पलामू मोहम्मद शब्बीर अहमद ने कहा कि आज एक तरफ जहां विद्यालय धनोपार्जन के केंद्र और स्रोत बनते जा रहे हैं, वहीं डी.ए.वी की गौरवशाली परंपरा देखने को मिलती है। इस विद्यालय के चार छात्र आइ.ए.एस पास कर एक बड़ी उपलब्धि विद्यालय के नाम कर चुके हैं। इस संस्था में हर व्यक्ति को उचित सम्मान मिलता है। अंकों की होड़ के दौर में भी इस संस्था में नैतिक मूल्यों को छात्रों में भरना एक प्रशंसनीय कार्य है। विद्यालय, पारिवारिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों से छात्रों को समृद्ध कर रहा है।

### संत मरियम के कराटेकारो ने दो गोल्ड व एक सिल्वर मेडल जीता

# इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप के लिए चयनित




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मथुरा में आयोजित 18 वां नेशनल मार्शल-आर्टस चैम्पियनशिप के कराटे इवेंट में संत मरियम विद्यालय के बाल कराटेकारो ने अपने वेट कटेगरी में फाईट करते हुए दो गोल्ड एवं एक सिल्वर मेडल की जीतकर अपने नाम किया। ओम प्रकाश यादव और सुन्दरम सिंह को गोल्ड मेडल एंव प्रिस कुमार चंद्रवंशी को सिल्वर मेडल मिला। यह प्रतियोगिता निन्जा स्पोर्ट्स फेडरेशन महासंघ के तत्वावधान में 20-21 जुलाई को मथुरा स्थित गोवर्धन चौक के समीप अंगोरी फार्म हाउस में आयोजन किया गया था। इस बड़ी उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने बाल कराटेकारो एवं मुख्य कराटे प्रशिक्षक संतोष कुमार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 6 साल एंव 7 साल के उम्र मे बाल कराटेकारो के बेहतर प्रदर्शन विद्यालय के लिए गर्व की बात। जहाँ छोटे बच्चों को कोई भी घर से बाहर भेजना नहीं चाहते, वही अभिभावक अपने बच्चों के कला, आत्मविश्वास और हौसलों पर भरोसा करते हुए देश के अलग-अलग हिस्सों में भेज रहे हैं। और वे बच्चे निश्चित रूप से अपने माता-पिता व विद्यालय के उम्मीदों पर खरे उतर रहे हैं जो की सराहनीय है।

### खिलाड़ियों का चयन फाईट के आधार पर किया गया

22 राज्यों के मार्शल-आर्टस खिलाड़ीयों ने हिस्सा लिया। संत मरियम विद्यालय के जीते हुए तीनो छात्रों को भुटान में आयोजित इन्टरनेशनल चैम्पियनशिप के लिए चयन महासंघ के ग्रैंड मास्टर डॉ. विकास सान्धु के द्वारा फाईट के आधार पर किया गया। यह जानकारी मुख्य मार्शल-आर्टस प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार ने दी।

**विधालय के चेयरमैन अविनाश देव ने बाल कराटेकारो एवं मुख्य कराटे प्रशिक्षक संतोष कुमार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 6 साल एंव 7 साल के उम्र मे बाल कराटेकारो के बेहतर प्रदर्शन विद्यालय के लिए गर्व की बात है।**

# मनरेगा और अनुसचिवीय कर्मचारियों की हड़ताल का असर पड़ा : बीडीओ

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत आयोजित शिविर में प्राप्त 336 आवेदन में 210 की ऑनलाइन इंट्री कर दी गई। जबकि 126 ऑफलाइन लंबित हैं। यह जानकारी बीडीओ ने दी है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य लक्ष्य के तहत स्थानीय बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना है। शिविर में रोजगार पंजीकरण से संबंधित स्टाल लगाए गए थे। जहां पंचायत के सभी प्रज्ञा केंद्र संचालकों ने ऑन द स्पॉट प्राप्त आवेदनों की ऑनलाइन इंट्री की। इस दौरान उपस्थित युवाओं को विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी भी दी गई। उनको सरल प्रक्रिया से ऑनलाइन फॉर्म भरने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। हालांकि इस कैंप में लोगों की उपस्थिति लक्ष्य के अनुरूप नहीं थी। ऋण लेने के प्रति भारी उत्साह की कमी भी देखी गई। बीडीओ परितोष प्रियदर्शी ने बताया कि भविष्य में इस योजना को और अधिक प्रचारित कर लोगों को इसके लाभ के प्रति जागरूक करने के लिए कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने माना कि प्रखंड के अनुसचिवीय और मनरेगा कर्मियों के हड़ताल पर जाने से भी शिविर की सफलता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिन्हा और बतौर नोडल अधिकारी डीईओ दुगार्नंद झा ने स्टॉल का निरीक्षण किया। कई दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को इस योजना के लाभार्थियों तक अधिकतम पहुंच बनाने के लिए उचित कदम उठाने की बात कही। कैंप में बीपीआरओ नौशाद आलम, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सह प्रभारी कल्याण पदाधिकारी विवेकानंद पटेल, कंप्यूटर सहायक मनोहर कुमार और अन्य कई कर्मी और समाजसेवी शामिल थे।

### बीडीओ परितोष प्रियदर्शी ने बताया कि भविष्य में इस योजना को और अधिक प्रचारित कर लोगों को इसके लाभ के प्रति जागरूक करने के लिए कदम उठाए जाएंगे

### धान की फसल को लेकर किसान चिंतित

# बारिश नहीं होने से सूखने लगा बिचड़ा, नहीं हो रही रोपनी

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई ।** सावन में बारिश को लेकर मौसम का मिजाज बदलना शुरू हो गया है। किसान जिस उम्मीद के साथ सावन माह की बेसब्री से इंतजार कर रहे थे उसके शुरूआती लक्षण से अब उनका मोह भंग होने लगा है । साथ ही खेतों में उपजे धान की बिचड़ों को लेकर भी वे खासे चिंतित हो गए हैं। किसान गुप्तेश्वर प्रसाद, आनंद प्रकाश, राम कुमार मेहता, विनोद शाह, चंद्रशेखर प्रसाद, रामचंद्र सिंह, नंदू यादव ,आफताब आलम इत्यादि लोगों का कहना है कि सावन माह में बारिश को लेकर हम सभी पूरी तरह अस्वस्थ थे कि माह जेष्ठ और आषाढ़ में कमोबेश बारिश होता है लेकिन सावन माह में उसके अपेक्षा कई गुना ज्यादा बारिश हो जाती है। उसी आशा और उम्मीद के साथ इस वर्ष भी हम लोगों ने अपने-अपने खेतों में कमोबेश बारिश के बीच धान के बिचड़े डाल दिए। वहीं अंकुरित होकर वह अब फसल का आकार भी ले लिया है जिसके लिए हर समय अब पानी की आवश्यकता है। लेकिन जैसे ही सोमवार को सावन माह की शुरूआत हुई तो चिलचिलाती धूप के साथ सूर्योदय हुआ जो शाम तक



पूरी तरह क्षेत्र में प्रभावी रह गया । पूरा दिन धूप का लक्षण देख हम सभी बिल्कुल रूप से सकते में हो गए । उन्होंने कहा कि शुरूवाती लक्षण से ही हम सभी को पता चलने लगा है कि जिस बारिश को लेकर हम सभी अस्वस्थ थे वह सिर्फ एक सपना था ।साथ ही कहा कि सपने को ही भविष्य में तब्दील कर के हम सभी असाढ़ माह के हल्की फुल्की बारिश के बीच अपने-अपने खेतों में धान के बिचड़ों को बो दिए थे । किसानों ने कहा कि मंगलवार को सावन माह दूसरा दिन गुजर गया लेकिन प्रखंड क्षेत्र में बून्द भर भी बारिश नहीं हुआ । प्रखंड की पूरी धरती प्यासी की प्यासी रह गई । इसका सीधा प्रभाव खेतों में उपजा छोटे-छोटे पौधों पर पड़ना शुरू हो गया है ।किसानों ने कहा कि एक-दो दिन में प्रखंड में अगर बारिस नही हवा तो मूर्छित हो रहे धान के बिचड़े को सूखने से कोई नहीं बचा पाएगा । उसके बाद इसका प्रतिकूल प्रभाव क्षेत्र के दलहन फसलों पर भी पढ़ना शुरू हो जाएगा । वे सभी भी पानी के अभाव में सुखना शुरू हो जाएंगे । किसानों ने जानकारी देते हुए बताया कि बरसात के मौसम का लगभग 2 महीने का समय अब गुजरने लगा लेकिन अभी तक प्रखंड क्षेत्र में एक भी अच्छा खासा बारिश नहीं हुआ कि उससे जल स्तर बढ़े और कुआँ तालाब में भी पानी इकट्ठा हो जाए । वहीं उन्होंने कहा कि हम सभी किसानों के लिए पनघटवा डैम एक काफी विश्वसनीय डैम था । हम सभी जब चाहते थे तब डैम को खोलकर उसका पानी अपने खेतों तक पहुंचा ले रहे थे । जिस कारण खेतों में उपजा फसल या बिचड़ा पुवाल होने से बच जा रहा था । लेकिन इस वर्ष पाइप लाइन के माध्यम से उसका पानी निकल जाने के कारण उसके पानी से भी हम सभी को हाथ धोना पड़ गया है।

### चारों तरफ सूखा, अकाल का साया

प्रखंड क्षेत्र में सावन माह में भी वर्षा नहीं होने से आसमान निहारते-निहारते किसानों के आंखें फटने सी लगी है। लगभग पन्द्रह दिनों से किसानों के ऊपर इंद्र भगवान की कृपा नहीं हो पा रही है। मौसम की बेरुखी इस बार भी प्रखंड क्षेत्र वासियों को परेशान कर रही हैं। अब तक अच्छी बारिश नहीं होने से किसान चिंतित हैं। किसानों को डर सता रही हैं कि कहीं अकाल न पड़ जाय। पिछले कई साल से खरौंधी प्रखंड सुखाड़ की चपेट का दंश झेल रहा है ।इस साल भी अबतक न के बराबर बारिश हुई हैं। जिस कारण प्रखंड क्षेत्र में धान रोपाई का काम शुरू नहीं हो पाया है। बारिश नहीं होने से धान का बिचड़ा मरने के कगार पर पहुंच गया है। जिससे किसान बेहद हैरान परेशान है। अच्छी बारिश नहीं होने से बिचड़ा भी खराब होने लगा है। वही किसानों ने काफी महंगे दामों से बिचड़े खरीद कर अपने अपने खेतों में लगाया है जो रंग फटने लगा है। हालांकि कुछ किसानों ने मोटर पंप से बिचड़ा पटवन कर बचाने का हरसंभव प्रयास किया है लेकिन फिर भी बारिश नहीं हो रही हैं। पिछले कुछ दिनों से बादल तो छा रहे हैं लेकिन बारिश नहीं हो पा रही हैं। जिससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीर साफ दिखाई देती है ।प्रखंड क्षेत्र के खरौंधी, माझिगावां, राजी,सुंडी,चन्दनी, सिसरी,अरंगी, कूपा, करिवाडीह पंचायतों के किसान पानी नहीं होने से किसान बेहद परेशान नजर आ रहे हैं। इस संबंध में प्रखंड के किसानों में उमाशंकर प्रसाद,अनिल कुमार गुप्ता,सतेंद्र प्रसाद यादव,राजेंद्र गुप्ता,सुशील कुमार यादव,सत्यनारायण प्रसाद यादव,राजेन्द्र प्रसाद यादव,सत्यनारायण सिंह,मदन प्रसाद सिंह,महेंद्र सिंह,सरयू प्रसाद सिंह आदि किसानों का कहना है की इतने महंगे दामों में बीज खरीदना पड़ा और बारिश नहीं होने की वजह से बिचड़ा भी तैयार नही हो पाया। बिचड़े पानी के अभाव में तैयार होने से पहले ही मृत हो रहें हैं।

## जिले के किसान सुखाड़ का दंश झेल रहे

**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राम लला दुबे के नेतृत्व में भाजपाइयों ने मंगलवार को महामहिम राज्यपाल के नाम छः सूत्री मांग पत्र बीडीओ राकेश सहाय को सौंपा। मांग पत्र में उल्लेखित करते हुए कहा कि पिछले तीन वर्षों से कांडी प्रखंड सहित जिले के किसान सुखाड़ का दंश झेल रहे हैं। झरखण्ड सरकार के उदासीन रवैया के कारण अभी तक यहां के किसानों को कोई राहत कार्य नही मिला है ।गरीब किसान लगातार तीन वर्षों से कर्ज महाजन लेकर कृषि कार्य कर भी रहे हैं वह भी सुखाड़ की भेंट चढ़ जा रहा है साथ ही नीलगाय व जंगली सुअर से कृषि उपज बर्बाद हो जा रहा है ।अतः अभियान चलाकर सुखाड़ राहत कार्य से किसानों को राहत पहुंचाई जाए ।किसानों के बीच मुफ्त में खाद व बीज उपलब्ध कराई जाए ।सिंचाई के लिए किसानों को मुफ्त में बिजली दिया जाए। जंगली जानवरों से खेती बचाने के लिए ठोस कदम उठाया जाए ।प्रत्येक किसान के खेत में डीप बोर दिया जाए ।कृषि कार्य को मनरेगा से जोड़ने के लिए मांग पत्र सौंपा गया।

## बीडीओ ने स्कूल का किया औचक निरीक्षण, दिए कई निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कांडी-प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने मंगलवार को प्रखंड के तीन मतदान केंद्र व एक स्कूल का औचक निरीक्षण किए ।बीडीओ ने बूथ संख्या 65 उप स्वास्थ्य केन्द्र पिपरडीह का पहला निरीक्षण किया जिसमें बीएलओ पुष्पा देवी का कार्य सराहनीय था। उसने शिफ्टेड और मृत मतदाताओं को हटाने के लिए कूल 32 फॉर्म 7 का एंट्री किया था और उसकी उपलब्धि शत प्रतिशत पाई गई।। जबकि बूथ संख्या 66 राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चटनियां पूर्वी भाग के बीएलओ सविता देवी एवं बूथ नंबर 67 मध्य विद्यालय चटनियां



पश्चिमी भाग की बीएलओ रेखा देवी का कार्य बेहद असंतोष जनक पाया गया।। उनके द्वारा गंभीरता पूर्वक मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को पूरा नहीं किया जा रहा है।। उनके विरुद्ध स्पष्टीकरण निर्गत किया गया है कि क्यों नहीं उनको सेविका के मूल पद से बर्खास्त कर दिया जाए। उनके द्वारा मृत और शिफ्टेड मतदाताओं को हटाने के लिए गंभीरता पूर्वक कार्य नहीं किया जा रहा है ।साथ ही बीडीओ ने राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चटनिया स्कूल का निरीक्षण किया ।निरीक्षण के क्रम में उन्होंने पाया कि अधिकांश बच्चे अपने क्लास रूम में नहीं थे। जबकि कुल आठ शिक्षकों में कुल 7 शिक्षक उपस्थित थे व एक शिक्षक आकस्मिक अवकाश में थे ।विद्यालय प्रभारी दुर्गा राम को स्कूल में शैक्षणिक वातावरण बहाल करने का निर्देश दिया गया। साथ ही बच्चों के भविष्य से नहीं खेलने के लिए उपस्थित सभी शिक्षकों को चेतावनी दी गई और कहा गया कि अपना फर्ज और दायित्व ईमानदारी से निभाएं जो बच्चे उनके भरोसे स्कूल आ रहे हैं उनकी जिंदगी बर्बाद नहीं करें ।स्कूल का शैक्षणिक वातावरण बहुत निराशा जनक पाया ।साथ हीं स्कूल में आकस्मिक अवकाश पंजी संधारित नहीं था। मौके पर चटनियां पंचायत मुखिया प्रतिनिधि लल्लू यादव,प्रखंड कोर्डिनेटर उमंग पाण्डेय सहित कई लोग उपस्थित थे।

### एक नजर

#### करंट लगने से घायल

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के कोरवाडीह गांव निवासी चौधरी की पत्नी मंजू देवी बिजली के करंट लगने से घायल हो गई उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है घटना के संबंध में बताया गया कि मंजू देवी स्नान करने के लिए कुआं पर लगा हुआ मोटर का तार बिजली के तार पर चढ़ा रही थी इसी क्रम में बिजली के तार के झटके से कुएं में गिर गई घटना के बाद शोर मचाने पर गांव के लोगों ने उसे कुएं से बाहर निकला इसके बाद परिजनों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताया गया है।

## ग्रीन महोत्सव में लगाये पौधे



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** सीबीएसई से मान्यता प्राप्त टेन प्लस टू मिलिनियम पब्लिक स्कूल में मिलिनियम एजुकेशनल सोसाइटी के तत्वधान में सोमवार को ग्रीन महोत्सव का आयोजन किया गया। ग्रीन महोत्सव का शुभारंभ विद्यालय के चेयरपर्सन नूरजहां बेगम एवं विद्यालय के निदेशक मो मुमताज राही ने दीप प्रज्वलित कर तथा पीपल का पेड़ लगाकर किया। विद्यालय के चेयरपर्सन नूरजहां बेगम ने कहा कि हमारा संबंध प्रकृति से आदिकाल से है। हम पेड़ पौधों के बिना जीवित नहीं रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि मेरा प्रथम धर्म प्रकृति पूजा है हम सभी को प्रकृति पर्व मनाना चाहिए। हम अधिक पेड़ पौधा को लगाकर स्वच्छ एवं सुंदर संसार बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार प्रतिवर्ष 22 जुलाई को मिलिनियम ग्रीन महोत्सव मानते हैं। अब तक दस हजार से अधिक पेड़ पौधे लगाकर एक नया अध्याय जोड़ने का काम किया है। जिसमें 8600 पेड़ पौधे को बचाया जा सका है जो आज सुरक्षित है। ग्रीन महोत्सव में कई प्रकार के पौधे लगाए गए जिसमें आम, आँवाला, जामुन, बेल, संतरा, कटहल, महोगनी, सागवान, तेजफता, मीठा नीम, सीसम, केला, के साथ पान जैस्मीन, चमेली, केरोटन, उड़हुल, सहित अन्य पेड़ पौधा लगाए गए। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक नागेंद्र प्रसाद सिंह, संजय कुमार चौधरी, धीरेश कुमार,असगर अली, श्रीकांत श्रीवास्तव, जयप्रकाश ठाकुर,ओम प्रकाश, रोहित राय, रोहित शर्मा, संजना,रीमा तिवारी एवं अन्य शिक्षक मौजूद थे।

## शिव मंदिर में शिवलिंग और नंदी प्रतिमा की पूजन कर की गई प्राण प्रतिष्ठा



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के अधौरा स्थित शिव मंदिर में शिवलिंग और नंदी प्रतिमा की स्थापना की गई। विधिवत पूजन अर्चन के साथ आचार्य श्रीकांत मिश्रा ने प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न कराया। इस दौरान यजमान के रूप में अनुरंजन पांडेय और शाश्वत पांडेय मौजूद थे। बाँकी नदी तट स्थित शिव मंदिर में पहले से स्थापित शिव लिंग खंडित हो गया था। जिसके बाद उक्त मंदिर के जीणोर्धार के साथ काशी से शिवलिंग मंगाकर प्राण प्रतिष्ठा की गई। भगवान को धार्मिक रूप से रुद्राभिषेक भी किया गया। प्राण प्रतिष्ठा के बाद उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया मौके पर उपस्थित लोगों ने शिवघोष भी किया। उक्त मौके पर कमलेश्वर पांडेय, तारकेश्वर पांडेय,इंद्र प्रताप देव,उदय प्रताप देव,शिवकुमार पासवान,मन्नू शर्मा, राहुल कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### मंत्री ने किया अन्नराज डैम पर जलक्रीड़ा व साहसिक क्रीड़ा अधिष्ठापन का उद्घाटन

# गढ़वा के विकास की चर्चा पड़ोसी राज्यों में भी : मंत्री

## अब गढ़वा में भी लोगों को मिलेगा नौका विहार का आनंद, बनेगा इको पार्क



### गढ़वा अब पीछे मुड़कर नहीं देखेगा

**मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आने वाले समय में यहां इको पार्क का निर्माण किया जाएगा। जो पूरे झारखंड के लिए उदाहरण बनेगा। आज से साढ़े चार वर्ष पूर्व का गढ़वा तथा आज के गढ़वा में कोई तुलना नहीं है। गढ़वा की विकास की चर्चा सिर्फ झारखंड ही नहीं बल्कि पड़ोसी राज्यों में भी होती है। गढ़वा आगे भी विकास के पथ पर काफी तेजी से दौड़ेगा इसका भी खाका तैयार है। गढ़वा अब पीछे मुड़कर नहीं देखेगा। निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा।**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा सदर प्रखंड स्थित अन्नराज डैम पर जल क्रीड़ा एवं साहिसक क्रीड़ा अधिष्ठापन कार्य का मंगलवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप जलाकर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। तत्पश्चात मंत्री श्री ठाकुर, डीसी शेखर जमुआर, जिप अध्यक्ष शांति देवी, एसपी दीपक पांडेय, डीडीसी पशुपति नाथ मिश्रा ने बोटिंग कर नौका विहार की शुरूआत की। पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार की ओर से विभिन्न प्रकार की जल क्रीड़ा सामग्री स्पीड मोटर बोट, पैडल बोट, कयाकिंग और जेट्टी आदि की व्यवस्था की गई है। गढ़वा में अब लोगों को नौका विहार का आनंद मिलेगा। इस दौरान मंत्री ने नौका विहार के लिए प्रशिक्षित युवाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज हर क्षेत्र में गढ़वा पूरी तरह से बदल रहा है। एक समय ऐसा था कि अन्नराज डैम आना मुश्किल लगता था। अब यह पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रहा है। उन्होंने कहा कि डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक की लागत से इसका सुंदरीकरण एवं आधारभूत संरचना का विकास किया गया है। यहां दो करोड़ रुपए से अधिक की लागत से गेस्ट हाउस बनाया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि इसके संचालन की व्यवस्था स्थानीय कमिटी को दी गई है। प्रशिक्षित युवा इसे संचालित करेंगे। डीसी शेखर जमुआर ने कहा कि यहां 20 एकड़ में इको पार्क का निर्माण किया जाएगा। साथ ही वॉच टावर भी बनाया जाएगा। इसकी प्रक्रिया जारी है। डीसी ने कहा कि वे पिछले डेढ़ वर्षा से गढ़वा में हैं। उन्हें विश्वास नहीं होता कि कोई जनप्रतिनिधि विकास कार्यां में इस कदर लीन हो सकता है। उन्होंने कहा कि जिले के सुदुर क्षेत्रों तक चहुंमुखी विकास हो रहा है। मौके पर जिप अध्यक्ष शांति देवी, डीडीसी पशुपति नाथ मिश्रा, एसपी दीपक पांडेय, डीएफओ अब्राहम, अंशुमन आदि ने भी विचार व्यक्त किया। मौके पर मुख्य रूप से जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजीव सिंह, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, जिला खेलकूद एवं पर्यटन पदाधिकारी उमेश लोहरा, गढ़वा बीडीओ, सीओ, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष छोटू सिंह खरवार, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, नवीन तिवारी, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**डीसी ने कहा कि वे पिछले डेढ़ वर्षा से गढ़वा में हैं। उन्हें विश्वास नहीं होता कि कोई जनप्रतिनिधि विकास कार्यां में इस कदर लीन हो सकता है। जिले के सुदुर क्षेत्रों तक चहुंमुखी विकास हो रहा है।**

## न्यूज बॉक्स

### मंत्री ने किया नियुक्ति पत्र व लोन स्वीकृत पत्र का वितरण



**गढ़वा।** विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मंगलवार को नया समाहरणालय के सभागार में मनरेगा के तहत नव नियुक्त 13 प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया। साथ ही कल्याण विभाग की ओर से 20 लाभुकों के बीच 2.72 करोड़ रुपए का ऋण सस्ते अनुदानित दर पर वितरण किया। इनमें झारखंड राज्य अनुसूचित जाति सहकारिता विकास निगम लिमिटेड द्वारा चयनित लाभुकों को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत वाहन एवं स्वव्यवसाय के लिए 2.48 करोड़ रुपए से अधिक का ऋण का बैंक चेक प्रदान किया गया। नियुक्ति पत्र वितरण किए गए 13 उम्मीदवारों में छह सामान्य वर्ग, एक अनुसूचित जाति, तीन अनुसूचित जन जाति, एक अत्यंत पिछड़ा वर्ग तथा दो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उम्मीदवार शामिल हैं। मौके पर मंत्री ठाकुर ने कहा कि आज गढ़वा के लिए खुशियों भरा दिन है। नव युवकों को नियुक्ति पत्र व स्वरोजगार के लिए ऋण दिया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि सिर्फ नौकरी पा लेना ही बड़ी बात नहीं है, बल्कि निष्ठापूर्वक अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करना सबसे बड़ी बात है। जिन्हें नियुक्ति पत्र मिला है, उनकी सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने की अहम भूमिका है। समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि सिर्फ धन ही सब कुछ नहीं है। आपके निष्ठापूर्वक किये गये कार्यां से समाज में अलग पहचान बनेगी। जिन लोगों ने लोन लिया है वे राशि का सदुपयोग करते हुए अपना बेहतर भविष्य बनायें। साथ ही समय पर लोन चुकता भी करें। डीसी शेखर जमुआर ने कहा कि यह नियुक्ति बिल्कुल पारदर्शी तरीके से की गई है। नव नियुक्त कर्मियों को इमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा। ताकि उनकी एवं जिले की छवि अच्छी बन सके। डीडीसी पशुपति नाथ मिश्रा ने कहा कि जिस उद्देश्य के लिए युवाओं को नियुक्ति पत्र एवं लोन मिला है वे उस उद्देश्य की पूर्ति इमानदारी से करें। इस दौरान मनरेगा के तहत संविदा पर बीपीओ के पद पर नियुक्त रंजन कुमार, आदम अली, शशि भूशण कुमार, रंजीत कुमार, कुमार अभय, आनंद रजक, रौशन कुमार, सरिता कुमारी, शुभम कुमार सिंह, प्रभु टोप्पो, नीरज कुमार पाल, अंकित कुमार सिंह एवं अजीत सिंह को नियुक्ति पत्र दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से जिप अध्यक्ष शांति देवी, एसपी दीपक पांडेय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजीव सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, गढ़वा बीडीओ, सीओ आदि पदाधिकारी उपस्थित थे

### मोहर्रम में माहौल बिगाड़ने वालो के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**रमना।** मोहर्रम जुलूस में विधि व्यवस्था भंग करने और हिंसा भड़काने वालो के विरुद्ध रमना थाना ने बड़ी कारवाइ की है। जिसमें चार नामजद और 100-200 अज्ञात लोगो के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। ज्ञात हो की मोहर्रम जुलूस के दौरान सिलीदाग पंचायत के दूधवनिया में सिलीदाग और भागोडीह पंचायत के मुस्लिम समुदायो द्वारा ताजिया-सिपड और अखाड़ा का मिलान वर्षो से किया जाता रहा है, उक्त स्थल पर गत वर्ष भी साफ-सफाई को लेकर विवाद इनके द्वारा किया गया था। जिसमें सिलीदाग पंचायत के मुखिया द्वारा हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ था। लेकिन अब समय बदल गया कुछ असमाजिक लोगो द्वारा आपसी भाइचारे को अपने स्वार्थ के लिए हिंसक रूप देना चाहते है। जिसे पुलिस प्रशासन नें विफल कर दिया और इस प्रकार के हिंसा फैलाने वाले नामजद चार और अज्ञात 100-200 लोगो के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अनुसन्धान जारी है।

### विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर बच्चों को दी गई कानूनी जानकारी




**चिनियां।** उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय चिनिया में मंगलवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राजेश शरण सिंह एवं सचिव श्री रवि चौधरी गढ़वा के निदेर्शानुसार जिला विधिक सहायता अधिकारी गोपाल चौबे के द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसके तहत नवी एवं दसवीं के छात्र-छात्राओं को कानून की विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी गई । जहां मुख्य रूप से चिनिया थाना प्रभारी अमित कुमार भी छात्र-छात्राओं के बीच मौजूद रहे। जिला विधिक सेवा अधिकारी गोपाल चौबे ने बच्चों से रूबरू होते हुए बाल संरक्षण कानून, घरेलू हिंसाओं से महिलाओं का संरक्षन अधिनियम, कार्यक्रम स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न रोकथाम, निषेध एवं निवारण अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्य प्रणाली व संरचनात्मक इकाई, लोक उपयोगी लोक अदालत, नेशनल लोक अदालत के लाभ के बारे में भी बच्चों के बीच बताया। साथ ही बालिकाओं सहित सभी महिलाओं से प्रत्येक गलत आचरण का प्रारंभ होने से ही विरोध करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यौन अत्याचार एवं अन्य के विरुद्ध उन्हें सजकता के साथ खड़ा होना होगा। उन्होंने बच्चों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत के साथ पढ़ाई करने के लिए भी प्रेरित किया। वहीं थाना प्रभारी अमित कुमार ने भी सभी स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से पहले किसी भी तरह का मोटर वाहन नहीं चलाना चाहिए। ड्राइविंग के लिए लाइसेंस होना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जीवन अनमोल है जीवन से खिलवाड करने का अधिकार किसी को नहीं है। अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं यातायात नियमों की अनदेखी के चलते होती है। विद्यार्थी जीवन से ही यातायात नियमों के प्रति जागरूक हो और यही पीढ़ी आगे चलकर यातायात की बेहतर व्यवस्थाएं बनाने में भूमिका निभा सकती है । उन्होंने विद्यार्थियों से कहां की कि वह अपने परिजनों व आसपास के लोगों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें । मौके पर थाना प्रभारी अमित कुमार, विद्यालय के प्रधानाध्यापक समीर राज, पीएलबी गोपाल चौबे, अमरदेव चौधरी, सहित विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षक आए मौजूद थे।

## एक नजर

### मनरेगा व सहायक कर्मी हड़ताल पर कार्य ठप

**गिद्धौर (चतरा)।** अपनी अपनी मांगों को लेकर मनरेगा कर्मी व सहायक कर्मी अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए। वैसे में मनरेगा के साथ-साथ प्रखंड कार्यालय का कार्य बाधित हो रहा है। बताया गया कि प्रखंड कार्यालय से न मृत्यु प्रमाण पत्र और न जन्म प्रमाण पत्र सहित अन्य प्रमाण पत्र निर्गत हो रहा है। वहीं मनरेगा के तहत सभी कार्य पड़ गए हैं।मजदूर को डिमांड करने के साथ-साथ अन्य कार्य करने में दिक्कत हो रहा है।

### मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा पर प्रखंड से गए सात श्रद्धालु

**गिद्धौर (चतरा)।** मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत प्रखंड से सात श्रद्धालु मंगलवार को सोमनाथ एवं हरिद्वार रवाना हुए। सात श्रद्धालुओं में द्वारी से जागेश्वर मोची एवं उनकी पत्नी,मंगल गोप,पहरा से देवनारायण पांडेय,उर्मिला देवी,मंझगांवा पिंडारकोण से विजय कुमार गुप्ता एवं पूरन यादव शामिल हैं। बताया गया कि सरकारी खर्च से इन श्रद्धालुओं को गुजरात के सोमनाथ मंदिर एवं हरिद्वार का दर्शन कराया जाएगा।

### रानी खटंगा की टीम ने 4-3 से खलारी की टीम को हराया

**चंदवा।** प्रखंड के बोदा में चल रहे तीन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का समापन मंगलवार को हो गया। टूर्नामेंट में 33 टीमों ने भाग लिया था। टूर्नामेंट के समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। जिसका उद्घाटन झामुमो नेता दीपू सिन्हा, बोदा पंचायत की मुखिया ललिता देवी तथा झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सह समाजसेवी नौशाद अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में रानी खटंगा (रांची) की टीम ने पेनाल्टी शूटआउट में खलारी की टीम को 4-3 हराकर खिताब पर कब्जा जमा लिया।

# दुर्घटना में चालक की मौत, विरोध में हाइवा ड्राईवरों ने किया 8 घंटे तक सड़क जाम





**अजित कुमार**

**बालूमाथ।** सड़क दुर्घटना में जय अम्बे का हाइवा ड्राइवर रविन्द्र उरांव का दर्दनाक मौत हो गई है। घटना बालूमाथ थाना क्षेत्र के सवासार ग्राम के पास का है। जहां मगध से हाइवा कोयला लेकर बालूमाथ कोयला साइडिंग जा रही थी। इसी दौरान दो गाड़ियों का आमने-सामने टक्कर हो गया और हाइवा ड्राइवर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित हाइवा ड्राइवरों ने कोयला ट्रांसपोटिंग मार्ग को नौकरी व मुवावजा आदि की मांग के लिए जाम कर दिया। मौके पर ड्राइवरों ने ड्राइवर को नींद लगने से दुर्घटना होने का मुख्य कारण बतलाते हुए कहा कि ट्रांसपोटिंग कंपनी ट्रिप के लिए दबाव बनाये हुए है। जिसके कारण हम ड्राइवर को अधिक ट्रिप लगाने का टेंशन रहता है और लगातार दिन रात 24 घंटे गाड़ी चलाने के दौरान नींद आ जाती है। ड्राइवर ने कहा कि अगर ट्रिप काम हो जाए या गाड़ी ज्यादा तेल पीले तो भी हमारे सैलरी से पैसा काट लिया जाता है। अधिक ट्रिप करने के लिए कहा जाता है। ड्राइवरों ने 8 घंटे ड्राइविंग करने और ट्रिप के लिए दबाव न देने की मांग की है। ताकि सड़क दुर्घटना ना हो। इधर, उप प्रमुख कामेश्वर राम व अमरवाडीह पिकेट प्रभारी के द्वारा जय अंबे ट्रांसपोर्टिंग कंपनी से फोन पर बात कर तत्काल 1 लाख मुआवजा व इंश्योरेंश का पैसा मृतक के परिजनों को देने का आश्वाशन 8 घंटे बाद जाम हटाया गया।

### बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत 66 किसानों के बीच किया गया मक्का विज का वितरण

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के बरियातू गांव के किसानों के बीच बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत 66 किसानों के बीच मक्का बीज का वितरण मंगलवार को किया गया। यह वितरण पंचायत के मुखिया डेगन गंझु के नेतृत्व में किया गया। बीटीएम दीनदयाल प्रसाद ने बताया कि 6544 मक्का का बीज बरियातू गांव के 66 किसानों के बीच चार-चार किलो कर वितरण किया गया है।मौके पर एटीएम अमरेंद्र कुमार पांडे बीटीएम दीनदयाल प्रसाद,वार्ड सदस्य प्रकाश यादव,मुनेश्वर यादव,रामावतार यादव,जमशेद आलम,चुनेश्वर भुइयां सहित दर्जनों महिला व पुरुष किसान उपस्थित थे।

## तंबाकू नियंत्रण से संबंधित व्यापक प्रचार-प्रसार करें : डीडीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत आज उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय तम्बाकू नियंत्रण समन्वय समिति की बैठक-सह-कार्यशाला का आयोजन समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में हुई। बैठक में चतरा जिले में तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत अभी तक की प्रगति पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के प्रारंभ में डाॅ. आशुतोष कुमार के द्वारा पूर्व में हुए बैठक के अनुपालन प्रतिवेदन की बिंदुवार जानकारी व जिले में संचालित तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम सम्बंधित महतवपूर्ण जानकारी दी गई। जिसपर उप विकास आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व के बैठक में जो निर्देश दिए गए थे उसका शत प्रतिशत अनुपालन नहीं हुआ है। इसका शत प्रतिशत अनुपालन कराना सुनिश्चित करेंगे। वहीं डॉक्टर आशुतोष द्वारा बताया गया कि पिछले माह नगर परिषद क्षेत्र में विद्यालय के 100 गज के दूरी के अंदर आने वाले प्रतिष्ठानों में जांच अभियान चलाया गया है जिसमे कुल 3600 रुपया की जुमार्ना राशि वसूली गई है। इसके अलावे कई विद्यालयों को तंबाकू मुक्त करने के लिए विद्यालय जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उप विकास आयुक्त ने कहा युवा पीढ़ियों को तंबाकू सेवन से मुक्त करने के लिए विद्यालय समेत अन्य स्थानों पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाना सुनिश्चित करें और जिले में निरंतर छापेमारी अभियान चलाएं।

बैठक में मुख्य रूप से राज्य तम्बाकू नियंत्रण पदाधिकारी डाॅ. अश्विन कुमार, डी आरसीएचओ डॉ एल आर पाठक, जिला सलाहकार रश्मि दुबे, राज्य कार्यक्रम सहायक धीरज कुमार एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मनिका पुलिस ने पांच लुटेरे को किया गिरफ्तार

### लुटेरे से एक रिवाल्वर एवं लूट के पैसे, मोबाइल पुलिस ने की बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार जिला के मनिका थाना पुलिस ने चोरी का ट्रक ले जाते बोलेरो से भाग रहे चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। जिसका प्रेस वार्ता कर लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बतलाया कि गुप्त सूचना मिली कि एक सफेद रंग के बोलोरो में अपराधकमीयों के द्वारा हेन्देगिर से एक ट्रक के ड्राईवर का मोबाइल और कुछ पैसा सवार लूट कर डाल्टेनगंज रोड में मनिका के तरफ जा रहे हैं। इस सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु थाना प्रभारी मनिका को आदेशित किया गया। तत्पश्चात थाना प्रभारी जय प्रकाश शर्मा तथा गस्ती दल के द्वारा मनिका थाना गेट के पास चेकिंग लगाया गया। सत्यापन के क्रम में ट्रक एवं बोलेरो से कुल 05 व्यक्तियों को पकड़ा गया। उन लोगों से पूछताछ किया गया तो उन लोगों ने अपना अपराध स्वीकार किया। बताया कि उनके साथ एक लौहिद अंसारी जो लातेहार का रहने वाला है। वह हेन्देगीर से आने के क्रम में लातेहार उतर कर अपने घर चला गया है तथा एक सहाबु अंसारी जो मनिका थाना क्षेत्र का रहने वाला है। वह पुलिस को देखकर मनिका में उतर कर भाग गया। तलाशी के क्रम में घटना में प्रयुक्त बोलेरो तथा एक देशी रिवाल्वर एवं मोबाइल तथा पैसा बरामद हुआ। जिसके उपरांत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधियों में मुमताज अंसारी, उम्र 22 वर्ष, सा०- बरवैया, बाजारटांड, थाना- मनिका, जिला- लातेहार, परवेज आलम, उम्र 24 वर्ष, सा०- सिरम, थाना- जोबांग, जिला- लोहरदगा, त्रिलोक कुमार, उम्र 18 वर्ष, पिता- स्व० ओमप्रकाश प्रसाद, सा०- बरवैया, थाना- मनिका, जिला- लातेहार, गौस आलम, उम्र 18 वर्ष, सा० थाना- सतबरवा, जिला- पलामू, रौशन अंसारी, उम्र 20 वर्ष, सा०- माची, थाना- जोबांग, जिला- लोहरदगा के नाम शामिल हैं।

## न्यूज बॉक्स

### एसीबी टीम ने पुअनि धीरेन्द्र कुमार सिंह को 20 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथ किया गिरफ्तार



**बारियातू।** लातेहार जिला के बारियातू थाना के पुअनि धीरेन्द्र कुमार सिंह को एसीबी ने 20 हजार घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। **क्या है मामला :** वादी के द्वारा आवेदन दिया गया कि विगत कुछ दिनों सें बारियातू थाना के पदाधिकारी के द्वारा यह बताया जा रहा है कि बारियातू थाना में अफीम रखने के मामले में केस दर्ज किया गया है। जिसमे इनके (वादी) भतीजा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। कुछ दिनों के बाद बारियातू थाना के पदाधिकारी के द्वारा इसी कांड में फसाने की धमकी देकर तीन लाख रुपए की मांग की जा रही है। इस सम्बन्ध में इनके (वादी) के द्वारा साफ इंकार किया गया। परन्तु बारियातू थाना के पदाधिकारी बराबर पैसे के लिए दाबव बना रहे हैं। जबकि वादी पैसा नहीं देना चाहते हैं। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यरो पलामू के धावादल के द्वारा दंडाधिकारी एवं दो स्वतंत्र साक्षी के उपस्थिति में प्राथमिकी अभियुक्त धीरेन्द्र कुमार सिंह उम्र 55 वर्ष पिता भानु प्रताप सिंह ग्राम अहिनौरा, पोस्ट हरिनाथपूर, थाना मोहनिया, जिला कैमूर (बिहार) समप्रती, पुअनि बारियातू थाना, जिला लातेहार को वादी सें 20,000 बीस हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रेंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।

### टाना भगत विकास प्राधिकार की बैठक संपन्न

**लातेहार।** उपायुक्त श्रीमती गरिमा सिंह की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में टाना भगत विकास प्राधिकार की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में टाना भगत समुदाय को सरकार के द्वारा मिलने वाले योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में पूर्व की बैठक में दिए गए निदेशों की अनुपालन की जानकारी ली गई। बैठक में निःशुल्क लगान रसीद, दाखिल-खारिज, उत्तराधिकार नामांतरण समेत अन्य मामलों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में टाना भगतों की ओर से विभिन्न प्रस्ताव पर उपायुक्त द्वारा अपर समाहर्ता को निर्देश दिया गया कि टाना भगतों की ओर से जो आवेदन प्राप्त हुए हैं उन आवेदनों की जांच कर ली जाए तथा प्राथमिकता तय करते हुए सूची तैयार करें। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, टाना भगत को वस्त्र के लिए चार हजार रुपए का वितरण, गाय का वितरण , मनरेगा, पेंशन योजना, शिक्षा समेत अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा हुई और आवश्यक निदेश संबंधित पदाधिकारियों को दिए गए।बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, सांसद प्रतिनिधि, चतरा विनीत मधुकर, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, जिला शिक्षा पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक, परमेश्वर टाना भगत, बहादूर टाना भगत समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।



## एक नजर

### पत्रकार ने भटक रहे बच्चे को बाल कल्याण समिति को सौंपा

**लोहरदगा।** एक छोटा बच्चा जिसकी उम्र लगभग आठ वर्ष का हो सकता जो भटककर सेन्हा व लोहरदगा के बीच घूम रहा था। जिसे आसपास के युवाओं ने देखा और बच्चे से उसका नाम पता पूछा तो बताया कि उसका नाम मयंक उरांव है पिता का नाम निरंजन उरांव व माता का नाम अनिमा उरांव बता रहा है लेकिन घर का पता सही से नहीं बता पा रहा है। लड़को पर राष्ट्रीय नवीन मेल के लोहरदगा ब्यूरो प्रमुख राहुल कौशल की नजर पड़ी तो पूछताछ करने पर पता चला कि बच्चा भटक गया है और लड़के उसके घर की तलाश कर रहे हैं। राहुल कौशल ने बच्चे को अपने पास रखकर बाल कल्याण समिति के बीरेंद्र कुमार और मनोरमा मिंज से संपर्क किया और बच्चे को मनोरमा मिंज के घर पर पहुचा दिया है।

### कौशिक ने छोड़ा झामुमो, आजसू पार्टी में हुए शामिल

**लोहरदगा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष कौशिक सिंह झामुमो का दामन छोड़ कर आजसू पार्टी में शामिल हो गए। झामुमो छोड़ने के बाद कहा कि झामुमो संगठन में वे ठगा हुआ महसूस कर रहे थे। आज आजसू में शामिल होकर मुझे अच्छा महसूस हो रहा है। यहां एक परिवार की तरह अपनी बात को रखने का जगह मिलता है। लोहरदगा के विकास के लिए हम सभी लोग आजसू पार्टी में शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आजसू नेत्री नीरू शांति भगत, संयोजक कवलजीत सिंह, अरविंद यादव, शाहिद अंसारी, पवन प्रजापति समेत अन्य मौजूद थे।

### ट्रैक्टर से दबने के कारण एक युवक की हुई दर्दनाक मौत

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित सिसई थाना क्षेत्र के सकरौली गांव निवासी गणेश साहू के 30 वर्षीय पुत्र पंकज साहू का ट्रेक्टर में दबने से मंगलवार को मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक पंकज ट्रेक्टर से खेत जुताई कर रहा था, खेत मे ट्रेक्टर फंस जाने पर वह केजवल में लकड़ी का बलि डाल कर ट्रेक्टर निकलने का प्रयास कर रहा था, इसी दौरान अचानक ट्रेक्टर पलट गया जिससे वह ट्रेक्टर में दब गया.स्थानीय लोगो ने उसे ट्रेक्टर से निकलकर अस्पताल पहुंचाया जंहा डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से परिजन शव को घर ले गए।

### फुटबॉल टूर्नामेंट 27 से

**चैनपुर।** स्वतंत्रता दिवस के मौके बारवे मैदान चैनपुर में 27 जुलाई से परमवीर अल्बर्ट एक्का फुटबॉल टूनामेंट शुरू हो रहा है। जिसका आयोजन हीरा बारवे टीचर्स यूनियन, चैनपुर के तत्वावधान में हो रहा है। यह टूनामेंट पुरुष व महिला दोनों वर्ग के लिए होगा । इच्छुक टीम 24 जुलाई तक अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं । यह महा मुकाबला 32 टीमों के बीच होगा। जिसका फाइनल मैच 15 अगस्त को होगा। विजेता टीम को 50हजार और उपविजेता टीम को 25 हजार की नगद इनामी राशि पुरस्कार के तौर पर दिया जाएगा।

## जिला पर्यटन संवर्धन समिति के कार्यकारिणी निकाय की हुई बैठक

# पर्यटन स्थलों पर लगाए जाएं साइनेज : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला पर्यटन संवर्धन समिति के कार्यकारिणी निकाय की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई व आवश्यक निर्देश दिये गये। अधिसूचित पर्यटन स्थलों पर सफाईकर्मियों/सुरक्षाकर्मियों के लिए रिक्तियों एक सप्ताह के अंदर आवेदन प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। पर्यटन स्थलों पर आई लव लोहरदगा व अन्य साइनेज से संबंधित सूचना पट्ट के लिए प्राक्कलन तैयार कर कार्य किये जाने का निदेश दिया गया। कुडू प्रखंड के टिको पर्यटन स्थल में रूनिया-झुनिया शहादत स्थल और कैरो प्रखंड के बौद्ध मठ को अधिसूचित कराने के लिए निर्देश दिया गया। सदर प्रखंड लोहरदगा में तैराकी खेलों को प्रोत्साहित किये जाने के लिए स्वीमिंग पुल निर्माण हेतु प्राक्कलन तैयार कराने हेतु निदेश दिया गया।

पर्यटन स्थलों की जानकारी हेतु साइनेज लगाये जाने का निर्देश दिया गया। इसी प्रकार पर्यटन स्थल धरधरिया में नक्सल घटना में शहीद हुए जवानों की स्मृति में शहीद स्मारक लगाये जाने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, नगर परिषद प्रशासक जयपाल सिंह, नामित सदस्य निशीथ जायसवाल और साईद खालिद शाह उपस्थित थे।

# युवा की मांग : बेरोजगारों के लिए बजट में अलग से व्यवस्था हो



**नवीन मेल संवादाता। गुमला**
छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए कर में छूट और आसान ऋण उपलब्ध हों, जिससे कारोबारी अपने व्यवसाय को बढ़ा सकें। उन्होने बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर देते हुए परिवहन और संचार में सुधार हो सके।

स्थानीय व्यापारियों के लिए विशेष प्रोत्साहन योजनाएं लाई जाएं जिससे गुमला के व्यापारिक माहौल में सुधार हो और रोजगार के नए अवसर उत्पन्न हों।

गुमला को रेल मार्ग से जोड़ने की आवश्यकता है ताकि यहां समग्र विकास हो सके। दामोदर कसेरा, अध्यक्ष गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स। रोजगार सृजन और युवा उद्यमियों के लिए विशेष योजनाओं की शुरूआत हो। सरकार कर दताओं को भी आवश्यक सुविधा मुहैया कराये। सरकार नई स्टार्टअप्स और छोटे व्यापारियों के लिए वित्तीय सहायता और टैक्स में छूट प्रदान करे। गुमला में पर्यटन विकास की काफी संभवानाएं है। सरकार जिले के पर्यटन स्थलो के विकास के लिए विशेष योजनाएं बनाये। बजट में गुमला जैसे छोटे शहरों के व्यापारिक माहौल को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले।

## गुमला के रायडीह में सड़क दुर्घटना एक की मौत, एक घायल

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
गुमला जिला अंतर्गत स्थित रायडीह थाना क्षेत्र के मांझाटोली से खक्सीटोली जाने वाले सड़क के बरहा सोकरी पुल में एक मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग अनियंत्रित होकर पुल के निचे गिरने से बरगीडांड़ निवासी कयुम खान के 29 वर्षीय पुत्र कमाल खान की मौके पर ही मौत हो गयी वहीं बरगीडांड़ निवासी सुल्तान अली पिता नहुर अली घायल हो गया। जानकारी के अनुसार कमाल खान व सुल्तान अली कुछ काम से मोटरसाइकिल में सवार होकर शाम करीब 7 बजे खक्सीटोली गया था व 11 बजे रात को खक्सीटोली से घर वापस आ रहा था उस वक्त मोटरसाइकिल सुल्तान अली चला रहा था वापसी के दौरान बरहा सोकरी पुल के समीप मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई और पुल से टकराते हुए पुल के नीचे जा गिरा जिसमें मोटर साइकिल में सवार कमाल खान की मौके पर ही मौत हो गयी वहीं सुल्तान अली बुरी तरह घायल हो गया इसकी सूचना परिजनों को मिली तो रात्रि में ही परिजनों घटना




स्थल पहुंच कर कमाल व सुल्तान को अस्पताल ले गये पर चिकित्सक ने कमाल खान को मृत घोषित कर दिया। तत्पश्चात शव को परिजन अपने घर बरगीडांड़ ले आये और इसकी सुचना रायडीह पुलिस को दी गयी सुचना मिलते ही रायडीह पुलिस बरगीडांड़ गांव पहुंची व शव को कब्जे में करतें हुए पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं मृतक के परिजनों का कहना था की यह दुर्घटना नहीं है मेरे बेटे की हत्या की गयी है पुलिस इसकी अच्छी तरह जांच करें इस बात को लेकर घंटों हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा अंतः समझाने बुझाने के बाद परिजन माने व लिखित आवेदन दिया।

# डकैती की योजना बना रहे थे अपराधी, गिरफ्तार



**लोहरदगा में डकैती की योजना बनाते तीन अपराधी हथियार के साथ धराए**

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
लोहरदगा पुलिस ने डकैती की योजना बना रहे तीन अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अपराधियों की पहचान सद्दाम हुसैन (29 वर्षीय), सकील अंसारी (22 वर्षीय) और सलमान अंसारी (20 वर्षीय) के रूप में किया गया हैं। अपराधियों के पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और भरठुवा बंदुक बरामद किया है।तीनों अपराधियों के खिलाफ किस्को थाना में धारा 310(4) 310(5) 310(6), बीएनएस और 25(1-बी)ए/26/35 आर्म्स एक्ट के तहत कांड संख्या 19/024 दर्ज किया गया है। इस संदर्भ में मंगलवार को एसपी हारिस बिन जमां ने पत्रकारों को बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि लोहरदगा जिला के किस्को थाना क्षेत्र के नारी धुर्वा मोड़ पर तीन अपराधी किसी घटना को अंजाम देने की रणनीति बना रहे हैं।सूचना के आधार पर पुलिस ने किस्को एसडीपीओ समीर कुमार सवैया के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और धुर्वा मोड़ पर अवस्थित कॉलोनी के अंदर स्थित खंडहर में डकैती की योजना बना रहे तीनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों की तलाशी के क्रम में एक अपराधी के पास से देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। जबकि घटनास्थल से पुलिस एक भरठुवा बंदुक बरामद किया। एसपी ने बताया कि सद्दाम हुसैन पर किस्को, कैरो और पुसो थाना में आर्म्स एक्ट 17 सीएल ए एक्ट के अलावा कई मामले दर्ज हैं। जबकि सकील अंसारी के खिलाफ गुमला के पुसो थाना में आर्म्स एक्ट 17 सीएल ए एक्ट, लूट, डकैती सहित कई संगीन मामले दर्ज हैं। छापेमारी दल में एसडीपीओ समीर कुमार सवैया, इंस्पेक्टर चंद्रशेखर आजाद, थाना प्रभारी हर्षवर्धन सिंह, एसआई महेंद्र प्रसाद यादव, एसआई देवेंद्र हांसदा, सुरक्षा बल के जवान और टेक्निकल टीम मौजूद रहे।

## न्यूज बॉक्स

### बीपीएल श्रेणी के 11 हिंदू द्वारिका-सोमनाथ तीर्थयात्रा के लिए हुए रवाना




**लोहरदगा।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना, 2024 के अंतर्गत बीपीएल श्रेणी के 11 हिंदू धर्मावलंबियों को द्वारिका-सोमनाथ तीर्थ यात्रा के लिए मंगलवार को समाहरणालय परिसर से हटिया स्टेशन के लिए लाभुक तीर्थ यात्रियों को रवाना किया गया। तीर्थयात्रियों के बस को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। तीर्थ यात्रा समाप्त होने के बाद सभी तीर्थ यात्री 30 जुलाई 2024 को वापस लौटेंगे। इस मौके पर जिला योजना पदाधिकारी अरूण सिंह, नजारत उपसमाहर्ता अभिनीत सूरज समेत सभी तीर्थयात्री उपस्थित थे।

### रूआर 2024 बैक टू स्कूल कैंपेन के तहत प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन



**भंडरा।** स्कूल रूआर 2024 बैक टू स्कूल कैंपेन के तहत झारखंड शिक्षा परियोजना लोहरदगा के तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को बीआरसी भवन में किया गया। अनामांकित एवं क्षितिज बच्चों को विद्यालय वापस लाने तथा शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम बीडीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि के रूप मे अंचलाधिकारी दुर्गा कुमार उपस्थित थे। कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। सर्वप्रथम प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जयनाथ महतो के द्वारा स्वागत भाषण एवं स्कूल रूआर 2024 से संबंधित जानकारी दी गई। अतिरिक्त प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा स्कूल रूआर से संबंधित प्रस्तुतिकरण किया गया एवं बताया गया कि इस अभियान के अंतर्गत 5 से 18 आयु वर्ग के सभी बच्चो को पुनः विद्यालय में वापस लाना है एवं नियमित उपस्थिति सुनिश्चित किया जाना है। मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने अपने संबोधन में कहा की सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं का संचालन कर विद्यालय से बाहर रह गए बच्चों को विद्यालय लाने हेतु अनेक कार्यक्रम संचालित किये जा रहे है। सभी के सामूहिक प्रयास से ही हम अनामांकित तथा क्षितिज बच्चो को विद्यालय में वापस लाया जा सकता है।

### सभी छात्रों को घरेलू गैस उपयोग करने के दौरान होने वाली दुर्घटना से बचाव की जानकारी दी गई

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में जिला अग्निशमन विभाग द्वारा आग से बचाव की जानकारी दी गई.जिला अग्निशमन विभाग के आशीष कुमार शर्मा और अभिजीत कुमार वर्मा द्वारा घरेलू गैस उपयोग करने के दौरान होने वाले दुर्घटना से बचाव के बारे में बताया गया। छात्र छात्राओं जानकारी देते हुए बताया गया। की रसोईघर में गैस सिलेंडर को कैसे और किस जगह में रखना चाहिये।खाना बनाने के दौरान गैस रेगुलेटर चालू करने और बन्द करने बारे में बताया गया।जिसे दुर्घटना से बचाव हो सके। वही विद्यालय के प्रचार्य अवनीश चन्द्र झा ने कहा कि नवोदय विद्यालय में जिला अग्निशमन विभाग के अधिकारीयों के द्वारा बच्चे बच्चियों को गैस का उपयोग और बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। जिसे खाना बनाने के दौरान दुर्घटना से बचाव हो सके। मौके पर जिला अग्निशमन विभाग के गोपी यादव के अलावा अवधेश कुमार,रमेश उपाध्याय, सुनील कुमार, सूरज पाण्डेय सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएँ और छात्र छात्रा उपस्थित थे।

### वज्रपात से महिला की मौत

**लोहरदगा।** मंगलवार की दोपहर में बारिश के साथ हुई वज्रपात की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई। मृतक की पहचान सोमारी उरांव ग्राम हिंसरी के रूप में किया गया है। बताया गया कि महिला खेत में रोपनी करने गई थी उसी दौरान करीब 1:30 दिन में वज्रपात से बुरी तरह जल गई। आनन फानन में परिजनों ने सदर अस्पताल लोहरदगा लेकर आया। डॉक्टर ने देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। मौके पर पुलिस पहुंच कर छान बीन में जुट गई है।

### किसानों के बीच मक्का बीज का हुआ वितरण

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में परमवीर अल्बर्ट एक्का गौरव रक्षा सम्मान समिति के द्वारा चैनपुर क्षेत्र के किसानों के बीच मक्का बीज का वितरण किया गया मौके पर गौरव रक्षा समिति के मनसाय बड़ाईक ने कहा कि किसान सही समय पर मक्का बीज लगाकर अधिक मुनाफा कमा सकते हैं वैज्ञानिक विधि से खेती करने से मक्के की पैदावार अच्छी होती है पूरे अनुमंडल क्षेत्र में मक्के की पैदावार अधिक से अधिक हो जिसके लिए अल्बर्ट एक्का गौरव रक्षा सम्मान समिति के द्वारा सभी प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों में उन्नत किस्म के मक्के के बीज का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है जिससे किसान अच्छी पैदावार कर उचित मुनाफा कमा सके इस मौके पर मुख्य रूप से रविन्द्र नाथ सहदेव, कामेश्वर सायं, सुखराम महतो,अनील केशरी सहित विभिन्न क्षेत्र के किसान उपस्थित थे।

### लोगों पर कड़ी कार्वाई हो : जय श्रीराम समिति

**लोहरदगा।** लोहरदगा से पैदल रांची के पहाड़ी मंदिर सोमवारी पर जल अर्पित करने के बाद ट्रेन से लौट रहे कांवरियों पर नरकोपी रेलवे स्टेशन पर हमला मारपीट और छिनतई की घटना में शामिल लोगों पर कड़ी कार्वाई की मांग जय श्री राम समिति ने की है। समिति के नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा है कि नरकोपी में हुई घटना के बाद कुछ कांवरिए अफरा तफरी के माहौल में उसी स्थान पर छूट गए थे। अपने साथियों से बिछड़ गए थे। उन कांवड़ियों ने जय श्री राम समिति से संपर्क किया। समिति के नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने तुरंत नरकोपी थाना प्रभारी से बात कर उस स्थान का लोकेशन भेजा। पुलिस प्रशासन उस स्थान पर जाकर छूटे हुए युवकों को अपने साथ लेकर लोहरदगा पहुंची। जय श्री राम समिति हमेशा सनातन समाज और धर्म के लिए समर्पित है। छूटे हुए कांवरियों की सकुशल वापसी समिति की तत्परता से संभव हुई। लोहरदगा में बड़ी घटना होने से बच गई।

## हरमू-भक्सो मुक्तिधाम में बृहद रूप से पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित

# ग्लोबल वार्मिंग से बचाव के लिए करें अधिक से अधिक पौधरोपण : धीरज



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
केंद्रीय मुक्तिधाम समिति के द्वारा हरमु -भक्सो मुक्तिधाम में बृहद रूप से वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, विशिष्ट अतिथि नीरू शांति भगत, ओम प्रकाश सिंह, अशोक यादव, देवाशिष कार, तरुण देवघरिया, उदय कुमार गुप्ता एवं लोहरदगा के अनेक पर्यावरण प्रेमी उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि धीरज प्रसाद साहू ने कहा की मुक्तिधाम समिति को कभी भी मेरी जरूरत पड़े तो मैं हमेशा मुक्तिधाम के लिए खड़ा रहूंगा। वनों की,वृक्षों की अंधाधुंध कटाई से उत्पन्न ,ऋतु चक्र पर आसन्न संकट को देखते हुए और अधिक संख्या में वृक्षारोपण करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जब मुक्तिधाम बन रही थी उसी समय से अपने फंड से बोरिंग का कार्य , श्मशान शेड के लिए राशि आवंटित करा चुका हूं।

डीप फ्रिज के लिए मैं अनुशंसा कर चुका हूं जो कुछ ही दिनों में डीप फ्रीज मुक्तिधाम को उपलब्ध करा दी जाएगी। प्रत्येक व्यक्ति अपने पूर्वजों के नाम पर एक-एक पेड़ जरूर लगाए। आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने कहा कि मैं पहले जब यहां आई थी तो आने-जाने का रास्ता भी नहीं था परंतु मैं आज स्वयं गाड़ी से चलकर मुक्ति धाम में पहुंच गई और मुक्तिधाम में बहुत ही सुकून महसूस कर रही हूं। क्योंकि जीवन का सत्य यही है। अंतिम पड़ाव यही है यहां पर सीधे मोक्ष प्राप्ति होती है मुझे मौका मिला तो मुक्तिधाम को और सुसज्जित करने का प्रयास करूंगी। कंवलजीत सिंह ने कहा की मुक्तिधाम में धीरज प्रसाद साहू का बहुत ही योगदान है। पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार के द्वारा भी एक शमशान शेड दिया गया है जिसका कार्य अब लगभग पूर्ण होने को है विधायक सह मंत्री रामेश्वर उरांव के तरफ से फाइबर ब्लॉक एवं सीढ़ी निर्माण के लिए भी इन्होंने राशि निर्गत कर दिए हैं।

### एक ही समुदाय के दो गांवों के लोग आपस मे भिड़े

**भंडरा।** प्रखंड के आकाशी और बंडा गांव के लोग मुहर्रम मेला में आपसी विवाद के कारण आपस में भीड़ गयें। देखते-ही-देखते बात इतना बढ़ गया कि एक दुसरे को न पहचान कर खुन खराबा तक पहुंच गए। मामला और बढ़ते देख कर अंजुमन इस्लामिया प्रखंड कमेटी भंडरा के ओहदेदारों ने पड़ोसी प्रखंड कमेटी कैरो और अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा जिला कमेटी से राफ्ता कर के दोनों गांव के लोगों को बैठक बुलाया और दोनों पक्ष की बातें सुनकर मामला का समझौता कराया। लोहरदगा अंजुमन के सेकेट्री सैयद साहीद अहमद ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आपसी भाई चारगी बनाकर चलने में ही समाज का उत्थान होता है सबों ने एक स्वर मे हुंकार भरते हुए कहा कि हम सब एक हैं भंडरा प्रखंड सदर ने सभी लोगों का आभार जताते हुए शुक्रिया अदा किया । आकाशी के मोबारक अंसारी ने कहा कि कोई भी बात विवाद हो तो आपस में मिलकर सच्चाई को सामने लाना चाहिए।

# एडपा संग्रहालय का धीरज साहू ने किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
बीएस कॉलेज निकट बर्म्मन हाईवे पेट्रोल पंप परिसर में स्थित एडपा संग्रहालय का पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने उद्घाटन किया। मौके पर धीरज साहू, डॉ.गणेश प्रसाद,(प्रेसिडेंट इंडियन मेडिकल एसोसिएशन), ओम प्रकाश सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि निशिथ जायसवाल, आजसु नेत्री नीरू शांति भगत, अधिवक्ता देवाशीष कार द्वारा गिल्ली डंडा, चकई, तार गाड़ी तथा ढेकी चलाकर शुभारंभ किया। संग्रहालय में तुंबा, लोढ़ा सिलवट ओखली, ठरकी, चुल्लू, लाठकूढ, पईला, नेचूवा, खटिया,



रेडियो, ट्रांजिस्टर, रिकॉर्ड प्लेयर, कैसेट, कैमरा, कूमनी, पीतल टॉर्च, सेर बटखरा, ढिबरी,लटई थपका, श्वेत श्याम टेलीविजन, एंटीना, हल जुवाठ, साइकिल के डायनेमो, काला डायल टेलीफोन, टेप रिकॉर्डर, गूंगू, चीनी मिट्टी के स्विच, लोहरा ताला, सूप, दौरी, झग्गर, तीर धनुष, गुलेल,चाबी से चलने वाला टेबल तथा वॉल घड़ी आदि का मुआयना करने के बाद श्री साहू ने कहा कि पहले के लोग मिट्टी के चूल्हे में लकड़ी/ गोइठा का इस्तेमाल कर अनाज को ढेकी/जाता/ लोढ़ा सिलवट तथा ओखली के द्वारा कूट व पीसकर मिट्टी के चूल्हे में,मिट्टी के बर्तन से तैयार भोजन काफी पौष्टिक बनता था तथा श्रम भी होता था और लोग बिल्कुल निरोग रहते थे। वहीं रेडियो, ट्रांजिस्टर, टेलीविजन, कुआं,झग्गर,ओखली,दीवाल घड़ी, पेट्रोमैक्स, हल जुवाठ के बहाने एक दूसरे के घर आते जाते थे तथा इस कारण संबंध प्रगाड़ होते थे। एक दूसरे के सुख-दुख के साथी भी बनते थे। वही डॉ गणेश प्रसाद व ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि पूर्वजों के धरोहर को हम भूलते जा रहे हैं जिसके कारण स्वास्थ्य तथा आपस के संबंधों में कमी आ रही है। यहां का संग्रह अद्भुत है तथा इससे प्रेरणा लेकर अपनी जीवन शैली को और बेहतर किया किया जा सकता है.अतिथियों ने पूर्वजों के नाम पर परिसर में वृक्षारोपण भी किया। वही तीर धनुष व गुलेल चलाकर क्षेत्रीय खेल को बढ़ावा देने की बात कही। संग्रहकर्ता संजय बर्म्मन ने कहा कि दिन में कभी भी बच्चों,परिवार व मित्रों के साथ इन धरोहर का अवलोकन कर प्रेरणा ले सकते हैं।

# हाडुप ग्राम तक जाने वाली जर्जर सड़क का किया जाएगा निर्माण, सरकार को भेजा गया डीपीआर

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
गुमला जिला अंतर्गत स्थित बिशुनपुर प्रखंड के अतिसुदुरवर्ती क्षेत्र में स्थित हाडुप ग्राम तक जाने हेतु 9.11 किलो मीटर के सड़क निर्माण हेतु जिला स्तर से डीपीआर तैयार कर राज्य सरकार को भेज दिया गया है। जल्द ही उक्त सड़क के निर्माण का कार्य प्रारंभ किए जाएंगे ।


बताते चले की कुछ माह पूर्व उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने अपने क्षेत्र भ्रमण के क्रम में बिशुनपुर के अतिसुदुरवर्ती क्षेत्र में स्थित सेरका पंचायत अंतर्गत हाडुप ग्राम का दौरान किया था। 20 ढश्ळक्ष्र परिवारों वाले अतिसुरवर्ती क्षेत्र स्थित हाडुप ग्राम तक जाने के लिए कई किलो मीटर तक के जर्जर मार्ग को पार कर उक्त क्षेत्र तक पहुंचा जा सकता है, एवं पाट क्षेत्र में होने के कारण उक्त ग्राम तक पहुंचने में अत्यंत कठिनाई का सामना करना पड़ता है। जब उपायुक्त ने हाडुप ग्राम के ग्रामीणों से मुलाकात की तो



ग्रामीणों ने भी इस बात की शिकायत जताई थी एवं ग्रामीणों की सड़क के निर्माण ना होने की नाराजगी कई वर्षों से सुर्खियों में भी रही। इस समस्या को देखते हुए उपायुक्त के निर्देश के आलोक में अब उक्त सड़क के निर्माण हेतु प्रस्ताव/ डीपीआर राज्य सरकार को समर्पित कर दिया गया है।

विभाग के कार्यपालक अभियंता विकास कुमार ने जानकारी दी कि उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश के आलोक में सेरका पंचायत स्थित ग्राम का सर्वे किया गया जिसके पश्चात पीएम-जनमन योजना के तहत सेरका पंचायत से जालिम वाया हाडुप ग्राम तक के लिए कुल 9.11 किलो मीटर का सड़क निर्माण हेतु जिला ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल गुमला के द्वारा डीपीआर तैयार करते हुए राज्य सरकार को भेज दिया गया है। जिला स्तर से सड़क निर्माण हेतु कागजी प्रक्रिया पूर्ण कर दी गई है। उन्होंने कहा की राज्य एवं केन्द्र सरकार के द्वारा आगे की प्रक्रिया लगभग 2 माह के अंदर पूर्ण करने की संभावना है जिसके पश्चात सड़क निर्माण हेतु कार्य प्रारंभ करने की प्रक्रिया संभवतः की जाएगी।

# झारखंड में 12 दारोगा बनाए गए सिपाही



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड सरकार ने 12 दारोगा को डिमोशन कर सिपाही बना दिया है। इसका आदेश गृह विभाग जारी कर दिया। प्रोन्नति पाए एक दारोगा अमरनाथ की मृत्यु पहले ही हो चुकी है। वे पलामू में पदस्थापित थे। आदेश के अनुसार 25 जनवरी, 2008 को 13 पुलिस कर्मियों को पारी से बाहर जाकर प्रोन्नति दी गई थी। तब सभी सिमडेगा जिला बल में पदस्थापित थे। सिमडेगा के बांसजोर ओपी पर 1/2 जनवरी, 2008 की रात में उग्रवादियों ने हमला किया था। इस हमले में इन पुलिसकर्मियों ने साहस का परिचय देते हुए मुंहतोड़ जवाब दिया था। सिमडेगा एसपी ने इन पुलिसकर्मियों को पारी से बाहर जाकर प्रोन्नति देने की अनुशंसा की थी। प्रोन्नति आदेश जारी होने के बाद इसे झारखंड हाई कोर्ट में अरूण कुमार ने चुनौती दी थी। झारखंड हाई कोर्ट ने प्रोन्नति आदेश को रद्द कर दिया गया था।

## वन अधिकार समिति की बैठक का हुआ आयोजन

**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह अध्यक्षता में वन अधिकार समिति की बैठक हुई। इस दौरान वन अधिकार पट्टा के लिए आवेदनों पर विचार विमर्श किया गया। वहीं उपायुक्त ने कहा कि जिले में वनाधिकार पाने के लिए जो भी योग्य हैं। नियम के अनुसार सभी को सहायता दी जाएगी। साथ ही समंडरीक वन पट्टा में दिए जाने वाले राइट्स से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा कर आवश्यक विचार विमर्श किया गया।बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, आई.टी.डी.ए. निर्देशक सरोज तिर्की, जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग सहित अन्य उपस्थित थे।

## छात्रवृत्ति के लिए 7410 छात्र-छात्राओं को स्वीकृति प्रदान की गई



**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अन्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2023-24 में छात्रवृत्ति की स्वीकृति एवं अनुश्रवण हेतु जिला स्तरीय छात्रवृत्ति अनुमोदन व अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में जिला स्तरीय अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति के कुल 7410 छात्र-छात्राओं का सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा जिला के सभी सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को शत प्रतिशत छात्रवृति योजना से लाभान्वित करने को लेकर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में आइटीडीए निदेशक सरोज तिर्की, जिला शिक्षा अधिकारी, एवं अन्य उपस्थित थे।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत पूर्व मंत्री ने किया शोक व्यक्त



**ठेठईटांगर।** थाना क्षेत्र के कोरोमिया पंचायत स्थित सलगापोस गांव में सोमवार की रात्रि बिजली की करंट के चपेट में आने से भोला महतो नामक युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मंगलवार की सुबह पूर्व मंत्री सह झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का गांव पहुंचे और मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढाढस बंधाया। पूर्व मंत्री ने मृतक के परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। पूर्व मंत्री एनोस एक्का तत्काल मदद के रूप में नगद राशि भी प्रदान की।

## मैनाबेड़ा में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में मिंज ब्रदर ने काटूकोना को 2-0 से हराया



**सिमडेगा।** शहरी क्षेत्र के मैनाबेड़ा में फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मुकाबले में मिंज ब्रदर ने काटूकोना को 2-0 से हरा कर विजेता बना। तीसरा स्थान खूंटिटोली की टीम को मिला। पहला, दूसरा, तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली टीम को मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिप सदस्य जोसिमा खाखा, कांग्रेस महिला मोर्चा की जिला प्रभारी प्रीति उपाध्याय, कांग्रेस महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा सीता एक्का ने नगद राशि एवं शील्ड देकर सम्मानित किया। वहीं खिलाड़ियों को जर्सी भी दिया।

## खेल प्रतिभा खोज कार्यक्रम के दूसरे दिन 556 प्रतिभागियों ने लिया भाग

**सिमडेगा।** भारत सरकार आने वर्षो में भारतीय एथलीटों द्वारा ओलंपिक जैसे खेलो में ज्यादा से ज्यादा पदक जीतने के लिए एक बृहत स्तर से कार्य कर रही रही है। जिसके तहत युवा एवम खेल मंत्रालय भारत सरकार ग्रामीण इलाको में छुपी हुई प्रतिभा की पहचान के लिए ङफ्ळ्ळक खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट इंडेटिफिकेशन योजना संचालित कर रही है।इस कार्यक्रम के अंतर्गत सिमडेगा जिला मुख्यालय में साई के माध्यम से चार दिवसीय 22 से 25 जुलाई तक खेल प्रतिभा खोज कार्यक्रम आयोजित कर खिलाड़ियों की प्रतिभा का टेस्ट लिया जा रहा है।जिसकी शुरूआत सोमवार से हुई थी। पहले दिन 646 प्रतिभागियों ने अपना टेस्ट दिया था।वहीं दूसरे दिन 556 प्रतिभागियों ने अपना टेस्ट दिया। सिमडेगा में दो दिनों में कुल 1200 प्रतिभागी भाग लेकर अपना प्रतिभा टेस्ट दे चुके है। आने वाले और दो दिन हॉकी ,फुटबॉल तथा एक दिन 25 जुलाई को खोखो खिलाड़ियों के प्रतिभा का टेस्ट लिया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में साई रांची, खेल कूद विभाग सिमडेगा, हॉकी सिमडेगा और शिक्षा विभाग सिमडेगा में खेल से जुड़े हुए लोग लगे हुए है।

## रौतिया समाज ने तोरपा विधायक को सौंपा ज्ञापन

**बानो।** अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष रोहित सिंह ने तोरपा विधायक कोचे मुण्डा से मुलाकात कर समाज के विभिन्न समस्याओं को लेकर मांग पत्र सौंपा।दिए ज्ञापन में रौतिया जाति को एस. टी में शामिल करने एवं रौतिया जाति का जमीन को को सी.एन.टी. एक्ट में शामिल करने को लेकर विधानसभा सत्र में पेश करने एवं सी.एन.टी. एक्ट में शामिल करने के लिए कहा है। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष रोहित सिंह, जिला अध्यक्ष राजेश सिंह, प्रदेश मिडिया प्रभारी धरमबीर सिंह, प्रदेश सचिव सालिकगृम सिंह, प्रखण्डं अध्यक्ष बानो महेश सिंह,कृष्णा सिंह, बसंत सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

## गावां उर्दू मध्य विद्यालय प्रबंधन समिति का चुनाव संपन्न

**गिरिडीह।** गावां उर्दू मध्य विद्यालय में ग्रामीणों के विरोध के बाद मंगलवार को पुनः प्रबंधन समिति का चुनाव कराया गया। चुनाव पर्यवेक्षक संतोष सिन्हा और धर्मजय कुमार के देखरेख में कराया गया। इस दौरान मो अलीमल्लाह को अध्यक्ष, मरियम खातून को संयोजिका के रूप में चुना गया। वहीं मो मुजफ्बर, मो शमशाद समेत 10 लोगों को सदस्य बनाया गया। गौरतलब है कि पूर्व में हुए प्रबंधन समिति के चुनाव में ग्रामीणों ने मनमानी और गोपनीय ढंग से चुनाव कराने का आरोप लगाया था। बाद में वार्ड सदस्य रेशमा परवीन के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने बीईईओ को लिखित आवेदन देकर पुनः चुनाव कराने की मांग की थी। इसपर अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी मामले को संज्ञान में लेते हुए बीईईओ से पुनः चुनाव कराने की मांग की। जिसपर बीईईओ ने पुनः चुनाव कराने का आदेश दिया था।

---

### झारखण्ड सरकार
### कृषि पशुपालन, एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)
### कार्यालय– जिला कृषि पदाधिकरी, चतरा
### पताः– जिला संयुक्त कृषि भवन, तपेज चतरा

**आवश्यक सूचना**

दिनांक 21.03.2024 को मुख्य सचिव, झारखण्ड सरकार के अध्यक्षता में आयोजित STATE LEVEL STEERING COMMITTEE (SLSC) द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 में केन्द्र प्रायोजित RKVY अन्तर्गत PER DROP MORE CROP उपयोजना अन्तर्गत सूक्ष्म सिंचाई कार्य हेतु में जिला को निम्न विवरणी के अनुरूप लक्ष्य स्वीकृत किया गया है:–

| SL. NO | Crop | Micro Irrigation System | Category of Farmer | NO of Farmer | System Cost/ Ha | Area (Ha) | Total Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Horticulture | Drip | S&M | 320 | 146626 | 128.00 | 187.68 |
| | | Drip | Others | 80 | 146626 | 32.00 | 46.92 |
| | Agriculture | Mini | S&M | 80 | 119454 | 32.00 | 38.23 |
| | | Mini | Others | 20 | 119454 | 8.00 | 9.56 |
| Total | | | | 500 | | 200.00 | 282.39 |

- उपरोक्त योजना अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली पर निर्धारित ईकाई मूल्य को सभी कर सहित अनुमान्य किया जाएगा तथा लघु एवं सीमांत कृषकों के लिए कुल अनुदान सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के ईकाई लागत का 90 प्रतिशत तथा अन्य कृषकों के लिए 80 प्रतिशत सहायता प्रदान किया जाएगा।
- कृषक अंशदान के रूप में लघु एवं सीमांत कृषकों द्वारा ईकाई लागत का केवल 10 प्रशित तथा अन्य कृषकों द्वारा ईकाई लागत का केवल 20 प्रतिशत की वहन किया जाएगा।
- उपरोक्त योजना का लाभ लेने के लिए http://jharkhandpdmc.com/farmer-login पोर्टल के माध्यम से दिनांक 31.07.2024 तक आवेदन कर सकते है।
- अधिक जानकारी के लिए जिला कृषि कार्यालय तपेज चतरा में कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

PR 330371 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 24-25 (D)

जिला कृषि पदाधिकारी, चतरा

---

### जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, गढ़वा।

**सर्वजन पेंशन योजना से संबंधित विवरणी**

| क्र० | योजना का नाम | उम्र एवं पात्रता | आवश्यक दस्तावेज |
|---|---|---|---|
| 1 | मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना | 60 वर्ष या अधिक के स्त्री/पुरूष | 1. आवेदन पत्र व फोटोग्राफ<br>2. मतदाता पहचान पत्र<br>3 आधार कार्ड<br>4.बैंक पासबुक<br>5.स्व0घोषणा पत्र (सरकारी/सार्वजनिक नौकरी नहीं करने व आयकर दाता नहीं होने के संबंध में)<br>❖ पति का मृत्यु प्रमाण पत्र (विधवा स्त्री के लिए)<br>❖ दिव्यांगता प्रमाण पत्र (दिव्यांग लाभुक के लिए)<br>❖ ART/ARD दवा लेने संबंधी प्रमाण पत्र ( HIV/AIDS लाभुक के लिए) |
| | | महिला तथा अनुसूचित जनजाति (ST) एवं अनुसूचित जाति (SC) वर्ग के आवेदक के उम्र 50वर्ष अथवा उससे अधिक। | |
| | | अनुसूचित जनजाति (ST) एवं अनुसूचित जाति (SC) वर्ग के 50–59 वर्ष के आवेदक पुरूष के लिए जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य। | |
| 2 | मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना | 18 वर्ष या अधिक (विधवा/परित्यक्त महिला)/45 वर्ष या अधिक आयु की एकल महिला। | |
| 3 | स्वामी विवेकानन्द निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना | 05 वर्ष या अधिक (40: या अधिक दिव्यांगता) | |
| 4 | HIV/AIDS पीड़ित व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजना | आयु सीमा की बाध्यता नहीं, किसी भी उम्र के HIV/AIDS से पीड़ित व्यक्ति | |
| 5 | मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन योजना | व्यस्क विवाहित महिला (यदि व्यस्क विवाहित महिला न हो तो परिवार के पुरूष मुखिया) को देय। | |
| 6 | मुख्यमंत्री राज्य ट्रांसजेन्डर/तृतीय लिंग पेंशन योजना | ट्रांसजेन्डर/तृतीय लिंग संबंधि प्रमाण–पत्र जो उपायुक्त, महोदय के स्तर निर्गत किया जायेगा। आवेदक की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो। | |

❖ परित्यक्त महिला/ 45 वर्ष एकल महिला के संदर्भ में– ग्रामीण क्षेत्र में मुखिया एवं पंचायत सचिव तथा शहरी/नगरीय क्षेत्र के लिए वार्ड पार्षद एवं राजस्व उपनिरीक्षक का संयुक्त प्रमाण पत्र

❖ सभी पेंशन योजना में 1000 रूपये/प्रतिमाह देय।

❖ आदिम जनजाति समूह (PVTG)– (असुर, बिरहोर, बिरजिया, हिल–खरिया, कोरवा, परहिया, माल–पहाड़िया, सौरिया–पहाड़िया एवं सवर में से)

(विस्तृत जानकारी के लिए ग्रामीण क्षेत्र के लिए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के कार्यालय एवं शहरी क्षेत्र के लिए अंचल अधिकारी के कार्यालय में संपर्क करें।

सहायक निदेशक,
जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, गढ़वा।

PR 330446 (Social Welfare,Women and Child Development) 24-25 (D)

---

### जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

**मुख्यमंत्री बहन बेटी मईं–कुईं स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना से संबंधित जानकारी**

राज्यन्तर्गत महिलाओं एवं स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा तथा आर्थिक पिछड़ापन को दृष्टिगत रखते हुए 21 वर्ष से 50 वर्ष की महिलाओं में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार, महिला सशक्तिकरण, उन्हे आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने तथा परिवार में उनकी निर्णयात्मक भूमिका सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री बहन बेटी मईं–कुईं स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना की सुरूआत की है।

राज्य सरकार द्वारा 21–50 वर्ष की महिलाओं को आर्थिक सहायता के रूप में 1000 रू० प्रतिमाह प्रदान करेगी।

राज्य योजनान्तर्गत "मुख्यमंत्री बहन बेटी मईं–कुईं स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना" संचालन की स्वीकृति प्रदान की है जिसके तहत लाभुकों को प्रतिमाह रूपये 1000/– की दर से आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी।

"मुख्यमंत्री बहन बेटी मईं–कुईं स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना" के लाभुकों के लिए प्रात्रता निम्नवत होगी :–

a) महिला झारखण्ड की निवासी होनी चाहिए।
b) आवेदन के समय महिला 21 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी हो तथा 50 वर्ष से कम आयु की हो।
c) आवेदिका का आधार लिंक्ड सिंगल बैंक खाता हो। वर्तमान में जिनका बैंक खाता आधार लिंक्ड नहीं है वे भी इस योजना का लाभ दिसम्बर 2024 तक उठा सकते है, लेकिन इस अवधि के पश्चात आर्थिक लाभ प्राप्त करने हेतु बैंक खाता का आधार लिंक्ड कराना अनिवार्य होगा।
d) आवेदिका का मतदाता पहचान–पत्र हो।
e) आवेदिका का आधार कार्ड हो।
f) आवेदिका का परिवार झारखण्ड राज्य के अन्योदय अन्य योजना कार्ड (पिला रंग का राशन कार्ड)/पूर्वरिक्ता प्राप्त गृहस्थ कार्ड (गुलाबी रंग का राशन कार्ड)/राशन कार्ड (सफेद राशन कार्ड)/हरा रंग का पृथक राशन कार्डधारी हो।

आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज की स्वहस्ताक्षरित प्रति आवश्यक होगी
सारे दस्तावेज छायाप्रति (फोटो कॉपी) के साथ संलग्न की जायेगी

a) आवेदिका के मतदाता पहचान पत्र।
b) आधार कार्ड।
c) आधार लिंक्ड बैंक खाता पासबुक। आवेदिका का सिंगल बैंक खाता होना चाहिए।
d) आवेदिका का रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो।
e) राशन कार्ड।
e) पात्रता संबंधि घोषण पत्र

सहायक निदेशक,
जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, गढ़वा।

PR.NO.330443 Social Welfare,Women and Child Development(24-25):D

---

### कार्यालय जिला परिषद, पलामू।

Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**दुकान आवंटन हेतु आम डाक सूचना।**

दिनांक 02.12.2023 को संपन्न जिला परिषद बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में एतद् द्वारा निम्नांकित प्रखण्डों में अवस्थित जिला परिषदीय रिक्त दुकान के आम डाक के माध्यम से आवंटन हेतु पलामू जिले के प्रमुख एवं लोकप्रिय समाचार पत्र के माध्यम से इच्छुक व्यक्तियों से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है :–

| क्र0 | प्रखण्ड | | रिक्त दुकान सं0 | कुल रिक्त दुकान | वार्षिक किराया दर प्रति दुकान | जमानत की राशि | डाक की न्यूनतम राशि (Non Refundable) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | तरहसी | भूतल | C-01, C-02, C-03, C-04, C-05, C-06, C-07, C-08, C-09, C-10, C-11, C-12, C-13 | 13 | 9000.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 2 | तरहसी | प्रथम तल | C-14, C-15, C-16, C-18, C-19, C-20, C-21, C-22 | 08 | 6000.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 3 | तरहसी | प्रथम तल | C-17 | 01 | 9400.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 4 | नीलाम्बर–पीताम्बरपुर | भूतल | WS-07, WS-14 | 02 | 8640.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| | | | कुल :– | 24 | | | |

1. आवेदन पत्र बिक्री की तिथि :– 24.07.2024 से 31.07.2024 तक
2. आवेदन पत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
3. आवेदन पत्र का शुल्क (प्रत्येक दुकान के लिए अलग–अलग) :– 15000.00 (पन्द्रह हजार) रूपये मात्र।
4. आवेदन पत्र जमा करने की तिथि :– 24.07.2024 से 31.07.2024 तक
5. आवेदन पत्र जमा करने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
6. डाक की तिथि व समय :– 02.08.2024 को 12:00 बजे मध्याह्न
7. डाक का स्थान :– Block-C स्थित कार्यालय कक्ष।
8. आवेदन पत्र के साथ संलग्न कागजात :– वैद्य पहचान पत्र (आधार कार्ड), स्थानीय प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो

नोट 1:– दुकान का आवंटन खुली डाक द्वारा नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से की जायेगी जिसमें सर्वोच डाकवक्ता को दुकान आवंटित किया जायेगा। डाक कॉलम संख्या– 7 में अंकित एकमुस्त Non Refundable राशि के आधार पर किया जायेगा। डाक में दो बोली के बीच की अन्तर राशि न्यूनतम 5000.00 (पाँच हजार) रूपये होगी। डाक समाप्ति के पश्चात संपूर्ण डाक राशि राशि (Non Refundable) 24 घंटा के अन्दर जमा करना होगा उसके उपरांत आवंटियों की सूची जारी की जायेगी।

नोट 2:– दुकान आवंटन हेतु निर्धारित शर्त से संबंधित विस्तृत आम सूचना पलामू NIC के Website- www.palamu.nic.in, कार्यालय जिला परिषद, पलामू एवं संबंधित प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू।

PR 330427 (District) 24-25 (D)

---

### झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू
### समाहरणालय भवन ब्लाक सी कमरा सं०–9

ईमेल–jepcpalamau@rediffmail.com

**कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय से संबंधित**

**आवश्यक सूचना**

श्रीमती निशा रानी, पूर्णकालिक गणित शिक्षिका, क0गां0बा0वि0 चैनपुर, जिला–पलामू लम्बे अविध तक विद्यालय से अनुपस्थित रहने के कारण आपको अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सशरीर उपस्थित होकर स्पष्टीकरण का जवाब की मांग की गई थी, जिसका अनुपालन अभी तक नहीं किया गया, जो स्वेच्छाचारिता एवं आदेश की अवहेलना का प्रतीक है।

अतः अंतिम मौका देते हुए निदेश दिया जाता है कि अनुपस्थित रहने का कारण आप दिनांक 25.07.2024 तक अधोहस्ताक्षरी को अपना स्पष्टीकरण देते हुए विद्यालय में योगदान करना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय निर्णय लेकर आपकी संविदा रद्द कर दी जाएगी।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना पलामू

PR.NO.330486 District(24-25):D

---

### कार्यालय जिला परिषद, पलामू

Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– संख्या– DOPR/CEO/ZP/Palamu 11/2023-24 ( Retender 3rd Call)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का नाम | :– | उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू। |
| 2 | Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | दिनांक– 25.07.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) |
| 3 | ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि | :– | दिनांक– 25.07.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक– 01.08.2024 (अपराह्न 5:00 बजे तक) |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक– 03.08.2024 (पूर्वाह्न 11:00 बजे) |
| 5 | निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| 6 | कार्य की विस्तृत विवरणी | :– | |

| ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 8 | उँटारी रोड | लहरबंजारी | पंचायत भवन लहरबंजारी का निर्माण कार्य। | 9989000.00 | 200000.00 | 10000.00 | 12 माह | 08/2023-24 CEO/ZP/PALAMU |

नोट– 1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में द्वितीय अथवा उससे उच्चतर श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू

PR 330429 District(24-25)#D

---

### झारखण्ड सरकार
### कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)
### कृषि, प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), चतरा।

**किसान समृद्धि योजनान्तर्गत 90 प्रतिशत अनुदानपर 2Hp एवं 5Hp सतही सौर ऊर्जा आधारित पम्पसेट चलंत सिंचाई ईकाई**

**किसान/आवेदक की पात्रता एवं आवेदन की प्रक्रिया**

- ◈ कृषक समूह/स्वयंसहायतासमूह/FPO/FPC/Co-operatives की ओर से समूह/संस्था के अध्यक्ष/सक्षम पदाधिकारी आवेदन कर सकतेहैं।
- ◈ आवेदककिसान/अध्यक्ष/सक्षम पदाधिकारी का आधार एवं राशन कार्डका e-KYC होगा।
- ◈ आवेदन में FPO/FPC/LAMPS/PACSके User Group लाभुकों की विवरणी देनी होगी।
- ◈ किसान/समूह/संस्था यह सुनिश्चित करेंगे कि आवेदकों की भूमि जल स्रोत के पास में ही हो, अन्यथा भूमि निरीक्षण के दौरान आवेदन सही नहीं पाये जाने पर आवेदन निरस्त किया जा सकता है।

**पात्रता**

- ◈ व्यक्तिगत किसान/कृषक समूह/FPO/FPC/LAMPS/PACSके सदस्य शेयर होल्डर–झारखण्ड राज्य का स्थानीय निवासी होना चाहिए।
- ◈ कृषक समूह/महिला स्वयं सहायता समूह(JSLPS पंजीकृत) /FPO/FPC/LAMPS/PACS का पंजीकृत कार्यालय झारखण्ड राज्य में होना चाहिए।
- ◈ किसान/सदस्य/शेयरहोल्डर की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।
- ◈ किसान/सदस्य/शेयर होल्डर के पास वैध आधार नम्बर होना चाहिए।
- ◈ एक परिवार से एक ही सदस्य पात्र होंगे।
- ◈ किसान/परिवार/समूह के सदस्य के पास जल स्रोत एवं जमीन होने का प्रमाण होना चाहिए।
- ◈ आधार लिंक्ड मोबाईल नम्बर होना चाहिए।
- ◈ आधार लिंक्ड राशन कार्ड होना चाहिए।

**आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज :**

**01- व्यक्तिगत किसान**

- ◈ जमीन का मालगुजारी रसीद
- ◈ वंशावली का शपथपत्र/JRFRY से अनुबंधित किसान।
- ◈ आधार कार्ड का फोटो कॉपी
- ◈ बैंक पासबुक का फोटो कॉपी
- ◈ आधार लिंक्ड मोबाईल नम्बर

**02- कृषक समूह/स्वयं सहायता समूह/FPO/ FPC/LAMPS/PACS**

- ◈ संस्थापंजीकरणकाप्रमाण–पत्र
- ◈ अध्यक्ष/सक्षम पदाधिकारी का आधार कार्ड या आधार लिंक मोबाईल नम्बर
- ◈ यूजर ग्रुप के सदस्यों का आधार कार्ड।
- ◈ जिस भूमि के लिए आवेदन किया गया है, उस भूमि का मालगुजारी रसीद।
- ◈ संस्था का बैंक खाता।

• आवेदन प्रपत्र में वांछित जानकारी भर कर ग्राम सभा से अनुमोदन प्राप्त कराना होगा
• अनुमोदित आवेदन निकटतम प्रज्ञा केन्द्र/अन्य सेवा केन्द्र में जाकर ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया पुरी करनी होगी

➤किसान समृद्धि योजना में सौर पम्पसेट के अधिष्ठापन/क्रय हेतु राज्य स्तर पर निविदा प्रक्रियाधीन है निविदा के उपरांत अंशदान की राशि झारखण्ड राज्य के सभी जिलों में आत्मा की वेबसाईट के माध्यम से सूचना दी जायेगी

**नोट :** योजना संबंधी अधिक जानकारी हेतु जिले के परियोजना निदेशक/उप परियोजना निदेशक, आत्मा तथा प्रखण्ड के प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक/सहायक तकनीकी प्रबंधक से सम्पर्क किया जा सकता है।

कृषि, प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), चतरा
जिला संयुक्त कृषि भवन, तपेज, चतरा
Web : www.atmachatra.in, Email : atmactr@rediffmail.com

जिला कृषि पदाधिकारी, चतरा

PR 330368 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 24-25 (D)

---

### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
### BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
### BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.

**VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER**
**Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/07/2024-25**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 01.08.2024 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 02.08.2024 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders:- 02.08.2024 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- **1.** In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj. **2.** In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl.No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Guard Room, Boring in Occupied I.P.S Quarter at Daltonganj, Palamu. | 3759500.00 | 75500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 2. | Steel Railing at Terrace of Family Judge and Chequered Tiles, Painting and Rain Water Shed Drain in Car Parking Area of Judicial Colony at Daltonganj, Palamu. | 1293900.00 | 26000.00 | 2500.00 | 01 Months |
| 3. | Renovation of Commissioner, Palamu Chamber Court Room and Office Building at Daltonganj. | 2109100.00 | 42500.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 4. | Renovation of F-02 Quarter in Judicial Colony at Daltonganj, Palamu. | 1136400.00 | 23500.00 | 2500.00 | 01 Months |
| 5. | Installation of Steel Railing Work at Terrace of Civil Court Building, Palamu at Daltonganj. | 2444300.00 | 49000.00 | 5000.00 | 01 Months |
| 6. | Construction of Boundary Wall of Panchkarma Training Cum Care Centre at Daltonganj, Palamu. | 3252600.00 | 65500.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 7. | Installation of the View Blocker in the Boundary Wall of the Residence of Principal District & Session Judge, Palamu at Daltonganj. | 1974300.00 | 40000.00 | 5000.00 | 01 Months |
| 8. | Construction of Vulnerable Witness Deposition Centre (VWDC) in Civil Court, Palamu Building at Daltonganj. | 1855000.00 | 37500.00 | 5000.00 | 01 Months |

**निविदा में परिमाण विपत्र कय हेतू निम्नांकित शर्तें का पालन आवश्यक है:–**

- निविदा के साथ सत्यापित निबंधन पत्र, UCAN, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र एवं विद्युत लाइसेंस या निविदाकार एवं अन्य अनुज्ञप्तिधारी का अलग –अलग शपथ पत्र (यदि कार्य में विद्युत संबंधी कार्यमद हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा के निविदा सूचनापोरांत निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा निविदा डाली जाती है तो निविदा के साथ मूल प्रति में इस आशय का शपथ पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

PR.NO.330472 Building(24-25):D

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.

# आम बजट और भारत का आम आदमी

मोदी 3.0 सरकार का बजट आज संसद में विचारार्थ प्रस्तुत किया गया और पक्ष और विपक्ष ने भारत के आम नागरिकों के हितों की बात जोर शोर से उठाई पर क्या रोजी रोटी की दौड़ में लगा एक औसत भारतीय बजट का मतलब समझता है? सामान्य पढ़े-लिखे आदमी के लिए भी इसे समझना टेढ़ी खीर होता है। बजट शब्द फ्रेंच भाषा के शब्द बोजेत से बना है। इसका अर्थ होता है छोटा बैग। फ्रेंच भाषा में यह शब्द लैटिन शब्द 'बुल्गा' से लिया गया है। इसका अर्थ है 'चमड़े का थैला'। प्राचीन समय में बड़े व्यापारी अपने सारे मौद्रिक दस्तावेज एक थैले में रखते थे। इसी तरह धीरे-धीरे इस शब्द का प्रयोग संसाधनों को जुटाने के लिए किए गए हिसाब-किताब से जुड़ गया। इस तरह सरकारों के साल भर के आर्थिक बही-खाते को नाम मिला 'बजट'। सरकार द्वारा देश का आय-व्यय लेखाजोखा पेश करने की शुरुआत ब्रिटेन से हुई थी। ब्रिटेन के वित्त मंत्री संसद में जब आय-व्यय का लेखाजोखा पेश करने आते तो संबद्ध दस्तावेज चमड़े के एक लाल बैग में रखकर लाते। उस बैग को फ्रेंच में 'बजेटी' कहा जाता था, जो अंग्रेजी में भाषांतर करते समय 'बजट' हो गया। सरकार की कुल आय और व्यय में अंतर को आर्थिक शब्दावली में 'राजकोषीय घाटा' कहा जाता है। इससे इस बात की जानकारी होती है कि सरकार को कामकाज चलाने के लिए कितने उधार की जरूरत होगी। कुल राजस्व का हिसाब-किताब लगाने में उधार को शामिल नहीं किया जाता है। यानी, सरकार के खर्च और आमदनी के अंतर को वित्तीय घाटा या बजटीय घाटा कहा जाता है। चालू खाता घाटा जब किसी देश की वस्तुओं, सेवाओं और ट्रांसफर का आयात इनके निर्यात से ज्यादा हो जाता है, तब चालू खाते घाटा की स्थिति पैदा होता है। यानी, जब भारत में बनी चीजों और सेवाओं का बाहर निर्यात होता है तो इससे भुगतान हासिल होता है। दूसरी ओर, जब कोई भी वस्तु या सर्विस आयात की जाती है तो उसकी कीमत चुकानी पड़ती है। इस तरह, देश में प्राप्त भुगतान और बाहरी देशों को चुकाई गई कीमत में जो अंतर आता है वह चालू खाता घाटा कहलाता है। सरकारी राजस्व व व्यय सरकारी राजस्व सरकार को उसके सभी स्रोतों से होने वाली आमदनी होता है। इसके विपरीत सरकार जिन-जिन मदों में खर्च करती है उसे सरकारी व्यय कहते हैं। यह सरकार की वित्तीय नीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। वित्तमंत्री संसद में बजट प्रस्ताव रखते हुए विभिन्न तरह के कर और शुल्क के माध्यम से होने वाली आमदनी और योजनाओं व अन्य तरह के खर्चों का लेखा पेश करती हैं, उसे आमतौर पर बजट आकलन कहा जाता है। वित्त विधेयक के माध्यम से ही आम बजट पेश करते हुए वित्तमंत्री सरकारी आमदनी बढ़ाने के विचार से नए करों आदि का प्रस्ताव करते हैं। इसके साथ ही वित्त विधेयक में मौजूदा कर प्रणाली में किसी तरह का संशोधन आदि को प्रस्तावित किया जाता है। संसद की मंजूरी मिलने के बाद ही इसे लागू किया जाता है।

**बजट देश की आय एवं व्यय का लेखा-जोखा है, इसमें नए करों आदि का प्रस्ताव भी होता है, संसद से मंजूरी के बाद यह लागू होता है**

# इस बजट से देश के आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण में बहुत ही शानदार बजट प्रस्तुत किया है। बजट के प्रावधानों के अवलोकन से प्रतीत होता है कि इससे हर वर्ग के लोग लाभान्वित होंगे। इस बजट से देश के आर्थिक विकास को एक गति मिलेगी। बजट में शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के समुचित विकास पर ध्यान दिया है। देश की आजादी के बाद शहरों के विकास को गति मिलती रही। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में जिस गति से विकास होना चाहिए, नहीं हो पाया है। इसका प्रतिकुल असर कृषि उत्पादन पर भी पड़ा। सर्वविदित है कि भारत एक कृषि प्रधान देश के रूप में जाना जाता रहा है। अगर आजादी के बाद से कृषि विकास आधारित बजट में प्रावधान होते तो आज भारत की स्थिति कुछ और होती। नरेंद्र मोदी सरकार का तीसरा टर्म है। तीसरे टर्म का यह पहला बजट अन्य बजटों की तुलना में काफी श्रेष्यकर और सूझबूझ के साथ बनाया गया है।

प्रस्तुत बजट शहरी आवास, ग्रामीण क्षेत्र, कृषि के विकास पर फोकस है। बजट की खासियत यह है कि रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया गया है। बजट में रोजगार सृजन के लिए दो लाख करोड रुपए का प्रावधान किया गया है। शहरी आवास के लिए 10 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। कृषि क्षेत्र के विकास के लिए 1. 52 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। देश में बेरोजगारी एक भीषण समस्या के रूप में हमारे सामने है। नरेंद्र मोदी सरकार बीते चुनाव में यह घोषणा की थी कि बेरोजगारों को नौकरी दी जाएगी। बजट में रोजगार सृजन के लिए 2 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान कर बेरोजगारों को एक तरह से तोहफा देने का काम किया गया है। रोजगार सृजन के क्षेत्र में 2 लाख करोड़ रुपए की राशि एक बड़ी राशि होती है। देश में जिस तरह बेरोजगारी बढ़ी हुई है, दो लाख करोड़ रुपए की राशि काम जरूर है, लेकिन देश में रोजगार सृजन के लिए सार्थक कदम है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट के बाद देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट पर कहा कि यह हर वर्ग को समृद्द करने वाला बजट है। इस बजट से आर्थिक विकास को नई गति मिलेगा। हम भारत को ग्लोबल मैन्युफैक्क्रिंग हब बनाएंगे। यह बजट समाज के हर वर्ग को शक्ति देने वाला और उद्योगो को प्रगति के नए रास्ते प्रदान करेगा। यह अनगिनत नए अवसर वाला बजट है। इससे महिलाओं में भागीदारी सुनिश्चित होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट पर बहुत ही गंभीरता के साथ अपना वक्तव्य जारी किया है। उन्होंने कहा कि प्रस्तुत बजट से आर्थिक विकास को गति मिलेगी। वर्ष 2019-20 विश्व महामारी कोरोना के करण विश्व भर में आर्थिक मंदी आई थी। इस आर्थिक मंदी का प्रभाव भारत पर भी पड़ा था। प्रस्तुत बजट से ऐसा प्रतीत होता है कि देश के आर्थिक विकास में गति मिलेगी। देश आर्थिक रूप से संपन्न होगा, तभी देश के हर क्षेत्र में विकास दिखेगा। यह इस बजट की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। राजकोषीय घाटा एक ऐसा घाटा है, इस घाटे को भरने में देश की बड़ी पूंजी चली जाती है। देश की आजादी के बाद लगातार राजकोषीय घाटा बढ़ता ही चला गया। फलस्वरुप विश्व बैंक सहित कई अन्य देशों का कर्ज भारत पर लगातार बढ़ता ही चला जा रहा है। देश की आजादी के बाद कई सरकारी आई और कई सरकारी गई। लेकिन राजकीय घाटा कम नहीं हुआ। नरेंद्र मोदी सरकार अपने पहले टर्म से ही राजकोषीय घाटा को कम करने के लिए बजट में कई उपाय किए। फलस्वरूप अब उसकी तस्वीर उनके तीसरे टर्म में देखने को मिल रही है। बजट के प्रावधानों से प्रतीत होता है कि राजकोषीय घाटा को कम करने के लिए भारत सरकार कृत संकल्पित है। उम्मीद है 2040 से 45 के बीच देश का राजकोषीय घाटा न्यूनतम स्तर पर होगा। वहीं से भारत एक विकासशील देश की परिधि से बाहर निकल कर एक विकसित देश के रूप में तब्दील हो पाएगा। देश में गरीबी रेखा के नीचे जीवन बसर कर रहे लोगों को इस बजट से काफी लाभ मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्रों और शहरी क्षेत्रों में विकास की गति को बढ़ाए जाने से मजदूरों को ज्यादा काम मिल पाएगा। इससे उनकी आर्थिक स्थिति सुधरेगी और वे गरीबी रेखा की परिधि से ऊपर उठ पाएंगे। भारत में बढ़ती महंगाई एक भीषण समस्या के रूप में हमारे सामने है। देश में कम होते रोजगार और ऊपर से बढ़ती महंगाई से लोग परेशान है। प्रस्तुत बजट से महंगाई पर अंकुश लगेगी। देश के लोगों का प्रति व्यक्ति आय में भी वृद्धि होगी। रोजगार के सृजन से देश का हर परिवार आर्थिक रूप से संपन्न होगा। इसका भारतीय बाजार पर बहुत ही अनुकूल प्रभाव पड़ेगा। विश्व में आई आर्थिक मंदी के बावजूद भारतीय बाजार ठीक चल रहा है। विश्व आर्थिक मंदी का कोई प्रभाव भारतीय बाजार में देखने को नहीं मिलता है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी हुई है। प्रस्तुत बजट से प्रति व्यक्ति आय में भी काफी बढ़ोतरी होने की संभावना है, जो भारत के लिए शुभ संकेत है। प्रस्तुत बजट में महिलाओं के चतुर्दिक विकास पर भी ध्यान दिया गया है। नरेंद्र मोदी सरकार अपने दूसरे टर्म में महिलाओं को पुरुषों के समक्ष बराबरी का दर्जा देने के लिए महिला बिल पारित कर अपने धर्म का निर्वाह किया। दो से तीन वर्षों में महिलाओं को बराबरी का दर्जा देने वाला बिल अस्तित्व में भी आ जाएगा। ऐसे में महिलाओं को मुख्य धारा में जोड़ने के लिए बजट में जो राशि आवंटित की गई है, महिला उत्थान की दिशा में एक कारगर कदम सिद्ध होगा। देश में आधा से ज्यादा आबादी 35 वर्ष के उम्र के लोगों की है। यह देश के लिए एक अच्छी खबर है। युवाओं के चतुर्दिक के विकास के लिए बजट में कई प्रावधान किए गए हैं। *(यह लेखक के निजी विचार हैं)*

आज की बात



विजय केसरी
(कथाकार/स्तंभकार)

आपकी बात

# क्यों सरदार पटेल की सीख से पूजा खेडकर रहीं दूर



आर.के. सिन्हा

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने 21 अप्रैल, 1947 को राजधानी के मेटकॉफ हाउस में आजाद होने जा रहे भारत के पहले बैच के आईसीएस जो 1948 से आईपीएस कहलाये ऐसे सभी अफसरों को संबोधित करते हुए कहा था कि "उन्हें स्वतंत्र भारत में जनता के सवालों को लेकर गंभीरता और सहानुभूति का भाव रखना होगा। उन्हें अपने दायित्वों का निर्वाह ईमानदारी से करना होगा।" सरदार पटेल ने उन्हें स्वराज और सुराज का अंतर भी समझाया था। जाहिर है, उनका ईमानदारी से आशय यही रहा होगा कि वे अपने जीवन के हर क्षेत्र में शुचिता और तटस्थता का पालन करेंगे। पर हाल में आईएएस प्रोबेशनर पूजा खेडकर मामले को गहराई से देखने से समझ आ रहा है कि कुछ शातिर तत्व आईएएस या अन्य सरकारी नौकरियों को पाने के लिए फर्जी प्रमाणपत्र भी सौंपते हैं। उनके लिए ईमानदारी का कोई मतलब नहीं है। उनका सरदार पटेल की सीख से भी कोई लेना-देना नहीं। पूजा खेडकर मसूरी के लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में प्रशिक्षण ले रही थीं। उन्हें महाराष्ट्र, शायद उनके अपने राज्य कैडर, में जिला प्रशिक्षण के लिए भेजा गया था। उन्हें एहसास नहीं था कि आईएएस अफसर बनने का मतलब जनसेवा होता है। इसके बजाय, उसने इस पद को हासिल करने के बाद अपनी झूठी शान दिखानी शुरू कर दी। उसने कार, सुसज्जित कार्यालय और कर्मचारियों जैसी कई सुविधाओं की मांग की। चूंकि प्रोबेशनर्स इन लाभों के हकदार नहीं होते हैं, इसलिए उन्हें कोई भी लाभ नहीं दिया गया। इसलिए, उसने अपनी दैनिक जरूरतों के लिए एक लग्जरी कार 'किराए पर' ली। इससे भी बुरा यह है कि उन्होंने कार की छत पर नीली बीकन लाइट भी लगाई। बीकन लाइट के इस्तेमाल को लेकर नियम हैं कि हर कोई ऐसी लाइट नहीं लगा सकता, जिसके कार्यात्मक उद्देश्य आवश्यक नहीं हैं। एम्बुलेंस वाहन पर ऐसी लाइट वाहन की तेज गति को सुविधाजनक बनाने के लिए होती है। पूजा का चयन दो विशेष श्रेणियों के तहत किया गया था। एक, वह ओबीसी के गैर-क्रीमी वर्ग से संबंधित हैं। यह स्वयं ही संदिग्ध है, यह देखते हुए कि उनके पिता एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी थे। फिर वह गैर-क्रीमी लेयर में कैसे चुनी गई। वह निश्चित रूप से गरीब व्यक्ति नहीं थी। उनके परिवार के पास पर्याप्त जमीन है जो निश्चित रूप से उन्हें एक अलग आर्थिक श्रेणी में रखेगी। पूजा ने यह भी दावा किया था कि उसकी एक अलग तरह की शारीरिक स्थिति है, जो उसे विकलांग कोटे के तहत आरक्षित सीट के लिए हकदार बनाती है। यूपीएससी और कार्मिक विभाग द्वारा विकलांगता के संबंध में कुछ तय दिशा-निर्देशों का पालन करते हैं। एक व्यक्ति जिसे एक आंख में दृष्टि नहीं होती है, उसे 'विकलांग" नहीं माना जाता है, यदि दूसरी आंख हर तरह से ठीक है।

देश की बात

# मदर ऑफ डेमोक्रेसी अर्थात लोकतंत्र की जननी है भारत



डॉ. राघवेन्द्र शर्मा

भारत के लिए यह गौरव का विषय है कि हम विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं। यह भी सर्वविदित है कि दुनिया में हमारे देश को मदर ऑफ डेमोक्रेसी अर्थात लोकतंत्र की जननी भी कहा जाता है। जाहिर है इसका श्रेय हमारी सामाजिक व्यवस्था और जागरूक अवस्था को जाता है। यही वजह है कि हमारे यहां अपवाद छोड़ दें तो बड़ी ही सहजता के साथ सत्ता परिवर्तन हो जाते हैं। मतदान के बाद सत्ताएं एक औपचारिकता की तरह हस्तांतरित हो जाती हैं। इस बीच किसी भी प्रकार की हाय तौबा देखने को नहीं मिलती। हाय तौबा से मेरा आशय उस हिंसा और उत्तेजना के अतिरेक से है जो हमें तथाकथित विकसित देशों में देखने को मिलती है। ऐसा अनेक जाने-माने देशों में देखने को मिला जब चुनाव पश्चात हारने वाली पार्टी को अपना आपा खोते देखा गया। यहां तक कि नई सत्ता के शपथ ग्रहण समारोह में भगदड़ मचीं, और तो और राष्ट्रपति भवनों तक को हिंसा का अतिरेक देखने को विवश होना पड़ गया। लेकिन बेहद गर्व की बात है कि भारत में ऐसे दृश्य कल्पनातीत ही हैं। सवाल उठता है कि जिन्हें हम आदर्श अथवा विकसित और संभ्रांत मानते रहे, वहां तो मतदान उपरांत सत्ता को लेकर हिंसक वातावरण देखने को मिले। फिर भारत में क्यों हालात सहज बने रहते हैं। इसका जवाब है देश के मतदाताओं का जागरूक होना। जब हम आजाद हुए तब हम पर राज करने वालों ने यही सवाल उठाया था कि इन्हें आजादी दे दी तो ये देश को चलाएंगे कैसे? लेकिन गर्व होता है यह याद करके कि हमने विश्व का सर्वोत्तम संविधान तो बनाया ही, विश्व की सबसे बड़े लोकतंत्र की स्थापना भी कर दिखाई। तो फिर दूसरा सवाल यह उठता है कि क्या हमारे यहां सत्ता की आपाधापी कभी मची ही नहीं? तो इसका जवाब इनकार में नहीं है। हां हम मानते हैं कि हमारे यहां भी इस तरह के प्रयास हुए, किंतु जनता की जागरूकता ने उन अति महत्वाकांक्षी हसरतों को नाकाम भी कर दिखाया। उदाहरण के लिए हम 1975 में बलात थोपे गए आपातकाल का उल्लेख कर सकते हैं।



बोधि वृक्ष

**डर का माहौल यदि खतरे की सीढ़ी पार कर गया, तो पूरे विश्व की शांति खतरे में पड़ सकती है, और इसके लिए कोई दोषी है तो वह है, राजनेताओं में कुर्सी का मोह**


# ...और अब नाम-पहचान पर धर्मयुद्ध



आज सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि समूचा विश्व एक दमघोटू माहौल में जीनें को मजबूर है, साम्प्रदायिकता का यह जहरीला धुंआ हर किसी के दिल-दिमाग में घुटन पैदा कर रहा है, भारत का 'हिन्दूराष्ट्र' का नारा अब विश्वमंच से लगाया जाने लगा है, इस कारण से एक सम्प्रदाय विशेष में डर तथा चिंता व्याप्त हो गई है, अब यह माहौल क्यों बनाया गया और इसके पीछे कौन सी शक्तियां है? इसका उत्तर तो बाद में खोज लिया जाएगा, किंतु प्राथमिकता इस माहौल को खत्म करने की है, क्योंकि यह माहौल यदि खतरे की सीढ़ी पार कर गया तो पूरे विश्व की शांति खतरे में पड़ सकती है। भारत में इस माहौल की शुरूआत देश को राजनीतिक नेतृत्व प्रदान करने वाले उत्तरप्रदेश से हुई है, जहां सबसे पहले धार्मिक रैलियों के मार्ग की दुकानों के बाहर उनके मालिकों के नाम की पट्टियां लगाने के आदेश प्रदान किए गए, जिसका सबसे पहले अनुसरण पड़ौसी राज्य उत्तराखण्ड ने किया जहां कांवड मार्ग की दुकानों पर इस विवादित नियम को लेकर सख्ती बरती गई। उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड के बाद अब छूत का यह रोग मध्यप्रदेश में भी प्रवेश कर गया है और मध्यप्रदेश स्थित देश की सबसे पुण्य व पवित्र नगरी अवंतिका (उज्जैन) में इस नियम को सख्ती के साथ लागू करने के निर्देश प्रदान कर दिए गए। वैसे इस स्थिति के लिए कोई दोषी नहीं है, न राजनेता और न उनके आराध्य। अगर कोई दोषी है तो वह है, कुर्सी का मोह।

–ओमप्रकाश मेहता

## फेसबुक वॉल से



Swami Vivekanand Quotes
O.L. Dangi · 2 h ·

**प्रकृति के तीन कड़वे नियम, जो सत्य है !!!**

**1. प्रकृति का पहला नियम :** यदि खेत में बीज न डालें जाएं, तो कुदरत उसे **घास-फूस** से भर देती हैं !! ठीक उसी तरह से दिमाग में **सकारात्मक** विचार न भरे जाएँ, तो **नकारात्मक** विचार अपनी जगह बना ही लेती है !!

**2. प्रकृति का दूसरा नियम :** जिसके पास जो होता है, **वह वही बांटता है !!**
- सुखी **सुख** बांटता है !!
- दु:खी **दु:ख** बांटता है !!
- ज्ञानी **ज्ञान** बांटता है !!
- भ्रमित **भ्रम** बांटता है !!
- भयभीत **भय** बांटता हैं !!

**3. प्रकृति का तिसरा नियम :** आपको जीवन में जो भी मिले, उसे **पचाना** सीखो क्योंकि ;
- **भोजन** न पचने पर, रोग बढते है !!
- **पैसा** न पचने पर, दिखावा बढता है !!
- **बात** न पचने पर, चुगली बढती है !!
- **प्रशंसा** न पचने पर, अंहकार बढता है !!
- **निंदा** न पचने पर, दश्मनी बढती है !!

290 8 comments 95 shares
Like Comment Send Share

## X से



Hardik Bhavsar @Bitt2DA · 18h
बारिश का इल्जाम भी मोदी जी पर...

और ये लाल टोपी ऑस्ट्रेलिया में पढ़ा है 🤣



752 2.8K 9.6K 602K

अलग बात

# ट्रंप को हरा चुनाव जीत सकती हैं कमला



ललित मोहन बंसल
लेखक, भारतीय मूल के अमेरिकी पत्रकार हैं

भारतीय मूल की अश्वेत महिला कमला हैरिस राष्ट्रपति चुनाव-2024 जीत सकती हैं, बशर्ते डेमोक्रेट एकजुट हो जाएं और उनके एक वर्ग का महिलाओं के प्रति नजरिया बदल जाए। कमला हैरिस का नाम सामने आने के बाद से एशियाई अमेरिकी, अफ्रीकी अमेरिकी और लैटिन अमेरिकी खेमों में खुशी की लहर है। कमला ने भी अपनी पहली प्रतिक्रिया में कहा है कि नामांकन लूंगी और चुनाव भी जीतूंगी। अमेरिका की दो बड़ी पार्टियों- रिपब्लिकन और डेमोक्रेट में परंपरावादियों का एक बड़ा समूह है, जो महिलाओं को बराबरी का दर्जा देने में संकोच करता है। डेमोक्रेटिक पुरुषों में एक-डेढ़ दशक से महिलाओं के प्रति नजरिए में तेजी से बदलाव आया है जबकि चर्च से निर्देशित परंपरावादी इवेंजिलिस्ट रिपब्लिकन अपने पुराने ढर्रे से बाहर नहीं आ पा रहे हैं।

अमेरिकी समाज में प्रगतिशील वाम और मध्यमार्गी डेमोक्रेट के पास 53-54 प्रतिशत मत हैं। इनमें अधिकतर निम्न और निम्न मध्यम आय वर्ग की एकल महिलाएं हैं, जो अपने सीमित संसाधनों के कारण मतदान में हिस्सा नहीं ले पातीं। कमला हैरिस ने पिछले चार वर्षों में अथक परिश्रम, एक महिला को छूने वाले मुद्दों में 'गर्भपात और इमिग्रेशन' पर काम किया है, उससे महिलाओं के एक बड़े वर्ग में कमला हैरिस के प्रति झुकाव बढ़ा है। चुनाव में अभी मात्र 105 दिन का समय शेष है। कमला हैरिस के सम्मुख पार्टी नियमों के अंतर्गत पहले नामांकन हासिल करना है और उसके बाद चुनाव प्रचार में एक बड़े फंड की जरूरत है। राष्ट्रपति जो बाइडेन के चुनावी फंड में मात्र 910 लाख डालर हैं, जो अमेरिकी चुनाव के लिए अत्यंत अल्प राशि है। हैरिस के दौड़ में आते ही बड़े और छोटे फंड देने वाले आगे आ रहे है। उन्होंने पहले पांच घंटों में खासी रकम जुटाई है। कमला के सम्मुख इस समय सबसे बड़ा मुद्दा राष्ट्रपति जो बाइडेन के अकस्मात राष्ट्रपति पद की दौड़ में हटने से पैदा हुई परिस्थिति में नामांकन हासिल करने की समस्या है। उनके नामांकन को लेकर पार्टी के शीर्षस्थ नेताओं में बराक ओबामा, प्रतिनिधि सभा की स्पीकर के रूप में दायित्व निभाने वालीं नैन्सी पेलोसी तथा सीनेट और प्रतिनिधि सभा में पार्टी लीडर और नेता के रूप में दायित्व निभाने वाले चूक शुमर ने रविवार की देर रात तक कमला के प्रति समर्थन व्यक्त नहीं किया है। इसके बावजूद कमला एक दर्जन से अधिक डेमोक्रेट राज्यों और स्विंग स्टेट में समर्थन हासिल कर पद के उम्मीदवारों में सबसे आगे हैं।

टेक वर्ल्ड

# बच्चों में अच्छी आदतों का विकास



हेमेन्द्र क्षीरसागर

बच्चे एक तरह से पौधे की तरह होते हैं। माता पिता माली की तरह, हम जिस तरह से उनकी देखभाल करेंगे हमें वैसा ही परिणाम देखने को मिलेगा। बच्चों में अच्छी आदतों का विकास तभी संभव है जब वे शरारतें कर रहे हों या कई छोटी-छोटी गलतियां कर रहे हों। लेकिन आप उन्हें सही मार्गदर्शन करते हों। कुछ माता-पिता बच्चों की शरारतों, गलतियों को नजरअंदाज कर देते हैं यह सोचकर कि बच्चा अभी छोटा है। फिर यही छोटी-छोटी गलतियाँ उनकी आदतें बन जाती हैं। बचपन की गलतियां उसके भविष्य को प्रभावित करती हैं। बच्चा बड़ा होने पर अपनी गलतियों को सुधार नहीं पाता। क्योंकि यह छोटी छोटी बातें उसकी आदत बन चुकी होती हैं और वह आदतों से मजबूर होता है। माता-पिता को बच्चों को बचपन से ही अच्छी तालीम देनी चाहिए। अगर छोटा बच्चा कोई गलती करता है तो उसे प्यार से समझाएं जैसे - अगर बच्चे ने कोई चीज खराब कर दी या तोड़ दी है तो उसे मारें नहीं। बच्चे में अच्छे संस्कार घर के माहौल से आते हैं। अगर आप बच्चों में शिक्षा, स्वास्थ्य, ईमानदारी, सादगी, विनम्रता, बड़ों का सम्मान आदि के लिए सुबह शाम एक घंटे का समय देते हैं, तो आपको अवश्य ही अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। अतः बच्चे को खिलौना ना दिया जाए, तो वह कुछ समय तक रोएगा। लेकिन संस्कार ना दिए जाएं तो वह जीवन भर रोएगा। बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें, क्योंकि बच्चे अपने माता-पिता पर निर्भर होते हैं। उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए हमें संतुलित आहार देने की जरूरत होती है। बच्चों को आहार देते समय इसके फायदे भी बताएं। धीरे-धीरे बच्चे इसे अपने भोजन का हिस्सा बना लेंगे। यह उनकी आदत बन जाएगी जो भविष्य में अच्छे स्वास्थ्य में मददगार साबित होगी।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. **RNI.** 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# आम बजट : बिहार में सड़कों का बिछेगा जाल, बाढ़ नियंत्रण पर भी होगा काम

एजेंसी

**पटना।** बिहार को भले ही विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिला, लेकिन, केंद्र सरकार ने बजट में कई तोहफे दिए हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लोकसभा में आम बजट पेश किया। इस आम बजट में बिहार को सड़क, स्वास्थ्य के साथ बाढ़ नियंत्रण को लेकर कई सौगात दी गई है। वित्त मंत्री ने बजट पेश करते हुए कहा कि हम नेपाल की तरफ से बाढ़ नियंत्रण के लिए काम करेंगे। हमारी सिंचाई की परियोजनाएं हैं, उसे वित्तीय समर्थन देंगे। इसमें 11,500 करोड़ रुपए का आवंटन किया जाएगा। पेश बजट में अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की बात की गई है। इस कॉरिडोर के तहत गया में एक औद्योगिक केंद्र बनाया जाएगा, जिससे पूर्वोत्तर क्षेत्र के औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि गया का यह केंद्र प्राचीन सांस्कृतिक केंद्रों को आधुनिक अर्थव्यवस्था के साथ जोड़ेगा। गया के विष्णुपद मंदिर और बोधगया के महाबोधि मंदिर में धार्मिक पर्यटन विकसित किया जाएगा। नालंदा को भी पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए केंद्र सरकार सहायता देगी। वित्त मंत्री ने बजट में बिहार में चार नए एक्सप्रेस वे बनाने के प्रस्ताव दिए हैं। आम बजट में बिहार में सड़क प्रोजेक्ट के लिए 26,000 करोड़ के पैकेज की घोषणा की गई। इसके अलावा 21,000 करोड़ के पावर प्लांट का भी ऐलान किया गया। केंद्र सरकार ने पटना से पूर्णिया के बीच एक्सप्रेस वे बनाने के लिए फंड देने का ऐलान किया है। इसके अलावा बक्सर से भागलपुर के बीच हाईवे बनाया जाएगा। साथ ही बोधगया से राजगीर, वैशाली होते हुए दरभंगा तक हाईवे बनेगा। बक्सर में गंगा नदी पर दो लेन का एक पुल भी बनाया जाएगा। केंद्र सरकार बिहार में कई एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेज और स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना करेगी। पीरपैंती में 2,400 मेगावाट का पावर प्लांट स्थापित किया जाएगा। निर्मला सीतारमण ने बिहार को अतिरिक्त आर्थिक मदद देने को लेकर कहा, बिहार के पीरपैंती में 21,400 करोड़ रुपये की लागत से 2400 मेगावाट का नया बिजली संयंत्र स्थापित करने सहित बिजली परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। बिहार में नए हवाई अड्डे, मेडिकल कॉलेज और खेल बुनियादी ढांचे का निर्माण किया जाएगा।

बहुपक्षीय विकास बैंकों से बाहरी सहायता के लिए बिहार सरकार के अनुरोध पर जल्द कार्रवाई की जाएगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक गलियारे पर हम बिहार के गया में औद्योगिक विकास करेंगे। इससे पूर्वी क्षेत्र के विकास में तेजी आएगी। हम पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे, बक्सर-भागलपुर राजमार्ग, बोधगया-राजगीर-वैशाली-दरभंगा सड़क संपर्क परियोजनाओं के विकास का भी समर्थन करेंगे और बक्सर में गंगा नदी पर 26,000 करोड़ रुपये की लागत से एक अतिरिक्त दो लेन का पुल बनाया जाएगा।

### बिहार में सड़क प्रोजेक्ट के लिए 26,000 करोड़ के पैकेज की घोषणा



- पीरपैंती में 2,400 मेगावाट के 21,000 करोड़ के पावर प्लांट का ऐलान
- बिहार में नए मेडिकल कॉलेज और स्टेडियम की भी स्थापना होगी
- पटना से पूर्णिया के बीच एक्सप्रेस वे बनाने के लिए फंड देने का ऐलान

## बिहार के विकास में मील का पत्थर साबित होगा बजट : गिरिराज सिंह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री और बिहार से लोकसभा सांसद गिरिराज सिंह ने आम बजट की सराहना करते हुए कहा है कि यह बजट चार स्तंभ युवा, किसान, गरीब और महिला पर टिका हुआ है। एमएसएमई, कृषि और महिला के कल्याण सहित सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। बिहार और आंध्र प्रदेश को बजट में मिली सौगातों की विपक्षी दलों द्वारा आलोचना करने पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस बताए कि आंध्र प्रदेश के विभाजन के समय उनकी सरकार ने जो वादा किया था, वो आंध्र प्रदेश को नहीं मिलना चाहिए, क्या आंध्र प्रदेश को उसकी राजधानी के विकास के लिए फंड नहीं मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस की सरकार थी, तब भी मोदी सरकार ने आंध्र प्रदेश को फंड दिया था और आज भी दिया है। बिहार को लेकर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बिहार के लिए पहली बार 2015 में 1.25 लाख करोड़ रुपए की घोषणा की थी और 2 लाख करोड़ रुपए खर्च किया।



## बजट में बिहार को मिली कई सौगातें, जदयू ने जताई खुशी

**पटना।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लोकसभा में मोदी सरकार 3.0 का पहला बजट पेश किया। बजट में मोदी सरकार ने बिहार के लिए कई बड़ी घोषणाएं की है। जिस पर जदयू नेताओं की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने मोदी सरकार के बजट की प्रशंसा की और कहा कि भारत सरकार ने बजट में बिहार को विशेष पैकेज से ज्यादा दे दिया है। उन्होंने कहा कि बिहार में 26,000 करोड़ के हाईवे बनाने की घोषणा की गई है। केंद्र ने गंगा नदी पर दो नए पुल बनाने की घोषणा की है। बिहार के जिन जगहों में मेडिकल कॉलेज नहीं है, वहां केंद्र सरकार ने नए मेडिकल कॉलेज खोलने का प्रावधान किया है। जहां एयरपोर्ट नहीं है, वहां पर एयरपोर्ट बनाने के लिए बिहार सरकार से प्रस्ताव मांगा गया है। 2 लाख 66 हजार करोड़ ग्रामीण विकास विभाग को केंद्र सरकार ने दिया है, पीरपैंती में 2,400 मेगावाट का पावर प्लांट बनाने की घोषणा की गई है।



## उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा ने केंद्रीय बजट का स्वागत किया



बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने केंद्रीय बजट को स्वागतयोग्य बताते हुए इसे ऐतिहासिक बजट बताया। उन्होंने कहा कि बिहार को सभी क्षेत्रों में कुछ न कुछ मिला है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने केंद्रीय बजट का स्वागत किया। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस बजट में एक तरह से भारत के खजाने को बिहार की तरफ खोलने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट बिहार को विकसित बनाने की पटकथा लिखेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बजट में बिहार को तीन प्रोजेक्ट्स में करीब 58 हजार 900 करोड़ रुपये मिले हैं। इसमें तीन एक्सप्रेस-वे, पावर प्लांट, एयरपोर्ट और मेडिकल कॉलेज भी खुलेंगे, गया-नालंदा में कॉरिडोर बनेगा। उन्होंने कहा कि इस बजट से बिहार के विकास की गति में तेजी आएगी और बिहार के सभी क्षेत्रों को विकसित बनाने में मदद मिलेगी। चौधरी ने जोर देकर कहा कि बिहार में बाढ़ की समस्या हो, एयरपोर्ट की समस्या हो, बिजली की बात हो, धार्मिक स्थलों के विकास की बात हो, पर्यटकों की संख्या बढ़ाने की बात हो, सभी क्षेत्र में कुछ न कुछ दिया गया है। इससे बिहार का सवार्गीण विकास होगा। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने 2024-25 के केंद्रीय बजट का स्वागत करते हुए कहा कि इस बजट में गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के सर्वांगीण विकास के साथ विकसित भारत के संकल्प की दिशा में सार्थक कदम बढ़ाया गया है। विशेष रूप से यह बजट बिहार के विकास के लिए ऐतिहासिक है।

### तेजस्वी ने केंद्रीय बजट को बताया निराशाजनक, रविशंकर ने कहा

## 'विकसित भारत की राह करेगा मजबूत'



**पटना।** बिहार की मुख्य विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने केंद्रीय बजट को निराशाजनक बजट कहा है। बिहार में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि इस बजट ने बिहार के लोगों को फिर निराश किया है। पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार को प्रगति पथ पर ले जाने के लिए एक रिवाइवल प्लान की जरूरत थी, और इसके लिए विशेष राज्य के दर्जे के साथ विशेष पैकेज की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा कि, रूटीन आवंटन तथा पूर्व स्वीकृत, निर्धारित और आवंटित योजनाओं को नई सौगात बताने वाले बिहार का अपमान न करें। उन्होंने कहा कि पलायन रोकने, प्रदेश का पिछड़ापन हटाने तथा उद्योग धंधों के साथ-साथ युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए, हम विशेष राज्य के दर्जे की मांग से इंच भर भी पीछे नहीं हटेंगे।

इधर, पूर्व केंद्रीय मंत्री और पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद ने बजट की तारीफ करते हुए कहा कि आज जो बजट पेश हुआ है, वह विकसित भारत बनने की गति को और तेज करेगा। इस बजट में रोजगार के करोड़ों अवसर बढ़ाने के बड़े रोडमैप हैं।

## न्यूज बॉक्स

### तृणमूल के सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा, यह 'कुर्सी बचाओ' बजट है



**कोलकता।** केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण द्वारा बजट में बिहार और आंध्र प्रदेश को दिए गए विशेष पैकेज पर विपक्ष हमलावर हो गया है। केंद्रीय बजट पर तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि यह 'कुर्सी बचाओ' बजट है। उन्होंने कहा कि ये बजट एनडीए के नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू को साथ रखने के लिए है, ये बजट देश के लिए नहीं है। इसमें बंगाल के लिए कुछ नहीं है, इनको बंगाल से कोई लेना देना नहीं है।

### 29 सांसदों के बावजूद बजट में मध्य प्रदेश के साथ हुआ छल : जीतू पटवारी



**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश देश के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 29 सीटें दी हैं, लेकिन राज्य के लिए बजट में कुछ नहीं है। उन्होने कहा कि, पूरे देश में नरेंद्र मोदी से विश्वास हटा था, बाद में जैसे-तैसे उनकी सरकार बनी थी। लेकिन, इस बजट में मध्य प्रदेश की भावना के साथ धोखा किया गया है। मध्य प्रदेश को 29 सांसदों के बावजूद कुछ नहीं मिला। उन्होंने कहा, गेहूं और धान के लिए 'मोदी गारंटी' की बात की गई थी, 100 स्मार्ट सिटी बनाने की बातें की, अब 100 औद्योगिक सिटी बनाने की बात हो रही है। पहले 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने की बात थी, अब 4 करोड़ युवाओं को रोजगार देने की बात करते हैं। सबसे ज्यादा महंगाई हमारे देश में है, बेरोजगारी भी हमारे यहां सबसे ज्यादा है। जिस तरह से बजट का प्रस्तुतीकरण हुआ, उसका संदेश स्पष्ट है कि अब सिंगल झूठ की जगह डबल झूठ से काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के साथ छल हुआ है। यह शर्मनाक है कि यहां के मुख्यमंत्री मोहन यादव, शिवराज सिंह चौहान, ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसे केंद्रीय मंत्री भी मध्य प्रदेश की रक्षा नहीं कर पाए। इन सबको अपने लिए जीना है। जब मध्य प्रदेश के बच्चों का गला घोटा जाता है, तो ये चुप रहते हैं।

### हाईकोर्ट का लोस अध्यक्ष की बेटी के खिलाफ अपमानजनक पोस्ट हटाने का आदेश



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को रेलवे अधिकारी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की बेटी अंजलि बिरला को बदनाम करने वाले सोशल मीडिया पोस्ट को हटाने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति नवीन चावला की पीठ ने अंजलि बिरला के बारे में भ्रामक और गलत जानकारी फैलाने के लिए एक्स, गूगल और अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों के खिलाफ दायर मानहानि मुकदमे में अंतरिम निर्देश दिया है। अदालत ने यह दावा करने वाले पोस्ट को ब्लॉक करने का आदेश दिया कि अंजलि बिरला ने भ्रष्ट आचरण में लिप्त होकर और अपने पिता के पद का दुरुपयोग करके अपने पहले प्रयास में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा पास की। न्यायालय ने एक्स और गूगल को विवादित सोशल मीडिया सामग्री को 24 घंटे के भीतर हटाने का निर्देश दिया। यदि वादी को किसी अन्य समान पोस्ट के बारे में पता चलता है, तो वह इसके बारे में एक्स और गूगल को सूचित करेगी। न्यायमूर्ति चावला ने अज्ञात पक्षों के अंजलि के मानहानि मुकदमे में उल्लिखित कथित मानहानि वाले कंटेंट को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पोस्ट करने, प्रसारित करने, ट्वीट करने या रीट्वीट पर भी रोक लगा दी। उच्च न्यायालय ने इस मामले में एक्स, गूगल, केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा अज्ञात पक्षों को भी नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा है।

### पूर्णिया में अज्ञात बीमारी से तीन की मौत कई बीमार, डब्लूएचओ की टीम पहुंची

**पूर्णिय।** पूर्णिया पूर्व के एक गांव में अज्ञात बीमारी से तीन लोगों की मौत हो गई है एवं कई लोग बीमार हैं। तीन लोगों की मौत विगत 10 से 15 दिनों के अंदर हुई है। गांव के गरीब लोगों को समझ में नहीं आ रहा था कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है। उसे गांव में कई लोग बीमार हैं। बात धीरे-धीरे फैलती गई और तब जाकर डॉक्टर की टीम पहुंची। यह मामला पूर्णिया पूर्व प्रखंड के रामपुर पंचायत के मुसहरी टोला की है। यहां किसी अनजाने वायरस की वजह से एक ही परिवार के तीन लोगों की मृत्यु हो गई तथा गांव के कई अन्य लोग बीमार हैं। दहशत से पूरे गांव में एक अनजाने डर का माहौल बना हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही जिला परिषद उपाध्यक्ष नीरज सिंह उर्फ छोटू सिंह एवं कई लोग पहुंचे । साथ ही पूर्णिया से मेडिकल की एक बड़ी टीम वहां पहुंची एवं जांच वगैरह करना प्रारंभ किया। मेडिकल टीम ने पूरे गांव में फैले संक्रमण को लेकर लोगों को बेहतर उपचार की बात कही एवं यथासंभव मदद करने का भरोसा भी दिया। इस भयावह स्थिति को देखते हुए पूर्णिया के सिविल सर्जन से बात की गई। उसके बाद संध्या में पूर्णिया चिकित्सा पदाधिकारी ,सिविल सर्जन एवं डब्लू एच ओ की टीम भी वहां पहुंच गई है। फिलहाल मेडिकल की टीम ने कहा है कि चापाकल का पानी नहीं पिए। अगर पीना ही है तो उस पानी को गर्म करने के बाद ठंडा होने पर ही पीएं एवं बरसाती चीजों को ना खाएं।

### ममता बनर्जी ने दिए निदेर्श: आलू संकट न हो, निर्यात पर रोक



**कोलकाता।** राज्य के आलू व्यवसायियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल का आह्वान किया है, जिससे बाजार में आलू की कमी हो गई है और कीमतें बढ़ गई हैं। इस संकट से मध्यवर्गीय परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आलू को लेकर कोई संकट नहीं होना चाहिए। मंत्रिमंडल की बैठक में मुख्यमंत्री ने पंचायत मंत्री और पूर्व कृषि सलाहकार प्रदीप मजूमदार को इस बारे में स्पष्ट रूप से निर्देश दिए। मंगलवार को राज्य विधानसभा में ममता बनर्जी ने मंत्रिमंडल की बैठक की। इस बैठक में आलू की मूल्यवृद्धि और आपूर्ति में कमी को लेकर उन्होंने गहरा असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आलू को लेकर कोई संकट नहीं होना चाहिए और जब तक कीमतें नहीं घटतीं, तब तक अन्य राज्यों को आलू निर्यात नहीं किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रगतिशील आलू व्यापारी संघ ने अनिश्चितकालीन हड़ताल का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री ने अब इस संघ को हटाकर नए संगठन बनाने का निर्देश दिया है। पिछले कुछ हफ्तों से आलू की कीमतें सातवें आसमान पर हैं। राज्य सरकार द्वारा जारी कई निर्देशों और कड़े कदमों के बावजूद स्थिति में बहुत सुधार नहीं हुआ है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जब तक राज्य की मांग पूरी नहीं होती और कीमतें नियंत्रित नहीं होतीं, तब तक अन्य राज्यों को आलू निर्यात नहीं किया जाएगा। निर्यात पर रोक लगाने के लिए विभिन्न सीमाओं पर कड़ी निगरानी की जा रही है, जिसे लेकर आलू व्यापारियों में गहरा विरोध है। आलू व्यापारी संघ के अध्यक्ष विद्युतबरन प्रीतिहार ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निर्यात पर प्रतिबंध लगाने से व्यापार को नुकसान हो रहा है। इसके विरोध में आलू व्यापारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल का आह्वान किया है।

## आज का राशिफल

**मेष** — कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है।

**वृषभ** — यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मिथुन** — शनै-शनै स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

**कर्क** — मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**सिंह** — कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा।

**कन्या** — अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

**तुला** — कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**वृश्चिक** — अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें।

**धनु** — धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। समय पक्ष का बना रहेगा।

**मकर** — परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**कुम्भ** — पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा।

**मीन** — भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

# 'विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण का आर्थिक दस्तावेज है बजट : सीएम योगी



एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार के आम बजट को लेकर अपनी पहली प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि ये बजट भारत की 5 ट्रिलियन इकोनॉमी के लक्ष्य को पूरा करेगा। सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश का आम बजट प्रस्तुत किया है। यह बजट सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी, विकासोन्मुखी 140 करोड़ देशवासियों की आशाओं, आकांक्षाओं और अमृतकाल के सभी संकल्पों को सिद्ध करने वाला है। आम बजट 2024-25 'विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण का आर्थिक दस्तावेज है। इस आम बजट में अंत्योदय की पावन भावना, विकास की असीम संभावना और नवोन्मेष की नव-दृष्टि है। इस आम बजट में अन्नदाता किसानों की समृद्धि के लिए 1 लाख 52 हजार करोड़ रुपये कृषि और सहायक क्षेत्रों के लिए, महिला सशक्तीकरण के लिए 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि स्वाभाविक रूप से आधी आबादी वाले देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की आधी आबादी इससे लाभांवित होने वाली है।

खास तौर पर तब जब यूपी 2020 से मिशन शक्ति को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतार रहा है, सर्वाधिक अन्नदाता किसान यूपी से आता है, उनकी समृद्धि में आज संसद में प्रस्तुत आम बजट बड़ी भूमिका निर्वहन करने वाला है। सीएम योगी ने कहा कि युवाओं को लाखों नौकरियों के साथ-साथ माध्यम वर्गी परिवार के लिए इनकम टैक्स में जो नई टैक्स सैल्ब की घोषणा हुई है, ये स्वागत योग्य है। यह बजट भारत को 5 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था में बदलने के संकल्प साथ ही दुनिया के ग्रोथ इंजन के रूप में भारत की भूमिका और विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने का एक आर्थिक दस्तावेज के रूप में यह देश की संसद में प्रस्तुत किया गया है।

## मोदी सरकार का बजट मायूस करने वाला ज्यादा : मायावती



मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट मंगलवार को लोकसभा में पेश किया गया। इस पर बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने प्रतिक्रिया दी है। मायावती ने कहा, संसद में आज पेश केंद्रीय बजट अपने पुराने ढर्रे पर कुछ मुट्ठी भर अमीर व धन्नासेठों को छोड़कर देश के गरीबों, बेरोजगारों, किसानों, महिलाओं, मेहनतकशों, वंचितों व उपेक्षित बहुजनों के त्रस्त जीवन से मुक्ति हेतु 'अच्छे दिन' की उम्मीदों वाला कम, उन्हें मायूस करने वाला ज्यादा है।" देश में छाई जबरदस्त गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई, पिछड़ापन तथा यहां के 125 करोड़ से अधिक कमजोर तबकों के उत्थान व उनके लिए जरूरी बुनियादी सुविधाओं के प्रति इस नई सरकार में भी अपेक्षित सुधारवादी नीति व नीयत का अभाव है।

## पक्की नौकरी का इंतजाम नहीं तब तक कोई बड़ा लाभ नहीं : अखिलेश



केंद्रीय बजट को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि जब तक किसान और नौजवानों की पक्की नौकरी का इंतजाम नहीं होगा तब तक जनता को कोई बड़ा लाभ नहीं पहुंचेगा। उन्होंने कहा, अगर हम उत्तर प्रदेश को देखें तो निवेश की क्या स्थिति है? जो परियोजनाएं वे चला रहे हैं, वे कभी समय पर पूरी नहीं होतीं। यह अच्छी बात है कि बिहार और आंध्र प्रदेश को विशेष योजनाओं से जोड़ा गया है, लेकिन क्या उत्तर प्रदेश जैसे राज्य के किसानों के लिए बजट में कुछ है जो प्रधानमंत्री देते हैं? वहीं, केंद्रीय बजट 2024 पर मैनपुरी से सपा सांसद डिंपल यादव ने कहा, महिलाओं की सुरक्षा के लिए कुछ होना चाहिए था, बजट में कुछ भी नहीं है, रसोई का ख्याल नहीं रखा गया है। सरकार महंगाई को लेकर कोई कदम नहीं उठाना चाहती।

# 4,300 से अधिक छात्र बांग्लादेश से लौटे

एजेंसी

**कोलकाता।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने मंगलवार को कहा कि पिछले चार दिन में एक कनाडाई और दो मालदीव के नागरिकों सहित 4,300 से अधिक छात्र बांग्लादेश से भारत आ चुके हैं। बीएसएफ की पूर्वी कमान के एक अधिकारी ने बताया, शुक्रवार से अब तक 4,315 छात्र भारत-बांग्लादेश सीमा पार कर आ चुके हैं और उन्हें बीएसएफ द्वारा सहायता दी गई। सीमा पार करने वाले इन छात्रों में से 3,087 भारतीय, 41 बांग्लादेशी, 1,118 नेपाली, 66 भूटानी, दो मालदीव का और एक कनाडाई छात्र है। उन्होंने कहा कि इन छात्रों की चिकित्सा जांच के साथ उन्हें भोजन भी उपलब्ध कराया गया। अधिकारी ने बताया, जरूरत पड़ने पर दस्तावेजों के लिए विशेष काउंटर भी स्थापित किए गए हैं। वहीं, बीएसएफ छात्रों को उनके निकटतम गंतव्य तक पहुंचाने का भी इंतजाम कर रहा है।




### अवैध आव्रजन रोकने के लिए सुरक्षा कड़ी की गई

बीएसएफ अधिकारी ने कहा, भारत-बांग्लादेश सीमा से किसी भी अवैध आव्रजन को रोकने के लिए सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। भारत और अन्य देशों के छात्रों की सुरक्षित वापसी का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। बीएसएफ की पूर्वी कमान को पांच भारतीय राज्यों के 32 जिलों से होकर गुजरने वाली भारत-बांग्लादेश सीमा की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# केंद्रीय बजट में खेलो इंडिया के लिए 900 करोड़ रुपये आवंटित

**880** करोड़ रुपए का आवंटित था पिछले वित्तीय वर्ष

**596.39** करोड़ रुपए था 22-23 में खेलो इंडिया का वास्तविक आवंटन

**2018** की शुरूआत के बाद से सरकार ने इसमें और खेल आयोजनों को जोड़ना जारी रखा है






नाडा के बजट को 21.73 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 22.30 करोड़ रुपए कर दिया गया है

एनडीटीएल के बजट को 19.50 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 22 करोड़ कर दिया गया है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रमुख परियोजना खेलो इंडिया को एक बार फिर खेल मंत्रालय के लिए केंद्रीय बजट में सबसे अधिक राशि आवंटित हुई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा मंगलवार को पेश केंद्रीय बजट में खेल मंत्रालय के लिए 3,442.32 करोड़ रुपए में से खेलो इंडिया के लिए 900 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। यह रकम पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान 880 करोड़ रुपए के संशोधित आवंटन से 20 करोड़ रुपए अधिक है। इस साल अगस्त में पेरिस ओलंपिक चक्र समाप्त होने वाला है और राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों अभी भी दो साल का समय है। ऐसे में खेल मंत्रालय के बजट में पिछले चक्र की तुलना में केवल 45.36 करोड़ रुपए की मामूली वृद्धि की गई है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में खेलो इंडिया का वास्तविक आवंटन 596.39 करोड़ रुपए था। अगले साल (2023-24) के बजट में लगभग 400 करोड़ रुपए से अधिक बढ़ाकर 1,000 करोड़ रुपए कर दिया गया था। इसे हालांकि संशोधित कर 880 करोड़ रुपए किया गया था। खेलो इंडिया युवा खेलों 2018 (केआईवाईजी) की शुरुआत के बाद से सरकार ने इसमें और खेल आयोजनों को जोड़ना जारी रखा है। मंत्रालय ने उसी वर्ष खेलो इंडिया शीतकालीन खेल और 2023 में खेलो इंडिया पैरा खेलों शुरू करने के साथ 2020 में खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों की शुरुआत की। देश भर में सैकड़ों खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र (केआईएससीई) स्थापित किए गए हैं, जिनका उद्देश्य प्रतिभाशाली उदीयमान खिलाड़ियों को सुविधाएं प्रदान करना है। खेलो इंडिया के कई एथलीट वर्तमान में भारतीय ओलंपिक दल में शामिल हैं। राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को सरकार की सहायता में भी 15 करोड़ रुपए की वृद्धि की गई है। यह 2023-24 में 325 करोड़ रुपए से बढ़कर नवीनतम बजट में 340 करोड़ रुपए हो गई है।

# पेरिस ओलंपिक में भारत कल शुरू करेगा यात्रा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय दल 25 जुलाई से पेरिस ओलंपिक में अपनी यात्रा शुरू करेगा, जिसमें 117 एथलीट 16 खेलों में 69 पदक स्पर्धाओं में भाग लेंगे। नीरज चोपड़ा की अगुआई में 29 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम फ्रांस में ओलंपिक के लिए जाने वाले दल का एक बड़ा हिस्सा होगी। इसके अलावा 21 सदस्यीय निशानेबाजी दल भी होगा, जो पेरिस 2024 में किसी भी खेल के लिए भारत द्वारा भेजा गया दूसरा सबसे बड़ा दल होगा। यह भारत द्वारा ओलंपिक इतिहास में भेजा गया सबसे बड़ा निशानेबाजी दल है, इससे पहले टोक्यो 2020 ओलंपिक के दौरान 15 निशानेबाजों ने भारत का प्रतिनिधित्व किया था। पेरिस में तिरंगा फहराने के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाले तीरंदाजों में दीपिका कुमारी और तरुणदीप राय जैसे सितारे शामिल हैं। वे 25 जुलाई को व्यक्तिगत रैंकिंग राउंड में प्रतिस्पर्धा करेंगे और अगले दिन होने वाले उद्घाटन समारोह से पहले एक्शन में आने वाले पहले भारतीय होंगे। भारत को 27 जुलाई को शैटोरैक्स के राष्ट्रीय निशानेबाजी केंद्र में होने वाले मिश्रित टीम एयर राइफल पदक मैचों के दौरान पदक पर अपना पहला शॉट मिलेगा। इस स्पर्धा में दो भारतीय टीमें, संदीप सिंह/एलावेनिल वलारिवन और अर्जुन बाबूता/रमिता जिंदल प्रतिस्पर्धा करेंगी। मनु भाकर दो व्यक्तिगत पिस्टल स्पर्धाओं और 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम प्रतियोगिता में भी प्रतिस्पर्धा करेंगी। हालांकि, शो के स्टार, मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा अगस्त के दौरान एक्शन में होंगे। पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के लिए क्वालीफायर 6 अगस्त को होंगे और फाइनल दो दिन बाद होगा।



पेरिस 2024 के दौरान भारत जिन 16 खेलों में प्रतिस्पर्धा करेगा, जिनमें तीरंदाजी एथलेटिक्स, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, घुड़सवारी, गोल्फ, हॉकी, जूडो, रोइंग, नौकायन शूटिंग, तैराकी, टेबल टेनिस, भारोत्तोलन, कुश्ती और टेनिस शामिल हैं।

## पेरिस ओलंपिक के बाद टेनिस को अलविदा कहेंगे एंडी मरे



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दो बार के ओलंपिक पुरुष एकल चैंपियन एंडी मरे ने मंगलवार को पुष्टि की कि वह पेरिस ओलंपिक खेलों के साथ ही अपने करियर का अंत करेंगे। 37 वर्षीय मरे ने मंगलवार को एक्स पर लिखा, अपने आखिरी टेनिस टूर्नामेंट के लिए पेरिस पहुंच गया हूं। ब्रिटेन के लिए प्रतिस्पर्धा करना मेरे करियर का अब तक का सबसे यादगार सप्ताह रहा है और मुझे इसे अंतिम बार करने पर बेहद गर्व है! पेरिस ओलंपिक में टेनिस शनिवार से रोलांड गैरोस के क्ले कोर्ट पर शुरू हो रहा है। मरे ने 2012 लंदन ओलंपिक में विंबलडन में ग्रास कोर्ट पर रोजर फेडरर को लगातार तीन सीटों हराकर अपना पहला स्वर्ण पदक जीता था।

## तादेज पोगाकर ने पेरिस ओलंपिक से नाम वापस लिया



**एजेंसी। पेरिस**

टूर डी फ्रांस विजेता तादेज पोगाकर पेरिस ओलंपिक में भाग नहीं लेंगे। स्लोवेनियाई राइडर ने थकान के कारण ओलंपिक से हटने का फैसला किया है। स्लोवेनियाई एजेंसी एसटीए ने सोमवार को इस खबर की पुष्टि की, जब पोगाकर ने एक दिन पहले ही डेनमार्क के दूसरे स्थान पर रहे जोनास विंगेगार्ड पर छह मिनट से अधिक की बढ़त के साथ अपना तीसरा टूर जीता था। पोगाकर ने छह चरणों में जीत हासिल की और रेस में अपना दबदबा बनाए रखा, मई में गिरो डे इटालिया जीतने के बाद उनकी जीत और भी प्रभावशाली हो गई। पोगाकर की जीत का तरीका और शुरुआती सीजन की एक दिवसीय दौड़ में दिखाया गया फॉर्म, जो 273 किलोमीटर की ओलंपिक रोड साइकिलिंग रेस के समान है, इसका मतलब है कि 2020 टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अपने पहले से ही शानदार सीजन में ओलंपिक स्वर्ण पदक के लिए पसंदीदा थे। हालांकि, उनके एजेंट एलेक्स कैरेरा ने बताया कि पिछले तीन महीनों में 25 वर्षीय खिलाड़ी ने जो थकान जमा की है, उसके कारण उन्हें पेरिस खेलों से हटने का फैसला लेना पड़ा है। पोगाकर और विंगगार्ड दोनों पेरिस में प्रतिस्पर्धा नहीं कर रहे हैं, इसलिए टूर डी फ्रांस में तीसरे स्थान पर रहने वाले रेम्को इवेनेपेल और वाउट वैन एर्ट की बेल्जियम की जोड़ी पेरिस में नई पसंदीदा होगी, दोनों इवेनेपेल रोड रेस और 32 किलोमीटर के टाइम-ट्रायल में स्वर्ण के लिए चुनौती पेश करेंगे।

## राहुल द्रविड़ की बतौर मुख्य कोच आईपीएल में हो सकती है वापसी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल टीम इंडिया के साथ टी20 विश्व कप के बाद खत्म हो गया है। अब वो एक बार फिर मुख्य कोच की भूमिका में आ सकते हैं, हालांकि इस बार वो आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स की कमान संभालने वाले हैं। भारतीय टीम को टी20 विश्व कप 2024 में मुख्य कोच के रूप में सफलतापूर्वक जीत दिलाने के बाद राहुल द्रविड़ कथित तौर पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में एक नए रोमांचक सफर की तैयारी कर रहे हैं। भारतीय टीम के मुख्य कोच के रूप में उनका कार्यकाल समाप्त होने के बाद द्रविड़ से टी20 लीग में कई फ्रेंचाइजियों ने संपर्क किया।



भारतीय क्रिकेट टीम श्रीलंका पहुंची

## टी20 श्रृंखला के लिए श्रीलंका टीम की घोषणा, असालांका को मिली कप्तानी

**पाल्लेकल।** चरित असालांका भारत के खिलाफ 27 जुलाई से शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में श्रीलंका के कप्तान होंगे। वह टी20 विश्व कप में टीम के जल्दी बाहर होने के बाद इस्तीफा देने वाले स्पिन हरफनमौला वानिंदु हसरंगा की जगह लेंगे। स्पिन हरफनमौला वानिंदु हसरंगा के बाद असालांका को कप्तानी सौंपी गई है। हसरंगा ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में पिछले महीने हुए टी20 विश्व कप में श्रीलंका की कप्तानी की थी। असालांका ने इस साल की शुरुआत में बांग्लादेश दौरे पर भी दो टी20 मैचों में श्रीलंका की कप्तानी की थी जब हसरंगा आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के कारण निलंबन झेल रहे थे।





## समय-समय पर बदले ओलंपिक मैडलों के डिजाइन

**नई दिल्ली।** 1896 में जब ओलिम्पिक की शुरूआत हुई थी तो केवल प्रथम और द्वितीय रहे एथलीट्स को ही मैडल दिया जाता था। धीरे-धीरे नियमों में बदलाव हुआ तो मैडलों के डिजाइन भी बदलते गए। मैडलों पर गॉड जीउस, देवी नाइके, जैतून के पेड़ की टाहनियों की छवियां लंबे समय तक रही हैं। इसी बीच पेरिस प्रबंधन ने हालिया गेम्स के मैडलों में एफिल टावर की आकृति भी जोड़ दी है। आइए जानते हैं- कैसे समय-समय पर मैडलों के डिजाइन में बदलाव होते गए।

**एथलैंस 1896 : ओलिम्पिक के पहले मैडल**

1896 ओलिम्पिक में केवल पहले और दूसरे स्थान पर रहने वाले एथलीटों को मैडल दिए जाते थे। मैडल पर भगवान जीउस की आकृति का एक ग्लोब पकड़े देखा जा सकता है। दूसरी तरफ, एक्रोपोलिस की साइट थी। जिस पर लिखा था।

**एम्सटर्डम 1928 : 44 साल चला यह डिजाइन**

1921 में ओलिम्पिक समिति ने मैडल का डिजाइन बदला जोकि करीब आधी सदी तक चला। इसपर विजय की पारंपरिक देवी को एक हाथ में मुकुट और दूसरे हाथ में ताड़ के पत्ते पकड़े दर्शाया गया। मैडल के पीछे ओलिम्पिक चैम्पियन को प्रसन्न भीड़ हवा में लहराती दिखती है।

**म्यूनिख 1972 : मैडल में बेटे भी किए शामिल**

1928 से ओलिम्पिक पदकों के दोनों तरफ की छवियां एक जैसी ही थीं। हालांकि, 1972 में म्यूनिख खेलों के लिए मैडलों में कैस्टर और पोलक्स की छवि जोड़ दी गई। यह दोनों जीउस और लेडा के जुड़वां बेटे थे। 44 वर्षों में पदकों के डिजाइन में यह पहला बदलाव था।

**सियोल 1988 : शांति और एकता का प्रतीक**

ओलिम्पिक खेलों की भावना को ध्यान में रखते हुए सियोल 1988 के पदकों में महत्वपूर्ण बदलाव हुआ ताकि दुनिया को शांति का संदेश दिया जा सके। पदकों के पीछे की तरफ अपनी चोंच में लॉरेल पत्ती पकड़े हुए कबूतर की छवि धातु पर उकेरी गई।

**एथेंस 2004 : देवी नाइके की छवि बदली**

1896 के बाद एथेंस में साल 2004 में ओलिम्पिक हुए। इसके लिए मैडलों में बदलाव किए गए। मैडलों पर देवी नाइके को बैठे हुए चित्रित करने के बजाय, उन्हें सर्वश्रेष्ठ एथलीटों को जीत दिलाने के लिए स्टेडियम में उड़ते हुए दिखाया गया था।

**बीजिंग 2008 : मैडलों पर बनाया ड्रैगन पैटर्न**

बीजिंग ओलिम्पिक के दौरान मैडलों पर पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना का एक स्थायी प्रतीकः जेड अंकित किया गया। प्रत्येक मैडल के पीछे एक ड्रैगन पैटर्न भी बनाया गया। पदकों का डिजाइन बड़प्पन, सदाचार, नैतिकता और सम्मान का प्रतीक चुना गया।

**टोक्यो 2020 : इलैक्ट्रॉनिक उपकरण इस्तेमाल किए**

टोक्यो 2020 मैडल प्रोजैक्ट में कुल 78,985 टन बेकार पड़े इलैक्ट्रॉनिक उपकरणों को इस्तेमाल किया गया। इससे निकले 30.3 किलोग्राम सोना, 4,100 किलोग्राम चांदी और 2,700 किलोग्राम कांस्य निकाला गया और पदकों के निर्माण में पुनः उपयोग किया गया।

**पेरिस 2024 : एफिल टॉवर का टुकड़ा डाला**

कोई एथलीट अगर पेरिस में स्वर्ण, रजत या कांस्य मैडल जीतता है तो वह अपने साथ पेरिस के प्रतिष्ठित एफिल टावर का टुकड़ा भी लेकर जाएगा। इन मैडलों में टावर के एक हिस्से का लोहा डाला गया है। प्रबंधन की इस पहल ने इस ओलिम्पिक को और भी यूनीक बना दिया है।



# बाजार को रास नहीं आया बजट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज लोकसभा में मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश किया। बजट पेश किये जाने से पहले ही शेयर बाजार में उथल-पुथल देखने को मिल रही थी और जैसे ही टैक्स से जुड़े ऐलान किए गए, तो अचानक बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी क्रैश हो गए। सेंसेक्स 1200 अंक तक फिसल गया। वहीं, निफ्टी में 400 अंकों की बड़ी गिरावट आई।

**शेयर बाजार में भारी उथल-पुथल जारी**

इधर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करना शुरू किया उधर 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स उछल गया। लेकिन, कुछ ही मिनटों में यह लाल निशान में फिसल गया और बाद में दोपहर के कारोबार के दौरान 1,266.17 अंक गिरकर 79,235.91 पर आ गया। हालांकि खबर लिखे जाते समय यह 134.58 यानी 0.17 फीसदी की गिरावट के साथ 80,367.50 पर कारोबार कर रहा था।

कुछ ऐसा ही रुख निफ्टी का भी रहा। जैसे ही वित्त मंत्री ने लोकसभा में अपना 7वां केंद्रीय बजट पेश करना शुरू किया,



सेंसेक्स 1200 अंक तक फिसल गया। वहीं, निफ्टी में 400 अंकों की बड़ी गिरावट आई

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी ऊंचे स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, जल्द ही अस्थिर रुझान आने लगे और बेंचमार्क बाद में 435.05 अंक गिरकर 24,074.20 पर पहुंच गया। खबर लिखे जाते समय यह 17 अंक यानी 0.07 फीसदी की मामूली गिरावट के साथ 24,492.25 अंक पर कारोबार कर रहा था।

**कैपिटल गेन टैक्स में इजाफे का ऐलान शेयर बाजार को रास नहीं आया**

शेयर बाजार में गिरावट की सबसे बड़ी वजह कैपिटल गेन टैक्स में इजाफा रहा। अपने बजट भाषण में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स और शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन टैक्स में इजाफा करने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि एक साल से कम के टेन्योर या होल्डिंग पीरियड के लिए शॉर्ट टर्म कैपिटल टैक्स को 15 फीसदी से बढ़ाकर 20 फीसदी कर दिया गया है और जिन निवेशकों की शेयरहोल्डिंग 1 साल यानी 12 महीने से ज्यादा है, उनके द्वारा शेयरों से हुई कमाई पर लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स 12.5 फीसदी का लगेगा। जबकि पहले इस पर 10 फीसदी टैक्स लगता था।


हालांकि आम बजट में वित्त मंत्री ने निवेशकों को एक राहत भी दी है। सीतारमण ने कुछ निश्चित एसेट्स को लेकर कैपिटल गेन एग्जम्पशन लिमिट यानी शेयर से हुई कमाई पर छूट की दर को बढ़ाकर 1.25 लाख रुपये सालाना कर दिया गया। पहले यह सीमा 1लाख रुपये सालाना थी।

शेयर बाजार में गिरावट की दूसरी वजह बढ़ाने का प्रस्ताव है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को वायदा और विकल्प कारोबार में प्रतिभूति लेनदेन कर की दर बढ़ाने का प्रस्ताव रखा।

## लंबी अवधि में शेयर बाजार में होगा ज्यादा फायदा एलटीसीजी छूट बढ़ी

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को बजट पेश किया। वित्त मंत्री ने बजट में एक तरफ सिक्योरिटी ट्रांजेक्शन टैक्स (एसटीटी) में बढ़ोतरी की तो दूसरी तरफ लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन पर मिलने वाली छूट में भी इजाफा किया। वित्त मंत्री की ओर से फ्यूचर और ऑप्शन पर लगने वाली सिक्योरिटी ट्रांजेक्शन टैक्स (एसटीटी) को बढ़ाकर 0.02 प्रतिशत और 0.1 प्रतिशत कर दिया गया है। डेरिवेटिव सेगमेंट में ऑप्शन को सेल पर विक्रेता की ओर से 0.0625 प्रतिशत एसटीटी अदा किया जाएगा। वहीं, इस पर 0.125 प्रतिशत एसटीटी ऑप्शन खरीदार की ओर से दिया जाएगा। फाइनेंस बिल के मुताबिक नई दरें एक अक्टूबर से लागू होंगी। वित्त मंत्री ने शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन (एसटीसीजी) टैक्स को 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया है। वहीं, लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन (एलटीसीजी) टैक्स को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 12.5 प्रतिशत कर दिया गया है।

## बिना इंटरनेट के वॉट्सऐप पर शेयर कर पाएंगे फाइल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऐपल डिवाइस में एयरड्रॉप फीचर दिया जाता है, जिसकी मदद से दो ऐपल डिवाइस के बीच बिना इंटरनेट के बड़ी सी बड़ी फाइल को ट्रांसफर किया जा सकता है। यह बेहद फास्ट प्रोसेस है। वैसे तो मार्केट में कई अन्य फीचर जैसे ब्लूटूथ मौजूद हैं, लेकिन इनकी स्पीड कम होती है। ऐसे में वॉट्सऐप भी ऐपल एयर ड्रॉप की तर्ज पर एक नया फीचर ला रहा है, जिसकी मदद से दो वॉट्सऐप यूजर्स बिना इंटरनेट की मदद से फाइल ट्रांसफर कर पाएंगे। टेस्टिंग एंड्रॉइड यूजर्स के लिए शुरू हो गई है।

**बिना इंटरनेट ट्रांसफर होगी फाइल**

यह फीचर एंड टू एंड एन्क्रिप्टेड होगी। इसमें बिना इंटरनेट कनेक्शन के फाइल एक डिवाइस से दूसरे में ट्रांसफर कर पाएंगे। हालांकि डिवाइस में लिमिटेशन होने की वजह से उन्हें फाइल ट्रांसफर के लिए एक क्यूआर कोड स्कैन करना होगा, जिसे एंड्रॉइड डिवाइस में दिया जाएगा। इस फीचर को लेटेस्ट वॉट्सऐप बीटा अपडेट में स्पॉट किया गया है। फिलहाल यह फीचर इंटरनल टेस्टिंग के लिए उपलब्ध है। यह फीचर आप पब्लिक के लिए कब उपलब्ध होगा, फिलहाल इस बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है।

**क्या होगा फायदा?**

मौजूदा वक्त में फाइल वॉट्सऐप से ट्रांसफर करने के लिए इंटरनेट की जरूरत होती है। हालांकि बिना इंटरनेट फाइल ट्रांसफर से यूजर्स को काफी राहत हो सकती है। खासतौर पर उन यूजर्स के लिए जिनके एरिया में नेटवर्क कवरेज की दिक्कत होती है।

**आ रहे ये फीचर्स**

वॉट्सऐप एक अन्य फीचर पर काम कर रहा है, जिसमें वॉट्सऐप अपने यूजर्स को प्रोफाइल के लिए यूजरनेम बनाने की छूट देगा। साधारण शब्दों में समझें, तो आपको चैटिंग, वॉइस कॉल और वीडियो कॉल के लिए मोबाइल नंबर साझा नहीं करना होगा।

## भारत के पास नवीकरणीय ऊर्जा, दूरसंचार में एफडीआई को आकर्षित करने की क्षमता : आर्थिक सर्वे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आर्थिक सर्वेक्षण 2023-2024 में कहा गया कि नवीकरणीय ऊर्जा जैसी ग्रीनफील्ड परियोजनाओं, दूरसंचार, सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर जैसी डिजिटल सेवाओं और परामर्श सेवाओं जैसे क्षेत्रों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को आकर्षित करने के लिए भारत के पास एक बेहतर बुनियादी ढांचा है। मध्यम अवधि में, भारत पश्चिम के साथ अपने वैल्यू चेन को एकीकृत करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, खासकर नवीकरणीय ऊर्जा, एआई, सेमीकंडक्टर और अगली पीढ़ी के दूरसंचार सहित उन्नत प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में। सर्वेक्षण में कहा गया है कि इस रणनीति को ऑस्ट्रेलिया-भारत मुक्त व्यापार समझौते और यूरोप-भारत स्वच्छ ऊर्जा पहल जैसी समझौतों के माध्यम से आगे बढ़ाया जा रहा है। सर्वेक्षण के अनुसार, "इसी का नतीजा है, इन क्षेत्रों के भीतर ट्रेडिंग पैटर्न विकसित होने लगे हैं। उदाहरण के लिए पर्यावरण के अनुकूल प्रौद्योगिकी जैसे सौर वॉटर हीटर, अपशिष्ट रीसाइक्लिंग उपकरण और पवन टर्बाइन का निर्यात संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ वित्त वर्ष 2020 में 199.2 मिलियन डॉलर के मुकाबले बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 326.9 मिलियन डॉलर हो गया है।" इसके अलावा, अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी अमेरिकी और यूरोपीय कंपनियों, जैसे फर्स्ट सोलर, वेस्टा और स्कैटेक ने ग्रीन टेक्नोलॉजी की बढ़ती मांग का लाभ उठाने के लिए भारत में अपने संयंत्र स्थापित किए हैं।


## हीरो सर्ज ईवी को मिला प्लैटिनम ए डिजाइन अवार्ड

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मोटरसाइकल और स्कूटर बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी हीरो मोटोकॉर्प को हीरो सर्ज ईवी के लिए प्रतिष्ठित प्लैटिनम ए डिजाइन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। अब आप सोच रहे होंगे कि सर्ज ईवी क्या है और इसे अवॉर्ड किसने दिया है। इसका जवाब यह है कि इस साल जनवरी में हीरो मोटोकॉर्प ने जयपुर में एक इवेंट के दौरान सर्ज एस32 ईवी को अनवील किया था और बाद में फरवरी 2024 में मोबिलिटी एक्सपो में इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। हीरो सर्ज ईवी एक ऐसी गाड़ी है, जो महज 3 मिनट में स्कूटर से 3-व्हीलर बन जाता है। हीरो मोटोकॉर्प ने अपनी सर्ज ईवी को ऐसे डिजाइन किया है कि यह स्कूटर के रूप में इस्तेमाल में आ सकती है और जरूरत पड़ने पर इसे तिपहिया वाहन की शक्ल देकर इससे बिजनेस भी किया जा सकता है।

**सिर्फ 3 बटन दबाकर बदल सकते हैं मोड्स**

हीरो सर्ज ईवी को प्रतिष्ठित प्लैटिनम ए डिजाइन अवॉर्ड वीइकल, मोबिलिटी एंड ट्रांसपोर्टेशन डिजाइन कैटिगरी में मिला है। सर्ज ईवी सिर्फ 3 मिनट में टू-व्हीलर से थ्री-व्हीलर में आसानी से बदल जाने की अनोखी क्षमता रखता है। वाहन के प्रकार को बदलने की पहल करने वाले सर्ज ईवी में एक इंटेलिजेंट यूजर इंटरफेस है, जो वाहन के टाइप के अनुसार ऑटोमैटिक तरीके से एडजस्ट हो जाता है। यूजर्स सिर्फ 3 बटनों का इस्तेमाल कर इसके मोड्स को आसानी से बदल सकते हैं।



**हीरो मोटोकॉर्प की खास पहल**

आपको बता दें कि हीरो मोटोकॉर्प ने सर्ज एस32 का विकास सिर्फ चार साल पहले शुरू हुआ था। यह काम हीरो मोटोकॉर्प के इन-हाउस इनक्यूबेशन सेंटर हीरो हैच में हुआ था।

# बजट 2024 : 'पूर्वोदय स्कीम' के जरिए चमकेगा झारखंड व पूर्वी भारत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय बजट में झारखंड और जनजातीय आबादी को लेकर महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण में 'पूर्वोदय' नामक योजना शुरू करने का ऐलान किया है, जिसके अंतर्गत झारखंड के अलावा बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश को शामिल किया गया है। इस योजना का लक्ष्य इन पांचों राज्यों में चहुंमुखी विकास को गति देने के लिए मानव संसाधन विकास, अवसंरचना और आर्थिक अवसरों का सृजन करना है, ताकि यह क्षेत्र विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में अग्रणी भूमिका निभाए।

बजट में आदिवासी समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान शुरू करने का ऐलान किया गया है। करीब 27 फीसदी जनजातीय आबादी वाले झारखंड के इस योजना से विशेष तौर पर लाभांवित होने की उम्मीद जताई जा रही है। यह योजना आदिवासी-बहुल गांवों और आकांक्षी जिलों में आदिवासी परिवारों को कवरेज देगा। इससे 63 हजार गांवों को कवर किया जाएगा, जिससे 5 करोड़ आदिवासियों को लाभ होगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समुदायों की आर्थिक-सामाजिक स्थिति में सुधार लाना होगा।

## संभावनाओं के नए द्वार खोलेगा यह बजट : संजय सेठ



रांची। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ ने वर्ष 2024- 25 के बजट को सराहा है। उन्होंने कहा आज का बजट विकसित भारत की प्रतिबद्धता को पूर्ण करने की दिशा में ऐतिहासिक है। यह बजट मध्यवर्गीय, किसान, महिलाएं और युवाओं को सशक्त बनाते हुए संभावनाओं के नए द्वार खोलेगा। बजट में किसान, मध्य वर्ग ,और युवाओं को बजट में बड़ी सौगात दी गई है। कृषि क्षेत्र में 1.52 लाख करोड़ रुपए दिए गए हैं। युवाओं के लिए रोजगार व कौशल प्रशिक्षण से जुड़ी पांच योजनाओं के लिए दो लाख करोड़ आवंटित किए गए हैं। 500 बड़ी कंपनियां में एक करोड़ युवाओं को इंटरंशिप के अवसर प्रदान किए जाएंगे। वहीं एक करोड़ छात्रों को 5000 रुपये मासिक भत्ता दिया जाएगा। हायर एजुकेशन के लिए 10 लाख तक लोन, कैंसर मरीजों को राहत देते हुए तीन दबाव पर सीमा शुल्क पूरी तरह हटाने का प्रस्ताव यह मध्य वर्ग के लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगा। वित्त मंत्री ने मध्यम वर्ग एवं गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले सभी लोगों का पूरा ख्याल रखा है। देश के चौमुखी विकास को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत 25000 ग्राम वासियों बस्तियों को मौसम के अनुकूल सड़क उपलब्ध कराना हो, आदिवासी समाज की समृद्धि मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के तहत आदिवासियों के आर्थिक और सामाजिक तौर पर सशक्त किया जाएगा। रक्षा के क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनता है यह बजट नवभारत की मजबूत नींब साबित होगा। समाज के हर वर्ग को सशक्त करने वाले इस बजट के लिए देश के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई।

## विकासोन्मुख ,युवा केंद्रित सर्व समावेशी बजट : बाबूलाल मरांडी



रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मोदी सरकार 3.0 के द्वारा सदन में प्रस्तुत पहले बजट की सराहना की। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई व शुभकामनाएं दी। श्री मरांडी ने कहा कि यह बजट सर्व समावेशी, युवा केंद्रित और विकासोन्मुख बजट है। उन्होंने कहा कि यह बजट विकसित भारत के संकल्पों को साकार करने वाला बजट है। यह बजट 140 करोड़ देशवासियों की आशा एवं आकांक्षाओं के अनुरूप समाज के सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास को भी गतिशीलता प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए यह बजट सुनहरा अवसर लेकर आया है। स्किल डेवलपमेंट के साथ-साथ 5 वर्षों में 4 करोड़ रोजगार की व्यवस्था देश के विकास में युवाओं की भूमिका को सुनिश्चित करेगा। कहा कि गरीब, युवा, अन्नदाता और महिला ये चार स्तंभों पर बजट आधारित है। साथ ही पूर्वोत्तर को विकास केंद्रित क्षेत्र जिसमे बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, असम प्रदेश शामिल हैं। पूर्वोत्तर के विकास को सुनिश्चित कर भारत में नया सवेरा लाने की दिशा में मोदी सरकार कार्य कर रही है।कहा कि सरकार ने मुद्रा लोन की सीमा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख की है, जिससे हमारे राज्य के गरीब आदिवासी भाइयों बहनों को बिना किसी गारंटर के सरलता से ऋण प्राप्त होगा।

## यह बजट युवा, गरीब, महिला व किसान सभी के लिए : अर्जुन मुंडा



रांची। पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने मंगलवार को कहा कि यह बजट विकसित भारत के चार स्तंभ युवा, गरीब, महिला और किसान सभी के सशक्तिकरण के लिए समर्पित है। यह बजट विकसित भारत के भविष्य निर्माण का बजट है। मुंडा ने कहा कि बजट में आदिवासियों की आर्थिक-सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की शुरूआत करने की घोषणा की गयी है। इसमें 11 लाख करोड़ रुपये से अधिक का पूंजीगत व्यय आवंटित किया गया है। उन्होंने कहा कि बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और पूर्वोत्तर के लिए घोषणाएं पूर्वी भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देंगी।

## दलित और आदिवासियों को धोखा देने वाला बजट : भाकपा

**रांची।** भाकपा के राज्य सचिव महेंद्र पाठक और जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि वित्त मंत्री के जरिये पेश किया गया आम बजट देश के नौजवानों, महिलाओं, किसानों, दलित और आदिवासियों को धोखा देने वाला है। दोनों संयुक्त रूप से बजट पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। दोनों नेताओं ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मिली शिकस्त के कारण और कई राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए बजट में सिर्फ घोषणाएं की गई है। पूरे देश में सबसे ज्यादा टैक्स देने वाले झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया गया। देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ और किसानों के सम्मान से खिलवाड़ किया गया है। आवश्यक दिनचर्या और खाद्य पदार्थों पर टैक्स में कोई छूट नहीं दी गई है। इसलिए यह आम बजट पूंजीवाद को फायदा और देश की 80 प्रतिशत जनता मजदूर छात्र नौजवान एवं विकास से वंचित लोगों पर बोझ डालने वाला बजट है। केंद्र सरकार ने पूंजीपतियों को ध्यान में रखकर बजट बनाया है, जो देश की 80 प्रतिशत जनता के हित में नहीं है।

## बजट आम लोगों के लिए नहीं बल्कि खास लोगों के लिए : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि वित्तमंत्री सीतारमण की ओर से पेश किया गया आम बजट आम लोगों के लिए नहीं, बल्कि खास लोगों के लिए बनाया गया है। उन्होंने कहा कि ये बजट प्रधानमंत्री की कुर्सी बचाओ या सत्ता बचाओ योजना के अंतर्गत आया है। ये बजट देश के लिए कतई नहीं है।

श्री भट्टाचार्य मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। सुप्रियो ने कहा कि इस बजट से ये जाहिर हुआ कि केंद्र सरकार अंदर से कितनी डरी हुई है। इस डर के कारण ही आंध्र प्रदेश पर खास ध्यान दिया गया है। साथ ही बिहार पर भी बजट को फोकस किया गया है। थोड़ा ध्यान ओडिशा पर भी ध्यान दिया गया है। इससे ऐसा लगता है कि बाकी 27 राज्य इस देश में है ही नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हालिया चुनावों को मुद्दाविहीन हो कर लड़ा। केवल सांप्रदायिक बातें की। उन्होंने कहा कि बजट भी उसी की झलक जैसा है। सुप्रियो ने कहा कि बजट में सबसे ऊपर एग्रीकल्चर सेक्टर आता है। इससे पहले के बजट में एग्रीकल्चर के लिए कुल राशि का 6.5 प्रतिशत हिस्सा हुआ करता था। आज ये घटकर 3.9 प्रतिशत पर आ गया है। बजट में एमएसपी की कोई चर्चा नहीं है, जो अत्यंत अहम सेक्टर है और जिससे पेट भरा जाता है, उस पर कोई बात नहीं हुई। केवल फल और सब्जी पर बात हुई। उन्होंने कहा कि बजट में दूसरा अहम मुद्दा रोजगार का होता है। उन्होंने कहा केंद्र ने कल आर्थिक सर्वेक्षण पेश करते हुए देश में बेरोजगारी दर को 3.2 प्रतिशत बताया लेकिन सरकार की ही एक सहयोगी संस्था है सीएमआईई। ये एजेंसी रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को भी रिपोर्ट करती है। इस एजेंसी का आकलन है कि देश में बेरोजगारी दर 9.2 तक पहुंच गयी है। ये एक बड़ा घालमेल है।

सुप्रियो ने कहा कि किसी नई नौकरी या सरकारी नौकरी की घोषणा तक नहीं हुई। उन्होंने कहा कि शिक्षा पर कोई बात ही नहीं हुई। हेल्थ पर कोई बात नहीं हुई। बात हुई तो इस पर कि इलाज महंगा होगा और सोना सस्ता होगा। लोगों को कहा गया कि अधिक से अधिक मोबाइल खरीदिये। क्योंकि, इसकी कीमत कम कर दी गयी है। महंगाई जैसे विषय पर कोई बात नहीं हुई। उन्होंने कहा कि ये बजट, बिना सोच समझ के और बिना सही विचार के साथ बनाया गया एक दस्तावेज मात्र है। इससे देश में बेरोजगारी बढ़ेगी। किसानों के समक्ष मुश्किलें बढ़ेंगी।



*सुप्रियो ने कहा, इस बजट से ये जाहिर हुआ कि केंद्र सरकार अंदर से कितनी डरी हुई है।*

## ग्रेफाइट माइनिंग में भी उतर रही है कोल इंडिया

**रांची।** कोयले, सौर ऊर्जा और गैसीकरण के बाद अब कोल इंडिया ग्रेफाइट माइनिंग में भी उतर रही है। सीएमपीडीआई से मिली जानकारी के अनुसार खान मंत्रालय के आदेश के बाद कंपनी को अब ग्रेफाइट के प्रॉस्पेक्टिंग और माइनिंग के लिए कंपोजिट लाइसेंस मिला है। हालांकि, यह लाइसेंस मध्य प्रदेश के अलीराजपुर में खट्टाली ग्रेफाइट ब्लॉक से संबंधित है। कोल इंडिया के बिजनेस डेवलपमेंट निदेशक देवाशीष नंदा ने बताया कि कोयले के अलावा यह हमारे लिए पहला मिनरल है। कोल इंडिया को राज्य सरकार को भेजे जाने वाले मिनरल की वैल्यू का 150.05 प्रतिशत माइनिंग प्रीमियम देना होता है। कोल इंडिया ने शेयर बाजार को बताया है कि कंपोजिट लाइसेंस की समय सीमा एक वर्ष और माइनिंग लीज तीन साल के लिए है। केंद्र सरकार के आत्मनिर्भरता विजन के अनुसार कोल इंडिया ने ग्लोबल और भारत के अंदर अहम खनिजों पर फोकस करने के लिए एक स्पेशल टीम बनाई है। ग्रेफाइट का इस्तेमाल बैटरी के अलावा कई एप्लिकेशन में होता है। भारत में ईवी को बढ़ावा दिए जाने के बीच यह फोकस में है। देवाशीष नंदा ने बताया कि प्रोजेक्ट के लिए पूंजीगत व्यय का अनुमान लगाना अभी जल्दबाजी होगी।

## समग्र विकास के लिए परिवर्तनकारी पहल : बाउरी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि झारखंड के हिस्से में कई योजनाओं की सौगात मिली है। बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्वोदय योजना ला रही है। इसके अंतर्गत इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए विशेष स्कीम। कहा कि इन क्षेत्रों में सरकार औद्योगिक गलियारे का भरपूर हर तरीके से समर्थन व सहयोग करेगी। कहा झारखंड के आदिवासी बहुल गांव होंगे लाभान्वित आदिवासियों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए ₹प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान शुरू होगा। योजना आदिवासी-बहुल गांवों-आकांक्षी जिलों में आदिवासी परिवारों के लिए संतृप्ति कवरेज को अपनाएगी। इससे 63,000 गांवों को कवर किया जाएगा जिससे 5 करोड़ आदिवासी लोगों को लाभ होगा। कहा कि झारखंड के दूरदराज के गावों को जोड़ा जाएगा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण की शुरूआत की जाएगी, जिसके तहत देश भर के 25,000 ग्रामीण बस्तियों को सभी मौसमों के अनुकूल सड़कें उपलब्ध कराई जाएंगी।झारखंड में आवास की मांग करने वाले गरीबों व मध्यम वर्गीय परिवारों को मिलेगा बड़ा लाभ होगा।पीएम आवास योजना के तहत पूरे देश में तीन करोड़ अतिरिक्त घर बनाए जाएंगे। बिजली बिल आपका शून्य हो इस तरफ आगे बढ़ी केंद्र सरकार बढ़ चुकी है। देश के 1 करोड़ घरों के लिए छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई। झारखंड समेत देश के युवाओं के लिए ऐतिहासिक फैसला मोदी सरकार 5 वर्षों में 500 शीर्ष कंपनियों में 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करेगी।

योजना में भाग लेने वालों को 5000 रुपये का मासिक भत्ता मिलेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2 लाख करोड़ रुपये के केंद्रीय परिव्यय के साथ 5 वर्षों में 4.1 करोड़ युवाओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 5 योजनाओं की घोषणा की।

आज झारखंड भाजपा प्रदेश कार्यालय में आर्थिक प्रकोष्ठ द्वारा विभिन्न क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ बजट भाषण को सुना गया। जिसमे मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता विधायक सीपी सिंह शामिल हुए। उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुआ कहा कि यह बजट कल्याणकारी बजट है जिसमे सबका साथ और सबका विकास पर जोर दिया गया है।


### कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।

Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।

ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 02/2024-25

विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक– 25.07.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)
ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक– 25.07.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक– 01.08.2024 (अपराह्न 5:00 बजे तक)
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक– 03.08.2024 (पूर्वाह्न 11:00 बजे)
निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | निविदा शुल्क (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 4 | 7 | 8 | |
| 1 | पाटन | हिसरा बरवाडीह | गहरा पथरा | ग्राम गहर पथरा में जनसु मिस्त्री के घर से सुरेश सिंह के हाता तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 4872000.00 | 97500.00 | 5000.00 | 3 माह | DE/ZP/PALAMU-02/2024-25/GR-1 |
| 2 | पाटन | केल्हार | केल्हार | ग्राम केल्हार में किशाण राम के घर से जैनुल सिदि्दकी के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2290000.00 | 49000.00 | 5000.00 | 3 माह | DE/ZP/PALAMU-02/2024-25/GR-2 |
| 3 | पाटन | शोले | निमियां | ग्राम निमियां में नहर से निमियां बस्ती तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2497000.00 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह | DE/ZP/PALAMU-02/2024-25/GR-3 |

नोट–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में तृतीय अथवा उससे उच्चतर श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्तें www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।

PR 330431 District(24-25)D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा।

13 वें वित्त आयोग योजना मद

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/02/2024-25_RE(2nd Call)

1. विज्ञापनदाता का नामः कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल सं0–02, गढ़वा।
2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –25.07.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–25.07.2024 से दिनांक–02.08.2024 को 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–03.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8002373581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

| क्र0 | अंचल का नाम | परियोजना का नाम | आँगनबाडी केन्द्र का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र राशि | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | समुह संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा | गढ़वा | संग्रहेकला–1, दरमी–1, बेलचम्पा–3, बेलचम्पा–4, मेढ़नाकला कुल 05 ई0 | 55,41,000.00 | 10000.00 | 1,11,000.00 | 06 माह | Group-01 |
| 2 | गढ़वा | गढ़वा | फरठिया–5 तेलीययाही टोला फरठिया, महुलिया–3 जाटा–3 ढ़ोंटी–2 कुल 05 ई0 | 55,41,000.00 | 10000.00 | 1,11,000.00 | 06 माह | Group-02 |
| 3 | गढ़वा | गढ़वा | अचला–2 नवादा–4 बघमनवा बिशुनपुर चिरौंजिया–3 कुल 05 ई0 | 55,41,000.00 | 10000.00 | 1,11,000.00 | 06 माह | Group-03 |
| 4 | गढ़वा | गढ़वा | ओबरा–1 ओबरा–2 ओबरा–3 खोनहर बनपुरवा कुल 05 ई0 | 55,41,000.00 | 10000.00 | 1,11,000.00 | 06 माह | Group-04 |
| 5 | डण्डई | मेराल | गयाडीह बैलाझखड़ा लवाही कला प0, लवाही कला पूर्वी, हुकवा पत्थर लवाहीकला, पचौर पूर्व कुल 05 ई0 | 55,41,000.00 | 10000.00 | 1,11,000.00 | 06 माह | Group-06 |
| 6 | डण्डई | मेराल | बालेखांड, बिचलाटोला रारो, उतर टोला रारो, पारदोहर रारो, तुम्बिया आदि0 टोला रारो कुल 05 ई0 | 55,41,000.00 | 10000.00 | 1,11,000.00 | 06 माह | Group-07 |
| 7 | डण्डई | मेराल | रारो पश्चिम कोरवा टोला, भुईया टोला करके करके दक्षिणटोला करके दामर टोला आबादगंज कुल 05 ई0 | 55,41,000.00 | 10000.00 | 1,11,000.00 | 06 माह | Group-08 |
| 8 | मेराल | मेराल | मधुरी टोला मेराल दिलबोध टोला मेराल, मुडलटोला मेराल, चरका पत्थर मस्जिदटोला करकोमा चतरी टोला कुल 05 ई0 | 55,41,000.00 | 10000.00 | 1,11,000.00 | 06 माह | Group-09 |
| 9 | मेराल | मेराल | रेजो कहार टोला रेजो धोबी टोला, पुरबारा बेला बाना लोवादाग, सिकनी कुल 05 ई0 | 55,41,000.00 | 10000.00 | 1,11,000.00 | 06 माह | Group-10 |
| 10 | मेराल | मेराल | सोहबरिया मध्य चौ. टोला, चटनाही टोला सोहबरिया, बिच हरि0 टोला चामा, सलमनवा टोला चामा, हरि0 टोला–2 दुलदुलवा कुल 05 ई0 | 55,41,000.00 | 10000.00 | 1,11,000.00 | 06 माह | Group-11 |
| 11 | धुरकी, सगमा | धुरकी | बरसोती गनियारी कला, गनियारी कुड़ेसवा सगमा पूर्व, कटहर खुर्द कुल 05 ई0 | 55,41,000.00 | 10000.00 | 1,11,000.00 | 06 माह | Group-14 |
| 12 | बरडीहा | मझिआंव | पृथ्वीपुर, मझिगांवा, धरुवा खुर्द, तलसबरिया, अधौरा मु0टोला कुल 05 ई0 | 55,41,000.00 | 10000.00 | 1,11,000.00 | 06 माह | Group-15 |
| 13 | खरौंधी, केतार | भवनाथपुर | सुंडी, सुंडी बहेरवा टोला झिलियाही टोला चेचरिया, छाताकुंड, बीजडीह–1, चाँदडीह कुल 06 ई0 | 66,49,200.00 | 10000.00 | 1,33,000.00 | 06 माह | Group-16 |
| 14 | सगमा | धुरकी | सोनडीहा उतर, सोनडीहा दक्षिण, सोनडीहा मध्य, घघरी उतर, घघरी मध्य, दुसैया कुल 06 ई0 | 66,49,200.00 | 10000.00 | 1,33,000.00 | 06 माह | Group-18 |

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा।

PR 330416 (Rural Development) 24-25 (D)



### झारखण्ड, सरकार
### कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग), जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा।

पशुपालकों के लिए आम सूचना

संशोधित

PR329540 Agriculture, Animal Husbandry And Co-Oprative Department (24-25) D द्वारा विज्ञापित आम सूचना निदेशानुसार निम्नवत् संशोधित किया जाता है :–

वित्तीय वर्ष 2024–25 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत विभागीय राज्यादेश संख्या– 14, दिनांकः–01.07.2024 के द्वारा निर्धारित लक्ष्य के आलोक में गव्य विकास की योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए गढ़वा जिला के ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक कृषकों/पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि संबंधित प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय से कार्यालय अवधि में योजना–वार विहित आवेदन प्रपत्र प्राप्त कर पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र दिनांकः– 31.07.2024 तक ग्राम सभा की अनुशंसा प्राप्त कर उसकी कार्यवाही की छायाप्रति के साथ पूर्ण विवरण सहित संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय, गढ़वा जिला में ससमय जमा करना सुनिश्चित करेंगे ताकि प्रखण्ड स्तरीय समिति की अनुशंसा निर्धारित समय पर प्राप्त की जा सके। पूर्व के विज्ञापन की शेश कंडिकाएं यथावत् रहेगी।

निवेदक
जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
गढ़वा ।

PR 330432 (Animal Husbandry) 24-25 (D)



### e-Procurement Cell
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department, Building Division, Daltonganj,

**e-Procurement Notice**
**(Short Notice)**

Tender Ref. No.-06/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2024-25-Date: 22.07.2024

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Renovation, Repair & Beautification of Daltonganj Circuit House, Daltonganj, Jharkhand | Rs. 74,53,400.00 | 06 Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 07-08-2024 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 14-08-2024 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iv | निविदा खोलने की तिथि/समय | 16-08-2024 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| v | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Daltonganj | |
| vi | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9430783582 | |
| vii | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9529503499 | |

- इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

*Note : New Updated UCAN Registration is mandatory for all Bidders.*

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Daltonganj

PR 330388 (Building) 24-25 (D)


KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



## ब्रिफ न्यूज

### कनाडा के हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ लिखे भारत-विरोधी नारे

**नई दिल्ली।** कनाडा में अल्बर्ट राज्य की राजधानी एडमोंटन में एक हिंदू मंदिर को निशाना बनाया गया। मंदिर में तोड़फोड़ की गई और भारत विरोधी नारे भी लिखे गए। यह घटना कनाडा में हिंदू मंदिरों पर हाल ही में हुए हमलों की श्रृंखला में शामिल हो गई है। कनाडा के सांसद चंद्र आर्य ने बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में की गई तोड़फोड़ पर चिंता जताई। उन्होंने एक्स प्लेटफॉर्म पर अपने पोस्ट में लिखा, "पिछले कुछ सालों के दौरान ग्रेटर टोरंटो एरिया, ब्रिटिश कोलंबिया और कनाडा के अन्य स्थानों पर हिंदू मंदिरों में भारत विरोधी नारे के साथ तोड़फोड़ की जा रही है।"




### परमाणु ऊर्जा संयंत्र के पास से छह रूसी व 3 अन्य हिरासत में

**चेन्नई।** तमिलनाडु में कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र क्षेत्र के पास घूम रहे छह रूसी नागरिकों और तीन भारतीयों को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने आईएएनएस को बताया कि स्थानीय लोगों ने संयंत्र क्षेत्र के आसपास विदेशियों की मौजूदगी की सूचना दी। इसके बाद उन्हें सोमवार शाम को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने एक महिला समेत छह रूसियों के अलावा, तमिलनाडु के दो मूल निवासी और एक केरल के तिरुवनंतपुरम निवासी को भी हिरासत में लिया। तमिलनाडु पुलिस के सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों ने हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है।



### इजरायली-अमेरिकी बंधकों के परिवारों से मिले नेतन्याहू

**नई दिल्ली।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिका की यात्रा पर हैं। वाशिंगटन में उन्होंने मंगलवार को उन परिवार वालों से मुलाकात की जिनके सदस्य हमास की हिरासत में गाजा में हैं। मुलाकात के बाद नेतन्याहू ने कहा, रमैं आवश्यक मानवीय उद्देश्य और बंधकों को वापस लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा हूं। मैं इजरायल के अस्तित्व को भी बचाए रखूंगा।" उन्होंने कहा, "हमास पर जीत जरूरी है। अगर हम इस लड़ाई में हार मान लेते हैं तो हम खतरे में पड़ जाएंगे, हमारा अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा।" इस मुलाकात में इजरायली प्रधानमंत्री के साथ वाशिंगटन जाने वाले बंधकों के परिवारों के कई सदस्य शामिल थे।



# दोबारा नहीं होगी नीट यूजी परीक्षा : एससी

▶ साबित नहीं हुई बड़ी गड़बड़ी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नीट-यूजी पेपर लीक केस में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा आदेश दिया है। अदालत ने कहा कि यह परीक्षा दोबारा नहीं कराई जा सकती क्योंकि बड़ी गड़बड़ी साबित नहीं हो सकी है। कोर्ट ने कहा कि फिर से परीक्षा कराना ठीक नहीं होगा और यह 24 लाख छात्रों के भविष्य का मामला है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अदालत ने कहा कि इस मामले में व्यवस्थागत खामी की बात साबित नहीं होती है। इसलिए दोबारा से परीक्षा कराने का आदेश नहीं दिया जा सकता।

अदालत ने कहा, 'फिर से एग्जाम कराने का आदेश देना 24 लाख बच्चों के लिए मुश्किल भरा होगा, जिन्होंने परीक्षा दी थी। इससे एडमिशन का शेड्यूल भी बाधित होगा। इसके अलावा मेडिकल एजुकेशन पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा। यही नहीं इसका असर भविष्य में योग्य मेडिकल प्रोफेशनल्स की कमी के तौर पर भी दिख सकता है। इसके अलावा यह उन वंचित लोगों के लिए गंभीर चिंता का विषय होगा, जिन्हें सीटों पर आरक्षण मिला था।' इसके अलावा एक विवाद परीक्षा में आए एक प्रश्न पर भी था। इसके दो सही जवाब बताए जा रहे थे।

ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने आईआईटी दिल्ली को एक्सपर्ट कमेटी गठित करने को कहा था। उस कमेटी ने सवाल के दो जवाबों पर पैदा हुए भ्रम पर कहा था कि चौथा विकल्प ही सही है। अब सुप्रीम कोर्ट ने इस पर कहा कि एनटीए इस विकल्प के आधार पर रिजल्ट का फिर से मिलान कर लेगा। अदालत ने कहा कि एनटीए ने 1563 छात्रों की दोबारा परीक्षा भी कराई थी। उन लोगों को विकल्प मिला था कि ग्रेस मार्क्स नहीं मिलेंगे और यदि वे चाहें तो दोबारा परीक्षा दे सकते हैं। यह भी विकल्प था कि जो बिना ग्रेस मार्क्स के ही मेरिट का हिस्सा बनना चाहते हैं, वे चाहें तो परीक्षा न भी दें।

### कल से शुरू हो जाएगी नीट की काउंसिलिंग



कोर्ट के इस आदेश के बाद अब कल से नीट यूजी की काउंसिलिंग शुरू हो जाएगी। अदालत ने कहा कि पेपर लीक की बात हजारीबाग में ही साबित हो पाई है। इस मामले में व्यवस्थागत लीक की बात साबित नहीं हो सकी है। ऐसे में परीक्षा को रद्द करने की मांग सही नहीं है। बेंच ने कहा कि अब तक 155 छात्रों को ही लीक से फायदा होने की आशंका है। ऐसे में बड़े पैमाने पर छात्रों के भविष्य को अधर में नहीं लटका सकते।

### चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने नीट पर जजमेंट देते हुए कहा-

- नीट यूजी पेपर लीक 2024 पर कोई विवाद नहीं है।
- जांच सीबीआई को सौंपे जाने के बाद 10 जुलाई, 17 जुलाई और 21 जुलाई 2024 को सीबीआई ने 6 रिपोर्ट फाइल की।
- बताई गई जानकारी के अनुसार जांच चल रही है। सीबीआई का कहना है कि करीब 155 स्टूडेंट्स को हजारीबाग और पटना के एग्जाम सेंटर्स से पकड़ा गया जिन्हें इस फजीवड़े का फायदा मिल रहा था।
- पूरा नीट एग्जाम कैंसिल करने से मना करते हुए कहा कि- ऐसा कोई सबूत नहीं है जो ये बताए कि पूरी परीक्षा की पवित्रता के साथ समझौता हुआ।
- इस समय ऐसा कोई प्रमाण नहीं है जो ये साबित करे कि नीट रिजल्ट में धांधली हुई या परीक्षा की शुचिता में कोई सिस्टमेटिक चूक हुई या व्यापक गड़बड़ी हुई।

# आईएएस अकादमी के पास पूजा की कोई जानकारी नहीं

एजेंसी



मुंबई। महाराष्ट्र 2023 कैडर की ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) से जारी नोटिस के अंतिम दिन (मंगलवार को) मसूरी स्थित संस्थान के पास उनके ठिकाने के बारे में कोई जानकारी नहीं है। एलबीएसएनएए ने 16 जुलाई को महाराष्ट्र सरकार को आदेश दिया था कि वह विवादास्पद ट्रेनी आईएएस को वाशिम कलेक्टरेट में 'सुपर न्यूमरेरी असिस्टेंट कलेक्टर' के रूप में उनके क्षेत्रीय कार्यभार से तत्काल मुक्त करें और पूजा खेडकर को आगे की जरूरी कार्रवाई के लिए 23 जुलाई तक अकादमी में वापस रिपोर्ट करने का निर्देश दिया था। पूजा खेडकर (32) बीते शुक्रवार को वाशिम से पुणे पुलिस के पास अपना बयान दर्ज कराने के लिए निकली थीं, ताकि वह पुणे के कलेक्टर सुहास दिवसे के खिलाफ लगाए गए उत्पीड़न के आरोपों पर अपना बयान दर्ज करा सकें। कलेक्टर ने जुलाई के दूसरे सप्ताह में उनका पुणे कलेक्टरेट से वाशिम तबादला करने का आदेश दिया था। ट्रेनी आईएएस ने वाशिम कलेक्टरेट को रिपोर्ट किया था और 11 जुलाई को सहायक कलेक्टर के रूप में कार्यभार संभाला था।

# सीतारमण ने लगातार 7वीं बार पेश किया बजट, मोरारजी देसाई का तोड़ा रिकॉर्ड

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार सातवीं बार संसद में बजट पेश किया। ऐसा करने वाली वो देश की पहली वित्त मंत्री बन गई है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री मोरारजी देसाई का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मोरारजी देसाई ने साल 1959 से 1964 के बीच पांच पूर्ण बजट समेत एक अंतरिम बजट पेश किया था। पूर्व वित्त मंत्री ने कुल दस बजट भाषण दिए थे। मोरारजी देसाई के बाद पी. चिदंबरम ने 9 और प्रणब मुखर्जी ने 8 बार बजट पेश किया था। निर्मला सीतारमण पहली वित्त मंत्री हैं, जिन्होंने सात बार लगातार बजट पेश किया है। इससे पहले उन्होंने इसी साल फरवरी में अंतरिम बजट पेश किया था। बजट पर सबसे लंबा भाषण देने का रिकॉर्ड भी निर्मला सीतारमण के ही नाम पर है। उन्होंने 1 फरवरी, 2020 को अब तक सबसे लंबा बजट भाषण दिया था, जो दो घंटे और 40 मिनट तक चला था।

### बजट पेश करने के लिए पहनी खास कलर की साड़ी

बजट भाषण के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के लुक को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा हो रही है। दरअसल हर बार की तरह वित्त मंत्री ने अपने सातवें बजट के लिए बेहद ही खास लुक चुना है। इस बार उन्होंने ऑफ व्हाइट कलर की साड़ी पहनी है। साड़ी का बॉर्डर मैजेंटा और गोल्डन कलर से बना हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने ब्लाउज भी मैजेंटा कलर की पहनी है।



# बजट से सहयोगियों को खुश करने की कोशिश : कांग्रेस

## कांग्रेस के न्याय को ठीक तरह से कॉपी भी नहीं कर पाया मोदी सरकार का नकलची बजट



एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आम बजट को लेकर अपनी पहली प्रतिक्रिया दी। उन्होंने केंद्र के आम बजट को 'कुर्सी बचाओ बजट' बताया। इसके साथ ही उन्होंने सरकार के बजट को 'कॉपी पेस्ट' भी कहा। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "कुर्सी बचाओ बजट। सहयोगियों को खुश करने की कोशिश की गई है। अन्य राज्यों की कीमत पर उनसे खोखले वादे किए गए। इसमें आम भारतीय को कोई राहत नहीं दी गई।" उन्होंने बजट को कांग्रेस के घोषणापत्र और पिछले बजट का कॉपी पेस्ट भी बताया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सकार के बजट पर निशाना साधते हुए लिखा, "कांग्रेस के न्याय के एजेंडे को ठीक तरह से कॉपी भी नहीं कर पाया मोदी सरकार का नकलची बजट। मोदी सरकार का बजट अपने गठबंधन के साथियों को ठगने के लिए आधी-अधूरी रेवड़ियां बांट रहा है, ताकि एनडीए बची रहे। ये 'देश की तरक्की' का बजट नहीं, मोदी सरकार बचाओ बजट है। 10 साल बाद उन युवाओं के लिए सीमित घोषणाएं हुईं हैं, जो सालाना दो करोड़ नौकरियों के जुमले को झेल रहे हैं। किसानों के लिए केवल सतही बातें हुईं हैं, डेढ़ गुना एमएसपी और आय दोगुना करना - सब चुनावी धोखेबाजी निकली।"

उन्होंने लिखा, "ग्रामीण वेतन को बढ़ाने का इस सरकार का कोई इरादा नहीं है। दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यक, माध्यम वर्ग और गांव-गरीब लोगों के लिए कोई भी क्रांतिकारी योजना नहीं है, जैसी कांग्रेस-यूपीए ने लागू की थी। 'गरीब' शब्द केवल स्वयं की ब्रांडिंग करने का जरिया बन गया है, ठोस कुछ भी नहीं है। महिलाओं के लिए इस बजट में ऐसा कुछ नहीं है, जिससे उनकी आर्थिक क्षमता बढ़े और वो वर्कफोर्स में अधिक से अधिक शामिल हों। उल्टा महंगाई पर सरकार अपनी पीठ थपथपा रही है, जनता की गाढ़ी कमाई लूटकर वो पूंजीपति मित्रों में बांट रही है।"

### चिदंबरम ने कहा, खुशी है कि वित्त मंत्री ने कांग्रेस का घोषणापत्र पढ़ा



पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि वित्त मंत्री ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए जारी कांग्रेस का घोषणापत्र पढ़ा है। पूर्व वित्त मंत्री ने एक्स पर लिखा, मुझे यह जानकर खुशी हुई कि माननीय वित्त मंत्री ने चुनाव परिणाम के बाद कांग्रेस का घोषणापत्र 2024 पढ़ा। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की भी खुशी है कि वित्त मंत्री ने रोजगार से जुड़े प्रोत्साहन (ईएलआई) को अपना लिया है, जो कांग्रेस के घोषणापत्र के पेज नंबर 30 पर है।

### बजट में मिले तोहफे से गदगद चंद्रबाबू नायडू, पीएम को दिया धन्यवाद



अप्र के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने मंगलवार को केंद्रीय बजट 2024-25 में की गई घोषणाओं के लिए पीएम और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद दिया। सीएम का कहना है कि इससे आंध्र प्रदेश के पुनर्निर्माण में काफी मदद मिलेगी। चंद्रबाबू ने एक्स पर लिखा, केंद्र से यह सहायता आंध्र प्रदेश के पुनर्निर्माण में बहुत मददगार साबित होगी। मैं इस प्रगतिशील और आत्मविश्वास बढ़ाने वाले बजट की प्रस्तुति के लिए आपको बधाई देता हूं।

### सीएम धामी ने कहा, विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेगा बजट



केंद्रीय वित्त मंत्री मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश करेंगी। मोदी सरकार 3.0 के पहले बजट को लेकर लोकसभा स्पीकर और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रतिक्रिया आई है। धामी ने कहा कि यह बजट विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेगा। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने एक्स पर लिखा, वित्त मंत्री मंगलवार की सुबह 11 बजे लोकसभा में बजट पेश करेंगी। बजट का सीधा प्रसारण संसद टीवी पर देखा जा सकता है।

## एजुकेशन/करियर

# एमबीए रूरल मैनेजमेंट में बना सकते हैं अपना करियर

**रजनीश। एमबीए रूरल मैनेजमेंट में पढ़ाई आपको एग्रीकल्चर की फीडल के साथ साथ रूरल सेक्टर के प्रिंसिपल्स, प्लानिंग और उससे जुड़े आस्पेक्ट्स से रूबरू कराती है। यह दो साल का पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स है जो स्टूडेंट्स को मुख्य रूप से रूरल और एग्रीकल्चर सेक्टर में आने वाली चीजों को प्लान, ऑर्गनाइज करना सिखाता है। इस कोर्स में आप एंट्रेंस एग्जाम के थरु एडमिशन ले सकते हैं। एंट्रेंस एग्जाम की बात करें तो उनमें सीएटी, मेट, जीएमएटी, जेट, जैसे टेस्ट्स शामिल होंगे। इन टेस्ट्स में आपको कम से कम 50% मार्क्स लाने आवश्यक होंगे।**

## एमबीए रूरल मैनेजमेंट

एमबीए रूरल मैनेजमेंट कोर्स आपको रूरल डेवलपमेंट और इस फील्ड में मिलने वाली कई बेहतरीन नौकरियों के विकल्पों के लिए तैयार करता है। मास्टर्स डिग्री होने के कारण आपके लिए इस फील्ड के दरवाजे और मिलने वाले ऑप्शंस की संख्या बढ़ जाती है।

एमबीए रूरल मैनेजमेंट का सिलेबस आपको फर्म और कंपनी में आने वाली मुश्किलों के लिए ज्ञान देता है जो आपको प्रॉब्लम सॉल्विंग के लिए रेडी करता है। इस सिलेबस में रूरल इंडस्ट्री के एकाउंट्स, फाइनेंशियल मैनेजमेंट, लीडरशिप स्किल्स और मार्केटिंग नॉलेज शामिल हैं।

यह आपको आपकी फील्ड में करियर ट्रांसफॉर्मेशन का मौका देता है। एक प्रोफेशनल कोर्स होने के साथ साथ एडवांस्ड नॉलेज की मौजूदगी इस कोर्स को आपका करियर बूस्टर बना सकती है।

इस कोर्स में प्रोजेक्ट्स, असाइनमेंट और केस स्टडीज आपको असली दुनिया में सही तरीका अपनाने और प्रैक्टिकल तरीके से सिचुएशन को हैंडल करने के लिए तैयार करती है।



### करियर स्कोप

एमबीए रूरल मैनेजमेंट के बाद अगर आप आगे पढ़ाई का प्लान कर रहे हैं और बेहतर एजुकेशन चाहते हैं तो आप पीएचडी कोर्सेज की तरफ कदम बढ़ा सकते हैं। पीएचडी में आप अपनी पसंद की स्पेशलाइजेशन को चुन सकते हैं और आगे बढ़ सकते हैं। पीएचडी के लिए आपके पास कम से कम 2 साल की पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री आवश्यक है इसके आलावा अगर अब्रॉड से अपनी पीएचडी करने का प्लान कर रहे हैं तो इन टेस्ट्स में आपको कुछ बदलाव देखने को मिल सकते हैं। यह बदलाव आप अपनी चुनी गई यूनिवर्सिटी के हिसाब से भी देख पाएंगे।

### विदेशों में भी होती है इसकी पढ़ाई



### भारत में एमबीए रूरल मैनेजमेंट के लिए संस्थान

- यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली, फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ हैल्थ मैनेजमेंट एंड रिसर्च
- जमनालाल बजाज इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज
- **क्राइस्ट यूनिवर्सिटी**
- डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज आईआईटी दिल्ली
- सिम्बायोसिस इंस्टिट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट
- डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
- सिम्बायोसिस इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज
- भारतीदासन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट
- **डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट**
- इंटरनेशनल स्कूल ऑफ बिजनेस एंड रिसर्च
- मोतीलाल नेहरू नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
- फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी
- कोचिन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी
- डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट साइंस, सावित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी
- अमृता स्कूल ऑफ बिजनेस
- फ्लेम यूनिवर्सिटी